

दुष्कर्म के दोषी सेंगर की जमानत के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पर प्रदर्शन - 7



वैश्विक प्रतिबंधों के दबाव में अगरबत्ती में कीटनाशकों के इस्तेमाल पर रोक - 10



नाइजीरिया में आईएसआईएस पर अमेरिकी हमला, मारे गए आतंकी - 11



विजय हजारे ट्रॉफी में रिंकू सिंह ने 56 गेंदों में जड़ा शतक - 12

आज का मौसम
19.0° अधिकतम तापमान
09.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.03
सूर्यास्त 05.24


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष शुक्ल पक्ष सप्तमी 01:10 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 27 दिसंबर 2025, वर्ष 35, अंक 327, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## 450 करोड़ की धोखाधड़ी में आरोपी एमडी गिरफ्तार

- ईओडब्ल्यू ने दिल्ली में दबोचा काफी समय से चल रहा था फरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


**अमृत विचार :** प्रदेशीय इंडस्ट्रियल एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन ऑफ यूपी (पिकप) से ऋण लेकर ब्याज सहित 450 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि की अदायगी न करने के मामले में आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) उप्र को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी कंपनी निदेशक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है।

ईओडब्ल्यू मुख्यालय लखनऊ के अनुसार, पिकप से ऋण लेकर भुगतान न करने के मामलों में थाना गोमतीनगर, लखनऊ में कुल 10 मुकदमे दर्ज किए गए थे। शासन के आदेश पर इन सभी मामलों की विवेचना ईओडब्ल्यू को सौंपी गई थी। इन्हीं में से एक मुकदमा वर्ष 2004 में दर्ज हुआ था।

**गिरफ्तारी से बचता रहा :** आरोपी लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे थे। अंततः ईओडब्ल्यू लखनऊ टीम ने 24 दिसंबर को दिल्ली के सैनिक फार्म क्षेत्र स्थित 81, सेंट्रल एवेन्यू, खानपुर (थाना नेब सराय) से उसे गिरफ्तार कर लिया।

## यूपी की मतदाता सूची से कट सकते हैं 2.89 करोड़ के नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- रात्रि 12 बजे तक चलती रही ऑनलाइन गणना की कवायद, फाइनल आंकड़ा आज आएगा सामने
- लाखों पुराने मतदाताओं को भेजी जाएगी नोटिस, 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 18.70 प्रतिशत के नाम हटना संभव

**अमृत विचार :** यूपी में मतदाता सूची के चल रहे एसआईआर अभियान में कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 2.89 करोड़ के नाम कटने अब तय माने जा रहे हैं। यह कुल मतदाताओं का 18.70% है। यह ऐसे मतदाता होंगे जो अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत व डुप्लीकेट श्रेणी में शामिल हैं। शुक्रवार को एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि खत्म हो गई है। हालांकि ऑनलाइन प्रक्रिया रात्रि 12 बजे तक चलती रही और फाइनल आंकड़ा शनिवार को ही सामने आना संभव है।

31 दिसंबर को अब मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा। जिन जिलों में सबसे अधिक नाम कट रहे हैं उनमें लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, कानपुर, आगरा व बरेली आदि शामिल हैं। वहीं, मतदाता सूची में दर्ज 1.11 करोड़ मतदाताओं के रिकार्ड नहीं मिल रहे हैं। वर्ष 2003 की मतदाता सूची में न तो इनके और न ही इनके माता-पिता या बाबा-दादी के नाम मिले हैं। यह कुल मतदाताओं का करीब सात प्रतिशत हैं। ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद इन्हें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) नोटिस देंगे। ऐसे में इन्हें भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनुमन्य 12 प्रमाण पत्रों में से एक देना होगा। आधार कार्ड अकेले मान्य नहीं होगा, इसके साथ कोई दूसरा प्रमाण पत्र भी लगाना होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि खत्म हो गई है। अब ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इसके बाद 31 दिसंबर से 30 जनवरी तक दावे व आपत्तियां ली जाएंगी। इसी तरह 31 दिसंबर से 21 फरवरी तक उन मतदाताओं को नोटिस दिए जाएंगे, जिनके रिकार्ड नहीं मिल पाए हैं। दावे व आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 28 फरवरी को होगा। उन्होंने बताया कि जिनका नाम वर्ष 2025 की मतदाता सूची में नहीं है, वह फार्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। जिनके पास गणना प्रपत्र आया था लेकिन वह किन्हीं कारणों से भर नहीं सके तो वे भी फार्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं।

### इन श्रेणियों में मिले लिस्ट से हटने वाले

- मृत– 46 लाख
- स्थानांतरित– 1.26 करोड़
- अनुपस्थित– 83.73 लाख
- डुप्लीकेट– 23.70 लाख
- फार्म न जमा करने वाले– 9.57 लाख

### लखनऊ में 12.37 लाख के नाम कटना संभव

**लखनऊ।** एसआईआर के दौरान राजधानी में 4.57 लाख मतदाता दिए गए पते पर नहीं मिले हैं। मृतक, स्थानान्तरित और पते पर न मिलने वाले मतदाता सूची अलग से तैयार की गई है। इस बीच शुक्रवार शाम को समय सीमा समाप्त हो जाने के बावजूद देर रात ऑनलाइन आवेदनों को भी पोर्टल पर दर्ज करने का कार्य लखनऊ स्तर पर जारी रहा। फिलहाल लखनऊ में 12.37 लाख मतदाताओं के नाम मूल सूची से कट सकते हैं। इनके गणना प्रपत्र नहीं भरे जा सके हैं। इनमें 1.27 मतदाता ऐसे हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है। 4.57 लाख पते पर नहीं मिले। वहीं, 5.39 लाख मतदाता दूसरी विधान सभा या जिले में स्थानांतरित हो चुके हैं।

# कट्टरता के खिलाफ साहस की सर्वोच्च अभिव्यक्ति का प्रतीक हैं साहिबजादे : मोदी

## वीर बाल दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

- कहा- देश उन वीर सपूतों को याद कर रहा जो अदम्य साहस, वीरता और शौर्य के शिखर का प्रतिनिधित्व करते हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दसवें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों (पुत्रों) का सर्वोच्च बलिदान क्रूर मुगल शासन के खिलाफ भारत के अदम्य साहस, शौर्य और वीरता की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है। वीर बाल दिवस के मौके पर साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की याद में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि देश उन वीर सपूतों को याद कर रहा है जो भारत के अदम्य साहस, वीरता और शौर्य के शिखर का प्रतिनिधित्व करते हैं।

उन्होंने कहा, आज हम अपने राष्ट्र के गौरव, वीर साहिबजादों को याद करते हैं। वे भारत के अदम्य साहस और शौर्य के सर्वोच्च आदर्शों के प्रतीक हैं। उन वीर साहिबजादों ने उम्र और अवस्था की सीमाओं को तोड़ दिया। वे क्रूर मुगल शासन के खिलाफ चट्टान की तरह ऐसे खड़े रहे कि मजहबी कट्टरता और आतंक का वजूद ही हिल गया। जिस राष्ट्र के पास ऐसा गौरवशाली अतीत हो, जिसकी युवा पीढ़ी को ऐसी प्रेरणाएं विरासत में मिली हों, वह राष्ट्र क्या कुछ नहीं कर सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि साहिबजादों की उम्र उस समय काफी कम थी, लेकिन मुगल सम्राट औरंगजेब की क्रूरता पर इसका कोई असर नहीं पड़ा।

उन्होंने कहा, औरंगजेब जानता था कि यदि वह भारत की जनता में भय उत्पन्न करना चाहता है और उन्हें धर्मांतरण के लिए मजबूर करना चाहता है, तो उसे सबसे पहले भारतीयों का मनोबल तोड़ना होगा। इसीलिए उसने साहिबजादों को अपना निशाना बनाया। लेकिन औरंगजेब और उसके सिपहसालार यह भूल गए थे कि हमारे गुरु साधारण मनुष्य नहीं थे। वे तपस्या और त्याग के साक्षात अवतार थे। मोदी ने कहा कि माता गुजरी जी, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और चारों साहिबजादों का साहस और आदर्श प्रत्येक भारतीय को शक्ति प्रदान करते रहते हैं।

## कांग्रेस, सपा ने हमें बदनाम किया : प्रधानमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के मौके पर लखनऊ में हरदोई रोड पर गोमती नदी के तट पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल को देश को समर्पित किया। उन्होंने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस जमीन पर यह प्रेरणा स्थल बना है, उसकी तीस एकड़ से ज्यादा जमीन पर कचरे का पहाड़ था और पिछले तीन वर्ष में इसे पूरी तरह खत्म किया गया। मोदी ने इससे जुड़े योजनाकारों, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी और कहा कि यह राष्ट्र प्रेरणा स्थल हमें संदेश देता है कि हमारा हर कदम राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित हो। इस दौरान लाखों की भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। कहा, एक परिवार ने देश को बंधक बनाया था, भाजपा की सरकार ने उसे मुक्त कराया। कांग्रेस हो या सपा दोनों ने भाजपा को जमकर बदनाम किया।



पूर्व पीएम अटल बिहारी की 101वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व सीएम योगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, भाजपा ने हर किसी के योगदान को सम्मान दिया। आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा दिल्ली के कर्तव्य पथ है। अंडमान में नेताजी ने जहां पर तिरंगा फहराया, वहां उनकी प्रतिमा। कोई नहीं भूल सकता है कि आंबेडकर की विरासत को मिटाने का प्रयास किया गया। दिल्ली की शाही परिवार ने इसे मिटाने का प्रयास किया। यहां सपा ने भी ऐसा किया। लेकिन भाजपा ने इसे मिटने नहीं दिया। मोदी ने कहा, परिवारवाद की राजनीति की एक विशिष्ट पहचान होती है। असुरक्षा से घिरी होती है। इस कारण परिवारवाद दूसरे की लकीर को छोटा करने की प्रवृत्ति होती है। मोदी ने कहा, कांग्रेस से या सपा से कोई भी ऐसी उम्मीद नहीं कर सकता। इन लोगों के राज में तो भाजपा के नेताओं को सिर्फ अपमान ही मिलता था। भाजपा के डबल इंजन सरकार को बहुत लाभ यूपी को हो रहा है। उप्र. 21वीं सदी के भारत में अपनी अलग पहचान बना रहा है।

## क्रिकेटर वैभव समेत 20 बच्चों को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

- राष्ट्रपति ने सम्मानित कर कहा बच्चों ने देश को गौरवान्वित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित एक समारोह में वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों के लिए 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया।

उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि पुरस्कार विजेता बच्चों ने अपने परिवारों, समुदायों और पूरे देश को गौरवान्वित किया है। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रोत्साहित किए जाने के मकसद से प्रदान किए गए यह पुरस्कार देश भर के सभी बच्चों को प्रेरित करेंगे। मुर्मू ने सत्य और न्याय के लिए गर्व से अपने प्राणों की आहुति देने वाले उन महान बाल नायकों को श्रद्धापूर्वक याद किया। उन्होंने कहा, सात वर्षीय वाका लक्ष्मी प्रग्निका जैसी प्रतिभाशाली बच्चियों की बदौलत ही भारत को विश्व स्तर पर शतरंज की महाशक्ति माना जाता है। अपनी बहादुरी और बुद्धिमत्ता से दूसरों की जान बचाने वाले अजय राज और मोहम्मद सिदान पी. हर तरह की प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने कहा, नौ वर्षीय बेटी व्योमा प्रिया और 11 वर्षीय बहादुर बेटे कमलेश कुमार ने दूसरों की जान बचाते हुए अपनी जान गंवाई जबकि 10 वर्षीय श्रवण सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान युद्ध से जुड़े जोखिमों के बावजूद, अपने घर के पास सीमा पर तैनात भारतीय सैनिकों को नियमित रूप से पानी, दूध और लस्सी पहुंचाई। वहीं, दिव्यांग बेटी शिवानी होसुरू उप्पारा ने आर्थिक और शारीरिक सीमाओं को पार करते हुए खेल जगत में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने पुरस्कार जीतने वाले कुछ बच्चों का जिक्र करते हुए कहा, वैभव सूर्यवंशी ने क्रिकेट की अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और प्रतिभा से भरी दुनिया में अपना नाम बनाया है और कई रिकॉर्ड स्थापित किए हैं।



वैभव सूर्यवंशी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार देतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

## ब्रीफ न्यूज

### मलेशिया के पूर्व पीएम भ्रष्टाचार में दोषी करार

**पुत्रजय।** जेल में बंद मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रज्जाक को 1एमडीबी (वन मलेशिया डेवलपमेंट बरहाद) सरकारी निवेश कोष से अरबों डॉलर की लूट से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सुनवाई के बाद शुक्रवार को दोषी ठहराया गया। देश के उच्च न्यायालय ने 72 वर्षीय नजीब को सत्ता के दुरुपयोग के तीन मामलों में दोषी पाया। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने 1एमडीबी कोष से 70 करोड़ डॉलर से अधिक की रकम अपने निजी बैंक खातों में अंतरित की।

### केरल में पहली बार भाजपा का मेयर

**तिरुवनंतपुरम।** भाजपा के नेता वीवी राजेश शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम नगर निगम के महापौर निर्वाचित हुए। भाजपा ने निगम के 101 वार्डों में से 50 पर जीत हासिल की है जो केरल के 20 वर्षों में किसी नगर निगम में उसकी पहली जीत है। भाजपा ने करीब चार दशकों के एलडीएफ शासन को समाप्त कर निगम की सत्ता हासिल की है।

### नाइटक्लब में लगी आग पूरे देश के लिए त्रासदी

**पणजी।** सीजेआई सूर्यकांत ने शुक्रवार को गोवा के अरपोरा में 6 दिसंबर को एक नाइटक्लब में लगी भीषण आग की घटना को 'पूरे देश के लिए एक त्रासदी' करार दिया, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई थी। सीजेआई बंबई उच्च न्यायालय की गोवा पीठ के परिसर में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की मौजूदगी में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। कहा, मैं दुखद घटना पर अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

## प्रदेश में कड़ाके की ठंड, अलर्ट जारी

- घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित रेल व हवाई यातायात पर असर
- 5.8 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ मेरठ में सबसे ठंडी रही रात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। घने कोहरे के कारण जनजीवन भी पूरी तरह प्रभावित है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट किया जारी किया है। विभाग की चेतावनी के मुताबिक आने वाले दिनों में कोहरा और अधिक घना हो सकता है। ऐसे में दृश्यता और घटेगी जिससे सड़क, रेल व हवाई यातायात पर असर पड़ रहा है।

प्रदेश के कई जिलों में सुबह कोहरे की मोटी चादर के कारण राजधानी लखनऊ समेत प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, कुशीनगर, सहारनपुर, बलिया, मुरादाबाद, अलीगढ़ जैसे कई शहरों में दृश्यता शून्य हो गई। कई शहरों में रात के तापमान में भी बड़ी गिरावट आई है। 5.8 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ मेरठ में सबसे ठंडी रात रही। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए प्रदेश के लगभग 30 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जानकारी के अनुसार प्रदेश में अगले चार दिनों तक ठंड और कोहरे का असर लगभग इसी तरह जारी रहने वाला है।



## कोडीन युक्त सिरप मामले में आरोपी की 30 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने का आदेश

**सोनभद्र।** सोनभद्र की एक अदालत ने कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी के मामले में आरोपी की 30 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने के लिए शुक्रवार को नोटिस जारी किया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि अभियुक्त भोला प्रसाद की रांची में स्थित कंपनी मेसर्स शैली ट्रेडर्स के गोदाम का लाइसेंस और ड्रग लाइसेंस प्राप्त करने में फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था। अभियुक्त ने फर्जी लाइसेंस पर झारखंड और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में फर्जी कंपनियां स्थापित कर कोडीन युक्त कफ सिरप की आपूर्ति की।

## सार्वजनिक वाहनों में वीएलटीडी अनिवार्य

- मुख्यालय में खोला गया कमांड सेंटर, एक जनवरी से होगा जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** एक जनवरी से प्रदेश में सभी प्रकार के सार्वजनिक परिवहन वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस अनिवार्य कर दिया है। इनमें परमिट से जुड़ी बसें, सभी के प्रकार के यात्री वाहन, टैक्सी, ओला उबर (दुपहिया, ई-रिक्शा, तिपहिया आदि वाहनों को छोड़कर) समेत विभिन्न कैटेगरी के वाहन शामिल हैं।

यही नहीं नेशनल और प्रदेश के परमिट से आच्छादित तीन टन से अधिक भार ढोने वाले ट्रकों और हैजर्डस गुड्स के माल वाहनों में भी इसे जरूरी किया गया है। नए वाहनों के लिए यह गाइडलाइन जारी की गई है। अपर परिवहन आयुक्त सुनीता वर्मा ने बताया कि यह वीएलटीडी पहली जनवरी से तय कैटेगरी के वाहनों में जरूरी कर दी गई है।



ट्रैकिंग के लिए परिवहन आयुक्त किंजल सिंह के निर्देश पर मुख्यालय में कमांड सेंटर स्थापित किया गया है। यहां से इसकी मॉनीटरिंग और लोकेशन चेक की जा सकेगी। इनमें मानक के अनुरूप आपातकालीन सहायता बटन का फिटमेंट भी अनिवार्य किया गया है। अपर परिवहन आयुक्त के मुताबिक पुराने वाहनों में इसे पहली अप्रैल 2026 से लागू किया जाएगा।

## बलरामपुर में तेंदुए का आतंक दो महिलाओं की जान ली

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** नेपाल सीमा से सटे क्षेत्र में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते 24 घंटे में तेंदुए ने दो महिलाओं पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। पहली घटना भाभंर रेंज के अंतर्गत विशुनपुर कोडर गांव की है। गांव निवासी कमला (25) शौच के लिए घर से 300 मीटर दूर जंगल की ओर गई थी। इसी दौरान रास्ते में तेंदुए ने हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना देर रात नेपाल सीमा से सटे परसरामपुर गांव के बेलभरिया बीट क्षेत्र के पास हुई। कपिलवस्तु जिले के कृष्णा नगर पालिका वार्ड नंबर 10, अमौली गांव निवासी उर्मिला कोरी (28) पत्नी प्रभु कोरी अपने रिश्तेदार के घर भारतीय सीमा में आ रही थी। जंगल के रास्ते से गुजरते समय तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**आयोजन** वीर बाल दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, सिख गुरुओं के अमर बलिदान को किया नमन

## इतिहास उन्हीं का बनता है जिनके मन में त्याग का भाव हो : योगी

- बोले, सिख धर्म की लंगर परंपरा सामाजिक समरसता का अप्रतिम उदाहरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** वीर बाल दिवस के अवसर पर शबद पाठ और कीर्तन समागम का आयोजन शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास, 5 कालिदास मार्ग पर हुआ। मुख्यमंत्री योगी ने कार्यक्रम की शुरुआत में गुरु ग्रंथ साहिब को माथे लगाकर प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने शबद कीर्तन और साहिबज़ादों के अमर बलिदान की गाथा को सुना। कीर्तन पाठ करने वाले बच्चों को पटका पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

उन्होंने 'छोटे साहिबज़ादे' नाम की पुस्तिका का विमोचन भी किया। धर्म रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले गुरु गोबिंद सिंह के सुपुत्रों की स्मृति में वीर बाल दिवस और गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास उन्हीं का बनता है जिनके मन में त्याग और बलिदान का भाव हो। सिख गुरुओं ने स्वदेश और स्वधर्म के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की जो परंपरा स्थापित की, वही हमारी प्रगति का मार्ग है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के शहीदी दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाना, उनके स्वधर्म और स्वदेश के प्रति अमर बलिदान को नमन करने का अवसर है। उन्होंने प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दिया कि उन्होंने देशभर के सिख समाज की भावना को स्वीकार करते हुए इस दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी। कहा कि आज देश के हर स्कूल, कॉलेज व कार्यालय में वीर बाल दिवस के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं ताकि नई पीढ़ी को बलिदान की प्रेरणा मिल सके।



समारोह में उपस्थित सीएम योगी।

### प्रत्येक भारतीय युवा के लिए प्रेरणा का दिन : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज, माता गुजरी देवी, बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस प्रत्येक भारतीय युवा के लिए प्रेरणा का दिन है। उन्होंने गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के आयोजनों में डबल इंजन सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में आनंद साहिब का पाठ और अरदास हुई। इसके बाद वह मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' एवं असीम अरुण के साथ लंगर में भी शामिल हुए।

# सैनिकों को फ्लैट पर छूट देगा आवास विकास, कई योजनाओं के लेआउट मंजूर

## 274वीं बैठक : आईटी सिटी के भूखंडों की आरक्षित दरों का प्रस्ताव रखा, अरावली परियोजना में निर्माणाधीन फ्लैट के अवशेष कार्य कराने को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र आवास एवं विकास परिषद पहले आओ-पहले पाओ के माध्यम से फ्लैट निस्तारण योजना अंतर्गत सशस्त्र सेनाओं/अर्द्धसैनिक बलों को 60 दिन में संपूर्ण भुगतान करने पर 20 फीसद की छूट देगा। इसी तरह 61 से 90 दिन के अंदर 15 फीसद और 91 से 120 दिन के अंदर पूर्ण भुगतान करने पर 10 फीसद की छूट देगा। शुक्रवार को मुख्यालय पर प्रशासनिक भवन के सभागार में अध्यक्ष/प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग पी. गुरुप्रसाद की अध्यक्षता में 274वीं बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही कई योजनाओं के प्रस्तावों को मंजूरी देने के साथ अभियंताओं पर कार्रवाई की संस्तुति की गई।

बैठक में लखनऊ के सुल्तानपुर रोड स्थित आईटी सिटी के भूखंडों की आरक्षित दरों का प्रस्ताव रखा गया। इसमें भूखंडों की आरक्षित दर 10 एकड़ तक सामान्य आवासीय दर पर और 10 एकड़ से अधिक आवासीय दर 0.9 फीसद करने को स्वीकृति दी गई।

इसके अलावा वृंदावन योजना संख्या-3 के सेक्टर-12 में स्थित अरावली एन्क्लेव बहुमंजिलीय परियोजना बेसमेंट समेत निर्माणाधीन 560 फ्लैट में 240 के अवशेष कार्य कराने की मंजूरी दी गई। इसे निदेशक मंडल की 242वीं बैठक में रोक लगाई गई थी। इसके अलावा सेक्टर-11 स्थित फुटबाल मैदान के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए सरकारी, अर्ध सरकारी व निजी संस्थाओं से ई-बिड आमंत्रित करते हुए वार्षिक किराया लेकर न्यूनतम 10 वर्ष की अवधि पर पांच-पांच वर्ष का अनुबंध करके लीज पर देने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

**मुरादाबाद में ग्रुप हाउसिंग भूखंडों के उपयोग पर लिए जाएंगे सुझाव :** बैठक में सब्सिडियरी इन्टेलिजेंस ब्यूरो, गृह मंत्रालय को ओसीआर कॉम्प्लेक्स के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया। इस क्रम में मझोला योजना संख्या- 4, भाग-2, मुरादाबाद के सेक्टर-5 में ग्रुप हाउसिंग भूखंड जीएच 5/1 व भूखंड जीएच 5/2 को ले-ऑउट मानचित्र में संस्थागत उपयोग अनुमन्य के लिए आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त करने का अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त परिषद कार्मिकों/परिषद के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को 1 जुलाई 2025 से 58 फीसद दर से महंगाई भत्ता/राहत दिए जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

### सेवानिवृत्त अधिकारियों से होगी वसूली

बैठक में सेवानिवृत्त अवर अभियंता (जेई) एसके सिंह भदौरिया व केएन शुक्ला तत्कालीन वरिष्ठ सहायक, संपत्ति प्रबंधक कार्यालय वृंदावन योजना लखनऊ को विभागीय जांच के अनुसार कार्रवाई के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया गया। इसके अतिरिक्त कार्यालय वृंदावन योजना लखनऊ के डीके शुक्ला सेवानिवृत्त प्रभारी संपत्ति प्रबंधक, कन्हई प्रसाद सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी व प्रमोद कुमार अग्रवाल सेवानिवृत्त कनिष्ठ लेखाधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच के अनुसार वित्तीय क्षति मिलने पर वसूली करने का अनुमोदन दिया गया। इसके अतिरिक्त गाजियाबाद में शिखर एन्क्लेव प्रकरण में अनुशासनिक कार्रवाई के अंतर्गत विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर अधीक्षण अभियंता और कर्मचारियों के विरुद्ध लिए गए कार्रवाई के निर्णय पर परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया।

### एक माह में स्वीकृत करना होगा शैक्षणिक भूखंडों का मानचित्र

ऐसे शैक्षणिक भूखंड जिनका मानचित्र स्वीकृत नहीं है, इस वजह आवंटी निर्माण शुरू नहीं करा पाए और निर्माण पूर्ण कराने की अवधि बीत चुकी है, बैठक में ऐसे प्रकरण में एक माह का समय देकर मानचित्र स्वीकृत करने पर अनुमोदन किया गया। इसके अलावा नई कास्टिंग गाइडलाइन को अंगीकृत किया गया।

### लैंड पूलिंग से लेंगे जमीन

बैठक में कानपुर शहर की आवासीय समस्या निदान के लिए मंधना भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना संख्या-4, कानपुर नगर में लैंड पुलिंग स्कीम के तहत प्रस्ताव रखा गया। इस योजना में आवास बनाए जाएंगे। बैठक में इस पर अनुमोदन प्रदान किया। इसी तरह गाजीपुर में प्रस्तावित गाजीपुर-मऊ राज्य मार्ग भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना की नियोजन समिति द्वारा की गई कार्रवाई तथा स्वीकृति पर अनुमोदन किया गया। मऊ में प्रतावित गोरखपुर मार्ग भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना समिति द्वारा की गई कार्यवाही व स्वीकृति पर अनुदान प्रदान किया गया। वहीं, भूमि विकास गृहस्थान एवं बाजार योजना कटरा रोड प्रतापगढ़ में आपसी समझौते से भूमि क्रय करने की जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित दर एवं कुल भूमि को अनुदान प्रदान किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### घोसी उपचुनाव में सुजीत सपा प्रत्याशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** घोसी विधानसभा सीट के विधायक सुधाकर सिंह के निधन के बाद रिक्त चल रही सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सपा ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। पार्टी ने पूर्व विधायक सुधाकर सिंह के पुत्र सुजीत सिंह को घोसी का टिकट दिया है। यह घोषणा सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने की है। सपा की इस घोषणा के बाद घोसी सीट पर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। दूसरी तरफ किसी भी अन्य राजनीतिक दल ने अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। सूत्रों के अनुसार घोसी में उपचुनाव अप्रैल 2026 तक संभावित है।

### परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने रचा इतिहास

**अमृत विचार, लखनऊ :** संभल के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों ने वह उपलब्धि हासिल की है, जिसे अब तक बड़े और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों तक सीमित माना जाता रहा है। अब आईआईटी बॉम्बे में दो रोबोटिक्स स्पर्धाओं में सम्मान प्राप्त कर संभल ने शिक्षा और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ा है। इन विद्यार्थियों ने आईआईटी बाम्बे के टेकफेस्ट 2025 में भाग लेकर तकनीकी श्रेष्ठता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने बताया कि ये विद्यार्थी इससे पहले आईआईटी दिल्ली और आईआईटी कानपुर में भी पुरस्कृत हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षित संभल के विद्यार्थियों ने एशिया के प्रतिष्ठित विज्ञान एवं तकनीकी महोत्सव टेकफेस्ट 2025 में कोज्मोक्लेंच और मेसमराइज जैसी जटिल रोबोटिक्स स्पर्धाओं में सहभागिता की।

### लखनऊ-दुधवा एसी बस जाएगी गौरीफंटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुधवा राष्ट्रीय उद्यान और तराई क्षेत्र में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए परिवहन निगम की बसों का सहयोग लिया जाएगा। लखनऊ के कैसरबाग बस स्टेशन से संचालित विशेष एसी बस सेवा का विस्तार अब दुधवा से आगे गौरीफंटा तक कर दिया गया है। इस निर्णय से दुधवा-कतर्नियाघाट-गौरीफंटा क्षेत्र में आने वाले प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों को बेहतर कनेक्टिविटी और यात्रा सुविधा मिलेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि नई व्यवस्था के तहत बस सेवा सुबह 8 बजे लखनऊ के कैसरबाग बस स्टेशन से रवाना होकर दोपहर 2 बजे गौरीफंटा पहुंचेगी। वापसी में बस 2:30 बजे गौरीफंटा से चलकर और 3:30 बजे दुधवा से लखनऊ के लिए रवाना होकर रात 9 बजे कैसरबाग पहुंचेगी। लखनऊ से दुधवा का किराया 487 रुपये और लखनऊ से गौरीफंटा का किराया 536 निर्धारित किया गया है।

### ईपीएफ और ग्रेच्युटी का लाभ देने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, उप्र. ने शासन से मांग की है कि वेतन सीमा समाप्त कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मचारियों को ईपीएफ और ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए और सेवानिवृत्त व दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बीते दिनों विधानसभा में संपन्न शीतकालीन सत्र में यह मुद्दा सदन में उठ चुका है। संघ के महामंत्री योगेश कुमार उपाध्याय ने इस विषय को सदन में उठाने के लिए विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक एवं दिनेश कुमार गोयल का आभार जताते हुए कहा कि यह मामला हजारों कर्मचारियों और उनके परिवारों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा है। सेवा काल में दिवंगत कर्मचारियों के परिजन आज भी भुगतान के लिए भटकने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक संकट झेलना पड़ रहा है।

# फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाने वाले मास्टरमाइंड समेत सात गिरफ्तार

## ओटीपी बाइपास कर अपात्रों को दिलवाया मुफ्त इलाज, सरकार को राजस्व नुकसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी व स्टेट हेल्थ एजेंसी के अधिकारियों से कराते थे सत्यापन**



एसटीएफ की गिरफ्त में फर्जी आयुष्मान कार्ड बनवाकर सरकारी धन हड़पने के आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अपात्र लोगों के फर्जी आयुष्मान कार्ड बनवाकर सरकारी खजाने को चूना लगाने वाले गिरोह का एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। एसटीएफ ने गिरोह के मास्टरमाइंड समेत सात आरोपियों को गोमतीनगर विस्तार इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपी पात्र परिवारों की फैमिली आईडी में ओटीपी बाइपास कर अपात्र लोगों को जोड़ते थे। इसके बाद इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी (आईएसए) और स्टेट हेल्थ एजेंसी (एसएचए-पीएमजेवाई) के अधिकारियों की मिलीभगत से आयुष्मान कार्ड संस्तुति कराकर इलाज कराते थे।

एसटीएफ मुख्यालय के एएसपी विशाल विक्रम सिंह की टीम ने 24 दिसंबर की रात गोमतीनगर विस्तार स्थित खरगापुर विजय नगर कॉलोनी में छापा मारकर आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरोह का मास्टरमाइंड व मुख्य आरोपी प्रतापगढ़ का चंद्रभान वर्मा है। वह बीए पास है। अन्य आरोपियों में इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी (आईएसए) के वर्तमान व पूर्व एक्जीक्यूटीव और स्टेट हेल्थ एजेंसी (एसएचए-पीएमजेवाई) के ग्रीवांस एक्जीक्यूटिव, आयुष्मान मित्र और सहयोगी शामिल हैं।

**साइबर कैफे से तैयार किया गिरोह :** एएसपी विशाल के मुताबिक पूछताछ में चन्द्रभान वर्मा ने बताया कि वर्ष 2024 में उसने लखनऊ में साइबर कैफे खोला था। वहीं से उसने अपात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने का नेटवर्क खड़ा किया। गिरोह पात्र परिवारों की फैमिली आईडी में तकनीकी तरीके से ओटीपी बाइपास कर अपात्र लोगों को जोड़ता था। इसके बाद आईएसए और एसएचए में तैनात कर्मचारियों की मदद से कार्ड अप्रूव कराए जाते थे। प्रति कार्ड 6,000 रुपये तक वसूले जाते थे।

**2000 से अधिक फर्जी कार्ड :** अभियुक्तों ने स्वीकार किया है कि अब तक 2000 से अधिक अपात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जा चुके हैं। इन कार्डों के जरिए विभिन्न अस्पतालों में मुफ्त इलाज कराया गया। एसटीएफ ने इसी गिरोह के दो सदस्यों को जून 2025 में प्रयागराज से गिरफ्तार कर 84 फर्जी आयुष्मान कार्ड बरामद किए थे। गिरोह के खिलाफ थाना साइबर क्राइम, लखनऊ में बीएनएस की कई धाराओं और आईटी एक्ट की धारा में एफआईआर दर्ज की गई है। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

**अप्रूवल के लिए दिये 20 लाख से ज्यादा कार्ड :** पूछताछ में चंद्रभान वर्मा ने बताया कि उसने आईएसए और एसएचए से जुड़े कर्मचारियों को अब तक करीब 20 लाख से अधिक कार्ड अप्रूवल के लिए दिए हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों ने भी स्वीकार किया कि अब तक 2000 से ज्यादा फर्जी आयुष्मान कार्ड बनवाए जा चुके हैं।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

एएसपी विशाल विक्रम के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में प्रतापगढ़ पट्टी जलालपुर किठौली का चंद्रभान वर्मा, जो विजयनगर खरगापुर में रहता है। इसके अलावा बाराबंकी जैदपुर के अहमदपुर का राजेश मिश्रा (पूर्व एक्जीक्यूटिव इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी-आईएसए), बाराबंकी के उधोली का सुजीत कन्नौजिया (वर्तमान एक्जीक्यूटिव आईएसए), जैदपुर अहमदपुर का सौरभ मौर्या (वर्तमान एक्जीक्यूटिव आईएसए), गाजीपुर के परसपुरा चौराहा झुन्नूलाल वर्तमान में मारुतीपुरम लेखराज इंदिरानगर का विश्वजीत सिंह (वर्तमान एक्जीक्यूटिव ग्रीवांस स्टेट हेल्थ एजेंसी), माल के मड़वाना का रंजीत सिंह (आयुष्मान मित्र कल्याण सिंह कैंसर इस्टीट्यूट लखनऊ) और इटावा सैफई नगला हरनाथ का अंकित यादव शामिल है। सभी गोमतीनगर विस्तार स्थित खरगापुर के विजयनगर में रहते थे। एसटीएफ ने आरोपियों के पास से 12 मोबाइल फोन, 5 लैपटॉप, फर्जी आयुष्मान कार्ड से जुड़ा डिजिटल डेटा, 70 अपात्र लोगों के कार्ड के स्क्रीनशॉट, 22 एटीएम कार्ड, 8 पैन कार्ड, 8 आधार कार्ड, चेकबुक, पासबुक, थम्ब स्कैनर, क्यूआर कोड, मुहरें, प्रिंटर, सीपीयू, सिम कार्ड, एक अर्टिगा कार और 60,370 रुपये नकद बरामद किए हैं।

# नो हेलमेट-नो फ्यूल का जनवरी से चलेगा प्रदेशव्यापी अभियान

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के लिए 'जीरो फेटेलिटी' का लक्ष्य तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को शून्य करने के लक्ष्य के साथ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को 'जीरो फेटेलिटी माह' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह- 2026, 1 जनवरी से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलेगा।

जनवरी माह में नो हेलमेट-नो फ्यूल का प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जाएगा, ताकि दोपहिया चालकों में हेलमेट पहनने की आदत विकसित की जा सके। सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों की संख्या में कमी लाई जा सके। लोक निर्माण विभाग व अन्य रोड ओनिंग एजेंसियों को चिह्नित किये गये 1484 ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक सुधार कार्यों जैसे- रोड मार्किंग, साइनेज और क्रैश बैरियर लगाने का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा इमरजेंसी रिस्पॉन्स प्रोटोकॉल सुधारने, एएलएस एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाने व ट्रॉमा केयर सेंटरों में गैप, इंफ्रास्ट्रक्चर और मैनपावर की कमी दूर करने के जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं।

पंचायती राज विभाग, प्रत्येक ग्राम सभा में सड़क सुरक्षा पर बैठकें आयोजित करेगा, जो ग्रामीण स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ने वाली सड़कों पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के जरूरी इंतजाम को सुनिश्चित करेंगी। तो वहीं शिक्षा विभाग स्कूलों में चित्रकला, भाषण और नाटक प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा, जबकि सूचना विभाग परिवहन विभाग के साथ मिलकर यातायात नियमों के व्यापक प्रचार-प्रसार के कार्य को अंजाम देगा।

### सभी जिलों में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

इस दौरान प्रदेश का परिवहन, पुलिस, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज और सूचना विभाग सहित सभी संबंधित स्टेकहोल्डर विभागों को समन्वित रूप से कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में प्रदेश के सभी जिलों में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सड़क सुरक्षा माह के दौरान चलाये जाने वाले विशेष अभियानों की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

### 363 हाई रिस्क कॉरिडोर चिह्नित

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में जीरो फेटेलिटी के लक्ष्य को पाने के उद्देश्य से प्रदेश के परिवहन एवं पुलिस विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस क्रम में प्रदेश में 363 हाई रिस्क कॉरिडोर चिह्नित किये हैं, जहां सख्त प्रवर्तन अभियान चलाये जाएंगे।

# यातायात प्रबंधन में लगेंगे पांच हजार पुलिसकर्मी : डीजीपी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में यातायात व्यवस्था का बेहतर प्रबंधन व सड़क हादसों में मृत्यु दर कम करने की तैयारी पुलिस ने कर ली है। साथ ही शहरों में लोगों को यातायात की समस्या से दिक्कत न हो इसके लिए डीजीपी ने ब्लू प्रिंट तैयार किया है। यूपी पुलिस ने बड़ी पहल करते हुए नागरिक पुलिस के पांच हजार सिपाहियों को यातायात प्रबंधन में लगाने की तैयारी कर ली है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि इन सिपाहियों को तैनाती से पहले विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि बड़े शहरों में जाम की बढ़ती समस्या को देखते हुए पांच हजार और पुलिस कर्मियों को यातायात की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। अगले तीन सप्ताह में इन्हें खास प्रशिक्षण के बाद यातायात व्यवस्था संभालने में लगाया जाएगा। इन पुलिस कर्मियों के चयन की प्रक्रिया बीते दिनों पूरी कर ली गई थी। इनका प्रशिक्षण जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह में पूरा हो जाएगा। सड़क सुरक्षा माह के दौरान इनको प्रमुख स्थानों पर ड्यूटी पर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 जीरो फेटालिटी जिलों के 233 थानों में क्रिटिकल कारीडोर टीम का गठन किया गया है। इसके परिणाम स्वरूप गंभीर दुर्घटनाओं में लगभग 14 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

# राज्यपाल ने किया आश्रम की 104वीं शाखा का शुभारंभ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को अयोध्या में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री गणपति सच्चिदानन्द आश्रम की 104 वीं शाखा का शुभारंभ किया। यज्ञ में आहुति डाली। रामदरबार का दर्शन-पूजन किया। राज्यपाल ने कहा कि पूज्य स्वामी श्री गणपति सच्चिदानंद स्वामी जी से स्थापित यह आध्यात्मिक एवं सामाजिक पीठ भगवान दत्तात्रेय के दिव्य सिद्धांतों पर आधारित होकर आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ मानव सेवा, करुणा, संवेदना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त केंद्र है। कहा कि मातृशक्ति और बालशक्ति के सशक्तीकरण को जिले में 2400 आंगनबाड़ी केंद्रों को किटों का वितरण किया जा चुका है। राज्यपाल ने नवाचारों का उल्लेख किया। प्राथमिक विद्यालय राजभवन के बच्चों और भिक्षावृत्ति से शिक्षा की ओर उन्मुख बच्चों को अयोध्या का शैक्षिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण कराया गया। राजभवन में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से गरीब एवं झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को प्राथमिक विद्यालय राजभवन में प्रवेश दिलाया गया। प्राथमिक विद्यालय राजभवन को कक्षा आठ से उच्चीकृत कक्षा 12 तक कर दिया गया है।

# आयुष्मान योजना के भुगतान में यूपी को अवार्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की नेशनल ग्रीवांस वर्कशॉप में साचीज को मिला सम्मान**
- **पिछले वर्ष की तुलना में दो गुना 2200 करोड़ का भुगतान**



पुरस्कार ग्रहण करतीं साचीज की एसीईओ पूजा यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार:** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर देशभर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। प्रदेश ने योजना के दावों के त्वरित भुगतान, गंभीर बीमारियों के इलाज पर बढ़ते खर्च और शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस उपलब्धि के लिए नेशनल ग्रीवांस वर्कशॉप में स्टेट हेल्थ एजेंसी साचीज को सम्मानित किया है।

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसके तहत पात्र लाभार्थियों को प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष जुलाई 2025 से अब तक प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों को लगभग 2200 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह भुगतान करीब 1300 करोड़ रुपये था। एक वर्ष के भीतर दावों के भुगतान में लगभग दो गुनी वृद्धि दर्ज की गई है।

शिकायत निस्तारण के मामले में भी प्रदेश ने अन्य राज्यों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। जनवरी 2025 से अब तक आयुष्मान योजना के तहत कुल 41,582 शिकायतें और अनुरोध ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त हुए। इनमें से 41,458 शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा चुका है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा बीते 18 दिसंबर को आयोजित नेशनल ग्रीवांस वर्कशॉप में स्टेट हेल्थ एजेंसी साचीज, उप्र. को सम्मानित किया गया।

# 50 हजार का इनामी पुणे से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मऊ के मुहम्मदाबाद गोहना से फरार चल रहे 50 हजार के इनामी अपराधी आदम को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को एसटीएफ ने महाराष्ट्र के पुणे स्थित लोनावाला स्टेशन से गिरफ्तार किया। आरोपी पिछले एक वर्ष से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ मऊ के मुहम्मदाबाद गोहना थाने में दुष्कर्म व धमकी का मामला दर्ज है। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ मुख्यालय सत्यसेन यादव की टीम को पता चला कि वांछित आरोपी आदम लोनावला क्षेत्र में छिपकर रह रहा है। सूचना के आधार पर एसटीएफ मुख्यालय की टीम ने लोनावला रेलवे स्टेशन पर दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**पहल** | वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन आज से, मुख्यमंत्री रहेंगे मौजूद

# पुलिसिंग का रोडमैप तैयार करने पर होगा मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों को जानकारी देते डीजीपी राजीव कृष्ण।

**अमृत विचार:** प्रदेश में कानून-व्यवस्था में सुधार के लिए शनिवार व रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। दो दिन के मंथन के बाद प्रदेश की पुलिसिंग का रोडमैप तैयार किया जाएगा। इस दो दिवसीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों दिन मौजूद रहेंगे।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने इस संबंध में शुक्रवार को जानकारी दी। वह पुलिस मुख्यालय सिग्नेचर बिल्डिंग में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दो दिनों तक चलने वाली इस कॉन्फ्रेंस में सभी जोन के एडीजी रेंज, आईजी और डीआईजी शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस में पुलिसिंग से जुड़े अहम मुद्दों पर प्रेजेंटेशन होंगे। वहीं, साइबर, नारकोटिक्स, महिला संबंधी अपराध, बॉर्डर सिक्योरिटी, आतंकवाद, बीट पुलिसिंग, ई ऑफिस, सीसीटीएनएस पर भी प्रेजेंटेशन होंगे। अगले वर्ष पंचायत चुनाव होने हैं और इसके साथ ही विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। आने वाले चुनाव में कानून व्यवस्था बड़ा मुद्दा होगा। खुद मुख्यमंत्री योगी भी इस मुद्दे पर विपक्ष को घेरते रहे हैं, ऐसे में इस पर उनका खास फोकस है।

डीजीपी के मुताबिक दो दिवसीय सम्मेलन 11 सत्रों में आयोजित किया गया है। सत्रों का प्रस्तुतीकरण 11 वरिष्ठ नोडल आईपीएस अधिकारी व उनके सहयोगी 45 अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन केवल एक औपचारिक बैठक नहीं है, बल्कि एक सुविचारित, लक्ष्य-आधारित और भविष्य को ध्यान में रखकर की गई पहल है।

# यीडा बनेगा मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

- **नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को यमुना, ईस्टर्न पेरिफेरल और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से मिलेगी हाई-स्पीड कनेक्टिविटी**
- **एयर कार्गो के लिए डेडिकेटेड रोड नेटवर्क, उद्योगों को मिलेगा तेज और सस्ता लॉजिस्टिक्स सपोर्ट**

**अमृत विचार:** राज्य सरकार यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र को देश के सबसे महत्वाकांक्षी मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) के रूप में विकसित कर रही है। इस समग्र योजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को निवेश, उद्योग, लॉजिस्टिक्स और रोजगार के क्षेत्र में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। इस पूरे विजन का केंद्र नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर है, जो पूर्ण होने के बाद उत्तर भारत का सबसे बड़ा एविएशन और लॉजिस्टिक्स गेटवे बनेगा।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एसीईओ शैलेन्द्र कुमार भाटिया ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता है कि एयर, रोड, रेल, आरआरटीएस और एक्सप्रेसवे- पांचों माध्यमों से निर्बाध कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाए। इसके तहत 8 लेन एक्सेस कंट्रोल यमुना एक्सप्रेसवे को एयरपोर्ट से सीधे जोड़ा गया है, जिससे दिल्ली और पश्चिमी यूपी तक तेज आवाजाही संभव होगी। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के माध्यम से हरियाणा और उत्तराखंड की सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी, जबकि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे बल्लभगढ़ इंटरचेंज के जरिए जेवर एयरपोर्ट से जुड़कर देश के सबसे बड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक कॉरिडोर को सीधा लाभ पहुंचाएगा।

लॉजिस्टिक्स सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने एयर कार्गो के लिए नॉर्थ और ईस्ट डेडिकेटेड एक्सेस रोड विकसित करने की योजना बनाई है, जिससे भारी मालवाहक वाहनों को शहरों में प्रवेश किए बिना एयरपोर्ट तक सीधा रास्ता मिलेगा। इसके साथ ही भविष्य में गंगा एक्सप्रेसवे और एनएच-34 को यीडा सेक्टर और यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने की तैयारी है।

### बड़े पैमाने पर हो रहा निवेश

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र और ईएमसी पार्क में बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एचसीएल-फॉक्सकॉन समूह की वामा सुंदरी इन्वेस्टमेंट द्वारा सेमीकंडक्टर टेस्टिंग सुविधा, हैवेल्स इंडिया की एंकर यूनिट, डिक्सन टेक्नोलॉजीज, एडिटेक सेमीकंडक्टर्स, एसेंट के सर्किट जैसी कंपनियां इस क्षेत्र को हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग हब बना रही हैं। रिन्यूएबल एनर्जी और ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए सैल सोलर, एंबर एंटरप्राइजेज और इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरर्स वेलफेयर ट्रस्ट जैसी इकाइयों की मौजूदगी प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात वृद्ध की अस्पताल में मौत

**अमृत विचार, काकोरी** : पारा स्थित बुद्धेश्वर चौराहे के पास बुधवार शाम को एक अज्ञात वृद्ध अचेत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने एंबुलेंस से वृद्ध को रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। मृतक के पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज भी बरामद नहीं हुआ है।

### ट्रैफिक में फंसी किन्नर ने किया हंगामा

**अमृत विचार, चौक** : राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम के कारण इमामबाड़े के पास ट्रैफिक जाम की वजह से लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। इस दौरान ट्रैफिक में फंसी एक किन्नर ने कपड़े उतार दिए। करीब 15 मिनट तक अर्द्धनग्न होकर सड़क पर हंगामा काटा। पुलिसकर्मियों से नोकझोंक भी हुई। पुलिसकर्मियों के समझाने के बाद वह शांत हुई। बताया जा रहा है कि काले कपड़े पहने किन्नर एक्टिवा स्कूटी से अपने पुरुष मित्र के साथ कहीं जा रही थी। हुसैनाबाद स्थित बड़ा इमामबाड़ा के पास पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देते हुए उसे रोक लिया। इस पर किन्नर की पुलिस से नोकझोंक हो गई। इसके बाद गुस्से में किन्नर ने सड़क पर ही कपड़े उतारने शुरू कर दिए। पुलिस कर्मियों ने उसे समझाकर शांत कराया।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**अमृत विचार, माल** : थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में आम के बाग में अखिलेश (30) ने गुरुवार रात पेड़ में चादर से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में अखिलेश को फंदे से उतारकर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने छानबीन की लेकिन खुदकुशी की वजह साफ नहीं हो सकी। मृतक के परिवार में मां शिवदुलारी और चार विवाहित बहनें रेनू, सीमा, माधुरी व रोशनी हैं।

### पति की मौत, पत्नी ने भी लगाया फंदा

**अमृत विचार, उन्नाव** :सोहरामऊ कस्बा निवासी महिला ने घर की कोठरी में फंदे से लटककर जान दे दी। नाइट ड्यूटी से लौटा बेटा शव देख बेहाल हो गया। परिजनों के मुताबिक महिला अपने पति की बीमारी से हुई मौत के बाद से परेशान रहती थी। सोहरामऊ थाना व कस्बा बाजार निवासी गुड्डी (45) के पति रामबाबू की 8 माह पूर्व बीमारी से मौत हो गई थी। तभी से वह परेशान रहती थी। गुरुवार रात छोटा बेटा रितिक नाइट ड्यूटी पर चला गया। सास रूपरानी घर के दूसरे हिस्से में अलग रहती है। शुक्रवार सुबह बेटा लौटा तो दरवाजा बंद होने पर मां को आवाज लगाई लेकिन उत्तर नहीं मिला। इस पर दादी की ओर से वह अपने घर पहुंचा तो कोठरी में दुपट्टे के फंदे से मां का शव लटका देख उसके होश उड़ गए। चीख सुन पड़ोसी व अन्य परिजन पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। चचेरे देवर मुकेश ने बताया कि भाई की मौत के बाद से भाभी अवसाद में थी और बहुत कम बात करती थी। एक बेटी शालनी है जिसकी शादी हो गई है। बड़ा बेटा अजीत बाहर नौकरी करता है। छोटा बेटा रितिक भी नाइट ड्यूटी करने गया था। पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि महिला की आत्महत्या करने की सूचना मिली थी।

# नए कीर्तिमान गढ़े, नई शिक्षा नीति के साथ आगे बढ़े

## लखनऊ विश्वविद्यालय की शोध परियोजनाओं में 795 प्रतिशत, अनुदान में 168 प्रतिशत की वृद्धि

मार्कण्डेय पाण्डेय

अमृत विचारः कुलपति प्रो. मनुका खन्ना के प्रयास से वर्ष 2025 में लखनऊ विश्वविद्यालय ने कई नए कीर्तिमान गढ़े। विश्वविद्यालय की शोध परियोजनाओं में 795 प्रतिशत व अनुदान में 168 प्रतिशत तक वृद्धि हुई। इसके अलावा 121 अंतरराष्ट्रीय और 25 नए समझौते भी किए गए। विदेशी छात्रों की संख्या में 3881 प्रतिशत वृद्धि होने के साथ 76 देशों से आवेदन मिले। नई शिक्षा नीति सबसे पहले लागू करते लविवि देशभर में चर्चा में चर्चा में आया।

नई शिक्षा नीति-2020 को लागू करने और क्रियान्वयन विश्वविद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस वर्ष ही नई शिक्षा नीति के अनुरूप स्नातकों और परास्नातकों की नई पीढ़ी तैयार हुई है। चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम, बहु-प्रवेश और बहु-निकास विकल्प लागू किए गए। विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों में लचीलापन व शोध उन्मुखता को बढ़ावा दिया है। हालांकि प्रशासनिक व संसाधन संबंधी चुनौतियां बनी हुई हैं। भविष्य में विश्वविद्यालय का लक्ष्य शोध उत्कृष्टता, डिजिटल परिवर्तन और समावेशी शिक्षा को केंद्र में रखकर वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत करना है।

2025

### बढ़ते गए कदम

### शोध गुणवत्ता

- प्रकाशनों की संख्या बढ़ी है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च प्रभाव वाले शोध पत्रों की कमी बनी हुई है, जिसे दूर करने को विश्वविद्यालय प्रयासरत है।

### समानता और समावेशन


- ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों तक डिजिटल सुविधाओं की पहुंच अभी भी चुनौती है।

### भावी लक्ष्य

- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च प्रभाव वाले शोध पत्रों की संख्या बढ़ाना।
- उद्योग-शिक्षा सहयोग को मजबूत करना।

### मानव संसाधन विकास

- 249 नए शिक्षकों की नियुक्ति, शिक्षक-छात्र अनुपात 1:38 से घटकर 1:27 हुआ।
- गैर शिक्षण कर्मचारियों के लिए पदोन्नति और सुविधाओं में सुधार हुआ।



### डिजिटल परिवर्तन

- ई-लाइब्रेरी, परीक्षा पोर्टल, भर्ती पोर्टल और डिजिलॉकर पर 7 लाख से अधिक मार्कशीट अपलोड किया गया।
- सोशल मीडिया और मोबाइल ऐप से छात्रों तक 24x7 संचार और संवाद सुविधा।

### विश्वविद्यालय के समक्ष चुनौतियां

- संकायों और संस्थानों के संचालन में संसाधन की कमी।
- बढ़ती छात्र संख्या के अनुरूप हॉस्टल और प्रयोगशालाओं की क्षमता कम।



कुलपति प्रो. मनुका खन्ना।

### वैश्विक जुड़ाव

- अबतक 121 अंतरराष्ट्रीय एमओयू सक्रिय है जिसमें वर्ष 2024-25 में 25 नए समझौते हुए हैं।
- विदेशी छात्रों की संख्या में 3881 प्रतिशत वृद्धि हुई जिसमें कुल 76 देशों से आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### शैक्षणिक विविधीकरण

- योग, कृषि, प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल साइंसेज़ जैसे नए संकाय व संस्थान।
- ऑनलाइन और डिस्टेंस एजुकेशन सेंटर की स्थापना।

# 500 करोड़ की जीएसटी चोरी करने वाले आठ गिरफ्तार

## एसटीएफ ने अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों पर की मेरठ में कार्रवाई,फर्जी इनवॉयस और ई-वे बिल से लगा रहे थे चूना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** फर्जी इनवॉयस और ई-वे बिल के जरिए जीएसटी चोरी कर सरकार को करीब 500 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने वाले अंतरराज्यीय संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। गिरोह के आठ सदस्यों को शुक्रवार को मेरठ स्थित एसटीएफ मेरठ कार्यालय में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

एसटीएफ के डिप्टीएसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के अनुसार आरोपी विभिन्न राज्यों और उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में बोगस फर्मों का पंजीकरण कर फर्जी इनवॉयस और ई-वे बिल तैयार करते थे। इन दस्तावेजों के जरिए वास्तविक फर्मों को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) बेचा जाता था, जिससे बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी की जा रही थी। डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दिलशाद मलिक, रमेश पटेल, अंकुर तिवारी, स्वतंत्र कुमार तिवारी, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद सोहेल, जावेद मलिक और इकरामुद्दीन शामिल हैं। सभी आरोपी मेरठ, गाजियाबाद, दिल्ली, देवरिया और अंबेडकरनगर समेत विभिन्न स्थानों के निवासी हैं। एसटीएफ ने आरोपियों के कब्जे से 90 कूटरचित मोहर, 18 मोबाइल फोन, 54 चेकबुक, 54 डेबिट/क्रेडिट कार्ड, 7 पैन कार्ड, 5 आधार कार्ड, 4 वोटर कार्ड, 3 लैपटॉप, फर्जी ट्रांसपोर्ट बिल बुक, 25 फर्मों से जुड़ी बिलिंग फाइलें और चार लग्जरी कारें बरामद की हैं। इसके अलावा 3,370 रुपये नकद भी मिले हैं।

### कई राज्यों में फैला गिरोह का नेटवर्क

- जांच में खुलासा हुआ है कि गिरोह ने तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, झारखंड, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार, असम सहित कई राज्यों में बोगस फर्में पंजीकृत कर रखी थीं। उत्तर प्रदेश के मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, नोएडा, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और आगरा में भी कई फर्जी फर्में सामने आई हैं। आगरा की 'शर्मा इंटरप्राइजेज' नामक फर्म से ही करीब 137 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी की गई। इस मामले में एसटीएफ और जीएसटी विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की। इसके बाद आगरा के लोहामंडी थाने में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। एसटीएफ के मुताबिक जांच में कई और बड़े खुलासे होने की संभावना है।

### ऐसे चलता था फर्जीवाड़ा

- पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का सरगना दिलशाद मलिक मेरठ और गाजियाबाद में अकाउंटेंसी ऑफिस के जरिए नेटवर्क चलाता था। आरोपी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बोगस फर्में बनाते, बिना माल की खरीद के फर्जी बिक्री इनवॉयस काटते और ई-वे बिल व जीएसटी रिटर्न अपलोड करते थे। वास्तविक फर्म मालिक अपना जीएसटी नंबर और माल का विवरण व्हाट्सएप के जरिए देते थे, जिसके बदले उन्हें फर्जी आईटीसी उपलब्ध करा दी जाती थी। बैंक खातों के जरिए दिखावटी लेनदेन कर पूरे खेल को वैध दिखाया जाता था।

### बैंक खातों से दिखाया जाता था फर्जी लेन-देन

- फर्जी इनवॉयस में दर्शाई गई खरीद को वास्तविक दिखाने के लिए बैंक खातों के माध्यम से रकम का ट्रांसफर दिखाया जाता था। बाद में इस धनराशि की भरपाई नकद या अन्य बोगस फर्मों के जरिए सर्कुलर ट्रेडिंग दिखाकर कर ली जाती थी। जांच में यह भी सामने आया है कि विभिन्न फर्मों के लॉगिन आईडी और पासवर्ड अभियुक्तों के पास रहते थे, जिससे वे ओटीपी प्राप्त कर आसानी से बैंक लेन-देन करते थे।

### व्हाट्सएप से होती थी जीएसटी चोरी की डील

- अन्तरराज्यीय जीएसटी चोरी गिरोह के गिरफ्तार आरोपियों से की गई पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह का सरगना दिलशाद मलिक मेरठ के हापुड़ रोड स्थित ग्रांड स्क्वेयर प्लाजा और गाजियाबाद के आरडीसी स्थित देविका चैंबर में 'राणा एसोसिएट' के नाम से अकाउंटेंसी का काम करता था। यहीं से फर्जी फर्मों का पूरा नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। जीएसटी चोरी की डील व्हाट्सएप से होती थी। वहीं, लखनऊ में भी कई फर्जी फर्में बनाई गई थी। जिन पर करोड़ों का कारोबार हुआ। एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक दिलशाद मलिक के साथ सुहैल, वसीम, अंकुर तिवारी, स्वतंत्र तिवारी, रमेश और जावेद काम करते थे। यह सभी मिलकर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बोगस फर्मों का पंजीकरण कराते थे। बिना किसी वास्तविक खरीद-बिक्री के फर्जी सेल्स इनवॉयस काटे जाते, फर्जी ई-वे बिल तैयार कर जीएसटी पोर्टल पर अपलोड किए जाते और फर्जी जीएसटी रिटर्न फाइल कर दी जाती थी। जांच में खुलासा हुआ कि वास्तविक फर्मों के मालिक अपना जीएसटी नंबर, माल या सेवा का प्रकार, मात्रा और कीमत की जानकारी व्हाट्सएप के जरिए दिलशाद मलिक को भेजते थे। इसके बाद दिलशाद अपने सहयोगियों के माध्यम से पहले से बनी बोगस फर्मों के नाम पर फर्जी इनवॉयस और ई-वे बिल तैयार कर जीएसटी पोर्टल पर अपलोड करा देता था। यही विवरण आगे संबंधित वास्तविक फर्म मालिकों को उपलब्ध करा दिया जाता था, जिससे उन्हें फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ मिल जाता था।

### लखनऊ में भी बनाई गई थीं फर्जी फर्में

- एसटीएफ के अनुसार आरोपियों ने लखनऊ में भी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर छह बोगस फर्में—हर्ष ट्रेडर्स, इंदर इंटरप्राइजेज, आरके इंटरप्राइजेज, राहुल इंटरप्राइजेज, मार्शल इम्पैक्स और कुमार ट्रेडर्स—पंजीकृत कराई थीं। इन फर्मों के जरिए सर्कुलर ट्रेडिंग कर स्वयं की और अन्य वास्तविक फर्मों को लाभ पहुंचाया गया और करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी कर सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे और बड़े खुलासे होने की संभावना है और अन्य लाभार्थी फर्मों की भी जांच की जा रही है।

# रंगदारी न देने पर छात्र को पीटा, वीडियो किया पोस्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डर के चलते छात्र ने स्कूल जाना किया बंद

**अमृत विचारः** गाजीपुर थाना क्षेत्र में रंगदारी न मिलने पर सीनियर ने साथियों संग मिलकर हाईस्कूल की पिटाई की। यही नहीं वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। डर के चलते छात्र ने स्कूल जाने से इंकार कर दिया। आरोप है कि आरोपी केस वापस लेने के लिए धमका रहे हैं। इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

सर्वोदय नगर निवासी सर्वेश कुमार पांडेय ने बताया कि बेटा शुभ पांडेय भूतनाथ मार्केट के पास स्थित एक निजी स्कूल में हाईस्कूल का छात्र है। आरोप है कि स्कूल में पूर्व में पढ़ने वाला सीनियर अपने साथियों के साथ मिलकर रुपये की मांग करता है। रुपये न देने पर मारपीट करता है। 9 दिसंबर को बेटा शुभ और ध्रुव कोचिंग से लौट रहे थे। समुदीपुर चौराहे पर रास्ते में सीनियर छात्र ने करीब 10 साथियों के साथ मिलकर दोनों को रोक लिया। रंगदारी न देने पर दोनों को पीटा। आरोपियों के डर से शुभ ने स्कूल जाना छोड़ दिया।

पीड़ित छात्र ने परिजन को बताया कि आरोपी गैंग बनाकर स्कूल के पास ही घूमते रहते हैं। यही नहीं आरोपी छात्रों ने इंस्टाग्राम पर एक मीम पेज भी बनाया है। जिसमें हर घटना करने के बाद एक वीडियो शेयर करते हैं। आरोपियों ने शुभ के साथ मारपीट के बाद वीडियो डाला था।

### शादी में मारपीट

- **अमृत विचार, मलिहाबाद** : इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला (41) ने दुबग्गा के मलहा गांव के रहने वाले सौरभ, अमन, करन, सतेंद्र और दिव्यांश रावत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि 22 मई 2025 की रात लगभग 11:30 बजे वह पति और दो पुत्रियों के साथ खाना खा रही थीं। तभी आरोपी शराब के नशे में अभद्र टिप्पणियां करने लगे। जब पीड़िता का परिवार जगह बदलकर दूसरी जगह बैठने की कोशिश करने लगा। तब आरोपी उनके पास आकर अश्लील इशारे करने लगे। पति के विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और पास रखी लोहे की कुर्सी उनके सिर पर मार दी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने चेन, झुमकी और छह हजार रुपये लूट लिए।

# प्रॉपर्टी डीलर के बंद मकान से 18 लाख का माल ले गए

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के मोहान रोड स्थित पान खेड़ा गांव में एक बंद पड़े मकान को निशाना बनाया। चोरों ने दो लाख रुपये और 16 लाख के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित घर लौटा तो चोरी का पता चला। देखा तो सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी गायब है। घटना की सूचना मिलते ही पारा पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मूल रूप से फतेहपुर निवासी धनंजय सिंह पारा के पानखेड़ गांव में रहकर मैहर सिटी के नाम से प्रॉपर्टी डीलिंग करते हैं। उन्होंने बताया कि मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए फतेहपुर गए थे। वहीं, बच्चों की पढ़ाई के चलते उनकी पत्नी और बच्चे भी बाहर रह रहे थे। जिससे मकान काफी समय से बंद पड़ा था। जिसके बाद चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अलमारी व अन्य सामान खंगाला।

पीड़ित ने बताया कि चोर करीब दो लाख रुपये और लगभग 16 लाख रुपये जेवर चोरी लिया। वारदात के बाद चोर डीवीआर भी उखाड़कर ले गए। काकोरी इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# युवती से यौन शोषण करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, गोसाईगंजः** ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान युवती से दोस्ती और फिर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाले आरोपी को गोसाईगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने 21 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था कि नवम्बर 2022 में उसकी जान पहचान फ्री फायर ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान जमालपुर कुर्मियान गोसाईगंज निवासी वंश रावत से हुई थी। आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया और झांसा देकर दुष्कर्म किया था।

# नवविवाहिता समेत तीन ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचारः** पारा में नवविवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, ठाकुरगंज में फूलों की सजावट का काम करने वाले युवक ने कलह में शुक्रवार को फंदा लगाकर जान दे दी। उधर, नगराम में युवती ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

पारा स्थित नई काशीराम कालोनी निवासी समीर की शादी करीब दो माह पूर्व 5 अक्टूबर को मलिहाबाद निवासी समीना (20) से हुई थी। गुरुवार को समीर अपने काम पर गया था। शाम को जब वह लौटा तो समीना कमरे में दुपट्टे से बने फंदे पर लटकी थी। समीर ने किसी तरह उतारकर समीना को निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां से मरीज को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान समीना की मौत हो गयी। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि परिवार ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। पति वेटर का काम करता है। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। वहीं, नगराम के कुबरहा गांव में अंजू (19) ने घर के कमरे में छत के जाल में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवारजन ने घटना की सूचना नगराम पुलिस को दी। पुलिस ने छानबीन की लेकिन खुदकुशी का कारण स्पष्ट नहीं हो सके। एसओ विवेक चौधरी ने बताया कि परिवार ने कोई आरोप नहीं लगाए हैं। अगर तहरीर मिलती है तो उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।ठाकुरगंज के फरीदीपुर निवासी रतन कश्यप (34) गुरुवार शाम फूलों की सजावट के काम से गया था। शुक्रवार दोपहर नशे में घर लौटा। किसी बात पर उसकी पत्नी सपना से कहासुनी हो गयी। सपना दो साल की बीमार बेटी को लेकर दवा लेने गयी थी। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटी तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। आसपास के लोगों को बुलाकर दरवाजा तोड़ा गया। लोग जब अंदर पहुंचे तो रतन का शव फंदे से लटका मिला। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि रतन ने पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या की है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

- **अमृत विचार, सरोजनीनगर** : बिजनौर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रायबरेली के पारा निवासी कमलेश कुमार (25) महाराष्ट्र के पुणे में मजदूरी करता था। तीन दिन पहले वह बिजनौर के परवर पश्चिम स्थित ससुराल में गर्भवती पत्नी निशा को देखने के लिए आया था। गुरुवार देर शाम करीब 8 बजे खाना खाने के बाद कमलेश की तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होते देख साले नीरज ने कमलेश को पीजीआई स्थित ट्रामा-2 पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान कमलेश ने दम तोड़ दिया। इंस्पेक्टर बिजनौर कपिल गौतम का कहना है कि मामले में किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया है। अगर किसी की ओर से कोई तहरीर मिली तो रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसों में व्यवसायी, छात्र और मजदूर की मौत

संवाददाता, सरोजनीनगर

- बिजनौर में पुलिस स्टीकर लगी कार ने व्यवसायी को रौंदा
- उल्टी दिशा में आ रहे डंपर ने छात्र की मार में मारी टक्कर
- अस्पताल में भर्ती प्रसूता पत्नी को खाना लेकर जा रहा था मजदूर

**अमृत विचारः** बिजनौर थाना क्षेत्र में पुलिस का स्टीकर लगी कार ने बाइक सवार टेंट व्यवसायी को रौंद दिया। टक्कर मारने के बाद कार एक दीवार से टकराकर रूक गयी। जिसके बाद कार सवार चार लोग भाग निकले। वहीं, बंथरा में उलटी दिशा से आ रहे डंपर ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार बीटेक छात्र की मौत हो गयी। इसी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह अस्पताल में भर्ती पत्नी के लिए खाना लेकर जा रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। मजदूर की पत्नी ने एक दिन पहले ही बच्ची को जन्म दिया था।

बिजनौर के परवर पश्चिम निवासी अमर सिंह का बेटा अनुराग सिंह (23) टेंट हाउस चलाता था। गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे वह बाइक से घर से कुछ दूर स्थित प्राइवेट फैक्ट्री में दोस्त को समोसा देने जा रहा था। कुछ दूरी पर स्विफ्ट डिजायर कार बाइक में टक्कर मारते हुए दीवार से टकरा गई। चालक कार छोड़कर भाग निकला। हादसे में गंभीर रूप से घायल अनुराग को परिजन ट्रामा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। कार के आगे-पीछे शीशे पर पुलिस का स्टीकर लगा है। पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मृतक के परिवार में पिता, मां पूजा सिंह, दो भाई व एक बहन हैं।



सड़क हादसे में मृतक गोविंद और सक्षम।

सरोजनीनगर के पिपरसण्ड गांव के किसान धीरज शुक्ला का बेटा सक्षम शुक्ला (19) उन्नाव के नवाबगंज स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। बुधवार सुबह करीब 9 बजे वह कंप्यूटर की परीक्षा देने स्विफ्ट कार से यूनिवर्सिटी जा रहा था। बंथरा स्थित हिंदुस्तान अकादमी के पास उलटी दिशा से आ रहे डंपर ने कार में टक्कर मार दी। गंभीर रूप सक्षम को पुलिस ने ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने डंपर छोड़कर भागे चालक की तलाश कर रही है। मृतक के परिवार में पिता, मां लक्ष्मी व छोटी बहन छवि है।

उधर, बंथरा के पिपहरी गांव निवासी मजदूर गोविंद कुमार रावत (43) की पत्नी अंजली ने बुधवार को बच्चे को जन्म दिया। वह कानपुर रोड स्थित कटी बगिया के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती है। गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे गोविंद बंथरा के चनखरा निवासी बहन ईशा के घर से अंजली खाना लेकर पैदल अस्पताल जा रहा था। कानपुर रोड पर दादूपुर मोड़ के सामने अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी सरोजनीनगर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने गोविंद को मृत घोषित कर दिया। करीब दो वर्ष पहले ही उसने प्रेम विवाह किया था।

# फॉरच्यूनर कार की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत, लगा जाम

संवाददाता, निगोहां

- निगोहां के हरवंश खेड़ा नर्सरी मोड़ के पास हुआ हादसा
- दुबग्गा में वाहन की टक्कर से गई संविदाकर्मी की जान

**अमृत विचारः** निगोहां के हरवंश खेड़ा नर्सरी मोड़ के पास बाइक सवार मजदूर को कुचलते हुए बेकाबू फॉरच्यूनर कार डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी पटरी पर जा गिरी। हादसे में बाइक सवार मजदूर की मौत हो गई, जबकि कार सवार भाग निकले। वहीं, मोहनलालगंज के फुलवरिया मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक डिवाइडर से टकरा गयी। हादसे में मजदूर की मौत हो गयी। उधर, दुबग्गा में अज्ञात वाहन की टक्कर से कृषि विभाग के संविदाकर्मी की मौत हो गयी।

निगोहां के टिकरा गांव निवासी मजदूर कुलदीप (25) गुरुवार शाम को बाइक से निगोहां कस्बे से घर जा रहा था। रास्ते में हरवंश खेड़ा मोड़ पर रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रही बेकाबू फॉरच्यूनर कार बाइक को टक्कर मार दी। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि फॉरच्यूनर डिवाइडर में लगे इंडिकेट बोर्ड को तोड़ते हुए दूसरी पटरी पर जा गिरी। घटना में बाइक सवार भी गंभीर रुप से घायल हो गया।

हादसे से लखनऊ-रायबरेली हाइवे पर जाम लग गया। पुलिस ने एनएचएआई की एम्बुलेंस की मदद से घायल को ट्रामा भेजा, जहां पर डॉक्टरों ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद फॉरच्यूनर सवार लोग गाड़ी छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने क्रेन की मदद से घटनाग्रस्त वाहनों को हाइवे से हटाया, जिसके बाद आवागमन धीरे-धीरे सुचारू रूप से चल पाया। मृतक के परिवार में मां माधुरी, पत्नी ज्योति, दो साल की बेटी काव्या और चार भाई संदीप, सुजीत, सुकेश व दुर्गेश हैं। पीजीआई के ईश्वरीखेड़ा निवासी अखिलेश कुमार (35) रंजीतखेड़ा में मकान का निर्माण का कार्य कर रहा था। गुरुवार देर शाम वह बाइक से घर लौट रहा था। मोहनलालगंज स्थित फुलवरिया मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 40 फीसदी से अधिक अनुसूचित जाति आबादी वाले गांवों में बढ़ेंगी सुविधाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 12,492 गांवों में बुनियादी सुविधाओं की सौगात

**अमृत विचार:** प्रदेश में वर्ष 2025-26 तक 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले 12,492 ग्रामों का चयन किया गया है। चयनित ग्रामों की न्यूनतम जनसंख्या 500 निर्धारित की गई है, ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

इन ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालयों का निर्माण, सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट की स्थापना, बोरवेल, डिजिटल लाइब्रेरी, ट्रांसफॉर्मर, मोटर शेड, शवदाह गृह तथा पाइपलाइन एक्सटेंशन जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर, शिक्षा और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस बाबत उप्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध निदेशक शिव प्रसाद ने बताया कि समाज कल्याण की कार्यदायी संस्था यूपीसिडको के माध्यम से अब तक 2562 ग्रामों में विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 910 ग्रामों में कार्य पूरे हो चुका है, जबकि शेष ग्रामों में कार्य तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि योजना के टर्मिनल वर्ष को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत अब ग्राम पंचायतों को ही कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। इससे एक ओर जहां प्रशासनिक प्रक्रिया सरल हुई है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर निगरानी और जवाबदेही भी सुनिश्चित हो रही है।

# मदरसा शिक्षक मौलाना शम्सुल पर ईडी ने दर्ज की एफआईआर

## 33 करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्ति बनाई, घरेलू और विदेशी संस्थाओं से मिले 5 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ब्रिटिश नागरिकता प्राप्त करने के बाद एक दशक तक धोखाधड़ी से उठाता रहा वेतन

**अमृत विचार:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आजमगढ़ स्थित पूर्व सरकारी मान्यता प्राप्त मदरसा शिक्षक मौलाना शमशुल हुदा खान के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया है। शमशुल हुदा खान पर आरोप है कि उन्होंने ब्रिटिश नागरिकता प्राप्त करने के बाद एक दशक तक धोखाधड़ी से सरकारी वेतन और सेवानिवृत्ति लाभ लिया। उसने 33 करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्ति बनाई और संदिग्ध घरेलू व विदेशी संस्थाओं से 5 करोड़ रुपये हासिल किये। पाकिस्तान के धार्मिक संगठनों और ब्रिटेन स्थित कट्टरपंथी नेटवर्क से उनके संबंधों की भी जांच की जा रही है।

मनी लॉन्ड्रिंग की यह जांच कई एफआईआर, उत्तर प्रदेश आतंकवाद-विरोधी दस्ते (एटीएस) की विस्तृत जांच और संत कबीर नगर पुलिस अधिकारियों द्वारा साझा की गई खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू की गई है। इन जानकारियों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में संभावित विदेशी फंडिंग, गैर सरकारी संगठनों के दुरुपयोग और वैचारिक प्रभाव के अभियानों का जिक्र था। आधिकारिक रिकॉर्ड से पता चलता है कि खान को 1984 में एक सरकारी सहायता प्राप्त मदरसे में सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। 2007 में भारत छोड़कर ब्रिटेन में स्थायी रूप से बस जाने के बाद चिकित्सा अवकाश के लिए आवेदन किया। सेवा रिकॉर्ड को अपडेट करने के बाद 2017 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्राप्त कर ली। जिसमें उन्हें पूरा वेतन और पेंशन लाभ मिलता रहा। आरोप है कि 2013 में ब्रिटिश नागरिकता प्राप्त करने के बाद भी उन्हें लगभग दस वर्षों तक लगातार लगभग 16 लाख रुपये का सरकारी वेतन मिलता रहा।

घोटाले के खुलासे के बाद यूपी सरकार ने 22 नवंबर को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के चार वरिष्ठ अधिकारियों को निलंबित कर दिया। उन पर आरोप है कि उन्होंने खान की लंबे समय तक अनुपस्थिति और विदेशी नागरिकता के बावजूद अवैध वेतन वितरण में सहायता की, अनधिकृत अवकाश स्वीकृत किए और सेवानिवृत्ति संबंधी दस्तावेजों को मंजूरी दी।

### विदेशी लेनदेन की जांच शुरू

ईडी अब खान के भारत में स्थित आठ बैंक खातों, उनके विदेशी निवेशों और कई विदेशी लेन-देनों की जांच कर रही है। इसके अलावा, एजेंसी के सूत्रों ने खुलासा किया कि खान ने आजमगढ़ और संत कबीर नगर में दो मदरसे स्थापित किए थे, जिन्हें बाद में सरकारी अधिकारियों ने नियमों का उल्लंघन करने के कारण रद्द कर दिया था। जांचकर्ता यह पता लगा रहे हैं कि क्या इन संस्थानों का इस्तेमाल विदेशी धन या वैचारिक लामबंदी के लिए किया गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ:** कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा की पुण्यतिथि एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार उधम सिंह की जयंती भी मनाई गई। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने तीनों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने सरल, ईमानदार और विद्वान व्यक्तित्व के बल पर देश को आर्थिक रूप से मजबूत किया। उन्होंने उदारीकरण, आर्थिक सुधार और सामाजिक समावेशन के माध्यम से भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी, जिसे देश हमेशा याद रखेगा। कांग्रेस पार्टी उनके विचारों और सिद्धांतों पर चलते हुए जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करती रहेगी।

### चोरी करते धरे गए दो शातिर

**अमृत विचार, लखनऊ:** कैसरबाग पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एसी का आउट डोर, कॉपर वायर व चोरी में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम उमा शंकर निवासी बादशाह नगर सचिवालय कालोनी महानगर और विराट जखमोला निवासी कैलाशपुरी बताया। मामले में सरवरी अपार्टमेंट निवासी तनवीर अहमद सिद्दीकी ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### तीन जेसीबी व सात ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**अमृत विचार, गोसाईंगंज:** पुलिस ने मोहम्मदपुर गढ़ी में अवैध खनन में लगी तीन जेसीबी मशीन व सात ट्रैक्टर-ट्रालियों को सीज कर दिया है। इंस्पेक्टर गोसाईगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को अवैध खनन की सूचना मिलने पर खनन अधिकारी को जानकारी दी गई। जिसके बाद खनन अधिकारी व पुलिस टीम ने मौके पर जाकर देखा तो जेसीबी मशीनों द्वारा मिट्टी का खनन कर उसे ट्रैक्टर ट्रॉलियों में लादकर परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने जेसीबी मशीन चालकों से मिट्टी के खनन एवं परिवहन संबंधी कागजात मांगे गए तो वे नहीं दिखा सके।

### अंडा दुकानदार को पीटा, पलटा ठेला

**अमृत विचार, आलमबाग:** थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम दबंग दो युवकों ने एक अंडा विक्रेता की जमकर पिटाई कर अंडे का ठेला पलट दिया। जिससे पीड़ित को काफी नुकसान हुआ। पीड़ित की शिकायत पर आलमबाग पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आजाद नगर निवासी दुर्गेश पाल गीतापल्ली तिराहे के पास अपनी अंडे की ठेला लगाता है। पीड़ित ने बताया कि गुरुवार शाम करीब 8 बजे निखिल यादव निवासी होमगार्ड मुख्यालय आलमबाग, अनुराग यादव उर्फ कमल ठाकुर निवासी कैलाशपुरी आलमबाग ठेले पर पहुंचे। मारपीट करते हुए अंडे का ठेला पलट दिया। लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### वर्षों से खराब पानी की टंकी, श्रद्धालु परेशान

**अमृत विचार, नैमिषारण्य/सीतापुर :** गोमती नदी के मुख्य मार्ग पर बनी पानी की टंकी सालों से खराब पड़ी है। इस ओर से रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु गुजरते हैं। ऐसे में उनको प्यास लगने पर परेशानी का सामना करना पड़ता है। मजबूरीवश उन्हें बोतलबंद पानी खरीदना पड़ता है। यहां से गुजरने वाले राहगीरों को भी इस समस्या से रोजाना दो-चार होना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी रामनरेश, गोविंद, रामखेलावन, सुरेश, रामू, श्रीराम सहित अन्य लोगों ने स्थानीय प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराते हुए शीघ्र ही समाधान कराने की मांग की है।

# मुख्य स्नान पर्वों पर वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं

## मुख्यमंत्री योगी ने प्रयागराज माघ मेला की तैयारी की समीक्षा की, 3 जनवरी से 15 फरवरी तक होगा आयोजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अपने सरकारी आवास पर माघ मेले की तैयारी के संबन्ध में शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माघ मेला केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन परंपरा, सामाजिक अनुशासन और प्रशासनिक दक्षता का सजीव उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मुख्य स्नान पर्वों पर कोई वीआईपी प्रोटोकाल नहीं होगा। संगम पर कल्पवास, स्नान और साधना की परंपरा भारतीय सांस्कृतिक चेतना की आत्मा है, इस वर्ष 15 से 25 लाख श्रद्धालु केवल कल्पवासी होंगे। योगी ने माघ मेले की तैयारी को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की।

बताया गया कि इस वर्ष मेला क्षेत्र 800 हेक्टेयर तक विस्तारित, घाटों की लंबाई में 50 प्रतिशत वृद्धि अब तक 4599 संस्थाओं को भूमि आवंटन पूरा एआई आधारित सर्विलांस और रीयल टाइम मॉनिटरिंग से होगा। भीड़ व सुरक्षा प्रबंधन माघ मेला-2026 में पहली बार ऐप आधारित बाइक टैक्सी भी चलेगी। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर अव्यवस्था या असुविधा न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि माघ मेले से जुड़े सभी विभागों के प्रमुख सचिव/सचिव स्तर के अधिकारी और अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था स्वयं मेला क्षेत्र जाकर तैयारी की समीक्षा करें। 31 दिसम्बर तक सारी तैयारी पूरी कर ली जाए। बैठक में मंडलायुक्त प्रयागराज ने बताया कि माघ मेला-2026 का आयोजन तीन जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक कुल 44 दिनों तक होगा। इस दौरान पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि जैसे प्रमुख स्नान पर्व पड़ेंगे। पूरे मेला काल में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जबकि मौनी अमावस्या जैसे प्रमुख पर्व पर एक ही दिन में साढ़े तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाएं उसी अनुरूप की जा रही हैं।

# सैन्यकर्मी के बंद मकान में लाखों की चोरी

संवाददाता, पीजीआई

- कैमरे में दिखे चोर, घटना के समय परिवार गया था कानपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में चोरों ने सैन्यकर्मी के बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवर और नकदी चोरी कर ली। चोरी की पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

वृंदावन योजना सेक्टर-18 सी निवासी दिलीप कुमार गुप्ता गुरुवार सुबह पत्नी और दो बेटों के साथ कानपुर गए थे। घर में रखे एक्वेरियम की मछलियों को दाना डालने के लिए उन्होंने पड़ोसी को चाबी दी थी। इसी दौरान चोरों ने घर को अपना निशाना बना लिया। शुक्रवार सुबह जब पड़ोसी घर पहुंचा तो उसे कुछ संदिग्ध नजर आया। उसने तुरंत मकान मालिक को फोन कर जानकारी दी। इसके बाद परिजन ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें चोर बैठक का ताला तोड़कर घर में घुसते और एक डाले (कंटेनर) में कीमती सामान भरकर फरार होते दिखाई दिए। परिजन कानपुर से लखनऊ पहुंचे और पीजीआई थाने में घटना की तहरीर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। एडिशनल इंस्पेक्टर विनोद कुमार पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### घर में घुसकर जेवर और नकदी ले गए चोर

**अमृत विचार, हरदोई :** रात के अंधेरे में घुसे चोर घर के बक्सों में रखा ज़ेवर और नकदी समेट कर भाग निकले, अगली सुबह इसका पता होने पर पुलिस को तहरीर दी गई है। मामला बघौली थाने के बरबटापुर का बताया जा रहा है। बरबटापुर निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बुधवार की रात उसके घर चोर घुसे और ज़ेवर के अलावा एक हज़ार रुपये समेट कर भाग निकले।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

**अमृत विचार, सीतापुर :** सदना और बिसवां इलाके में दो स्थानों पर सड़क हादसे हुए। हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। संबंधित थानों की पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

संदना थाना क्षेत्र का नया गांव निवासी प्रेमी (45) मजदूरी करने अपने घर से निकला था। बताते हैं कि वह किसी काम से सड़क किनारे जा रहा था, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे प्रेमी की मौके पर मौत हो गई। उधर, बिसवां कोतवाली क्षेत्र के गणेशपुर गांव की रूबी (35) अपने पति के साथ साइकिल से बाजार आई थी। बाजार में वह चप्पल खरीदने के लिए सड़क किनारे रुकी थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने चपेट में ले लिया। हादसे में रूबी की मौके पर ही मौत हो गई।

**कोहरे के कारण हादसा, सगे भाइयों की हालत गंभीर :** गुरुवार को इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में सड़क हादसे में दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज में जारी है। गुरुवार की सुबह कचनार निवासी दो सगे भाई हर्षित और अर्पित घर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार इलाके के शेरपुर गांव के पास पहुंची तो उसी बीच घने कोहरे की चादर की आड़ से निकल रहे ट्रैक्टर- ट्राली से कार की टक्कर हो गई।

# जंगली जानवर के पगचिह्न मिले, ग्रामीणों में दहशत

**अमृत विचार, लहरपुर/सीतापुर :** इलाके के आठ दिनों से लगातार अज्ञात जंगली जानवर के पग चिह्नों के मिलने से ग्रामीणों व किसानों में दहशत का माहौल है। ग्राम रमुवापुर में गेहूं व सरसों के खेतों में शाम को फसल की देखभाल करने जा रहे किसानों ने प्रमोद के खेत में अज्ञात जंगली जानवर के पग चिह्न देखकर ग्रामीणों को सूचना दी। वन दरोगा राजकुमार वर्मा व उनकी टीम ने मौके का निरीक्षण कर ग्रामीणों को जागरूक किया। वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि सभी प्रभावित स्थानों की निगरानी कर किसानों को सजग रहने व लाठी-डंडे लेकर समूह में जाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# मुठभेड़ में टप्पेबाज गिरफ्तार

**अमृत विचार, हरदोई, सांडी :** अधेड़ के साथ हुई टप्पेबाजी की छानबीन कर रही सांडी पुलिस ने मुठभेड़ में एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका साथी भाग निकला। मुठभेड़ में एक हेड कांस्टेबल भी घायल हो गया है।

गुरुवार को सांडी थाने के कुवंरियापुर निवासी श्रवण कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी बहू सांडी के एक निजी हास्पिटल में भर्ती थी। वह उसके लिए चाय लेकर घर से निकला था। रास्ते में बाइक सवार दो युवकों ने उसे लिफ्ट दी और सांडी तिराहे पर छोड़ दिया। बाइक से उतरने पर उसकी जेब में रखे 20 हजार रुपये गायब थे। उसकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर पुलिस छानबीन में जुट गई। गुरुवार की रात मामले की छानबीन में जुटे एसएचओ सांडी राकेश कुमार यादव अपनी टीम-6 के साथ गंगा एक्सप्रेस-वे के अंटवा अंडर पास के करीब चेकिंग कर रहे थे, उसी बीच एक बाइक पर सवार दो युवक कन्नौज की तरफ जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया तो बाइक सवार भागने लगे। घेराबंदी होने पर बदमाशों ने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और दोनों गिर पड़े। बाइक पर सवार एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम प्रदीप उर्फ दीपू निवासी तिर्वा ज़िला कन्नौज बताया। उसके पास से टप्पेबाज़ी में पार किए गए 20 हज़ार रुपये, अपाचे बाइक, तमंचा, कारतूस और खोखा बरामद हुआ है।



शुक्रवार को दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान पुष्पगुच्छ देते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

# अनुदेशक ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- परिजन बोले- बीएलओ कार्य के दौरान था अत्यधिक दबाव
- घटनास्थल पर मिले कागजात और बीएलओ कार्य से जुड़ी सूची

**अमृत विचार :** अनुदेशक ने फंदा लगाकर अपने ही घर में आत्महत्या कर ली। घटना के कारणों को लेकर परिवार के लोगों का दावा है कि वह एसआईआर कार्य के बोझ से परेशान चल रहा था, इसी कारण अनुदेशक ने अपनी जान दे दी। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपों की जांच शुरू की है।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय दरियापुर में कार्यरत अनुदेशक उमेश शुक्ला अटरिया कस्बे में किराये के मकान में रहते थे। रामपुर कला थानाक्षेत्र के पलिया गांव वासी अनुदेशक उमेश शुक्ला (30) पुत्र काशी प्रसाद शुक्ला किराये के मकान में रह रहे थे।



उमेश (फाइल फोटो)

चचेरे भाई दिनेश शुक्ला के मुताबिक, उमेश 2013 में भर्ती हुए थे। रोज की तरह वो अपने कमरे में सुबह से ही काम कर रहे थे। देर तक बाहर नहीं निकले थे। तो पड़ोसियों को आशंका हुई, फिर लोगों ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। काफी देर के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो परिवार के लोगों को सूचना दी। इसी के बाद पुलिस भी पहुंची। लोहे का दरवाजा काटकर कमरा खोला गया। कमरे के भीतर शव पंखे में मफलर के सहारे लटक रहा था। कमरे के भीतर मेज पर एसआईआर से जुड़े कागजात और लिस्ट पड़ी थी।

परिवार के लोगों का आरोप है कि उमेश पिछले कई दिनों से एसआईआर के कार्य के बोझ से परेशान चल रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपों की जांच की जा रही है। निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# टूटी चप्पल न बदलने पर गैर जमानती वारंट

**अमृत विचार, सीतापुर :** टूटी चप्पल न बदलने का खामियाजा एक शोरूम के मैनेजर को भुगतना पड़ा। न्यायालय ने आरोपी के विरुद्ध गैर जमानती वारंट का आदेश दिया है। एएसपी ने बताया कि न्यायालय के आदेशों का अनुपालन किया जाएगा।

बट्सगंज निवासी आरिफ के मुताबिक, उन्होंने 17 मई 2022 को ट्रांसपोर्ट चौराहे के पास लिबर्टी शोरूम से 1700 रुपये की एक जोड़ी चप्पल खरीदी थी। आरोप है कि छह महीने वारंटी वाली चप्पल एक महीने में टूट गई। जब उसने मैनेजर से चप्पल बदलने को कहा तो उन्होंने इंकार दिया। दबाव डालने पर चप्पल तो रख ली, लेकिन नई चप्पल या रुपये वापस नहीं किए। आरिफ ने जिला उपभोक्ता फोरम की शरण ली। जिस पर फोरम ने कुल 9200 रुपये का भुगतान करने के निर्देश दिए। फोरम के इस आदेश का भी जब पालन नहीं हुआ। तो आरोपी शोरूम मैनेजर मोहम्मद उस्मान के खिलाफ जिला उपभोक्ता फोरम ने एसपी अंकुर अग्रवाल को निर्देश दिए कि 2 जनवरी 2026 तक आरोपी मैनेजर को गिरफ्तार कर फोरम के समक्ष पेश किया जाए। एएसपी उत्तरी आलोक सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेशों का अनुपालन होगा।

बढ़ते कदम

## मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में आईटी सेक्टर को मिला नया विस्तार

# देश का उभरता डिजिटल हब बन रहा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पार्क्स ऑफ इंडिया के तहत प्रदेश में 400 इकाइयां पंजीकृत

**अमृत विचार :** प्रदेश तेजी से देश के प्रमुख आईटी और डिजिटल हब के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लागू की गई नीतियों और मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था का असर अब धरातल स्टार पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। प्रदेश में आईटी कंपनियों का लगातार विस्तार हो रहा है, जो रोजगार सृजन निवेश और तकनीकी नवाचार के नए अवसर पैदा कर रही हैं। इनमें से सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के अंतर्गत प्रदेश में लगभग 400 आईटी कंपनियां पंजीकृत हैं।

प्रदेश में संचालित आईटी कंपनियों में स्टार्टअप्स, मध्यम उद्यम और वैश्विक स्तर की बड़ी कंपनियां शामिल हैं। ये कंपनियां मुख्य रूप से सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, आईटीईएस, क्लाउड सर्विसेज और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सेवाओं पर कार्य कर रही हैं। आईटी विशेषज्ञ प्रदीप यादव का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की टेक्नोलॉजी सेक्टर को बढ़ावा देने विजन से आईटी कंपनियों का उत्तर प्रदेश की ओर रुझान बढ़ रहा है।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्रदेश के सबसे बड़े आईटी गंतव्य के रूप में स्थापित हो चुके हैं। जो डेटा सेंटर और नई तकनीकों पर आधारित सेवाएं प्रदान करने का काम कर रहे हैं। इसके अलावा कानपुर और वाराणसी जैसे शहर भी तेजी से उभरते डिजिटल केंद्र बन रहे हैं, जिससे प्रदेश के संतुलित विकास को मजबूती मिल रही है। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के अंतर्गत प्रदेश में लगभग 400 इकाइयां पंजीकृत हैं। ये इकाइयां आईटी निर्यात में अहम भूमिका निभा रही हैं। आईटी विशेषज्ञों का कहना है कि वर्ष 2026 तक प्रदेश में एसटीपीआई पंजीकृत इकाइयों की संख्या 500 से अधिक हो जाएगी।

उत्तर प्रदेश में माइक्रोसॉफ्ट, टीसीएस, एचसीएल, विप्रो, इंफोसिस, पेटीएम और एडोब जैसी प्रमुख कंपनियां बड़े स्तर पर संचालन कर रही हैं। इसके साथ ही लगभग 90 ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) स्थापित किए जा चुके हैं, जहां रिसर्च और उच्च स्तरीय सेवाओं पर काम हो रहा है। इन कंपनियों की मौजूदगी से प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर पर काम करने का अवसर मिल रहा है।

# भाजपा राज में बाटी-चोखा नहीं, मिल रहा माटी-धोखा



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि मौजूदा शासन में आम जनता को सम्मान और अधिकार के बजाय केवल उपेक्षा और तिरस्कार झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में 'बाटी-चोखा' जैसे जनसंस्कृति के प्रतीक भी अब केवल 'माटी-धोखा' बनकर रह गए हैं।

सपा प्रमुख ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि आज भाजपा से जुड़ना एक नकारात्मक पहचान बन चुका है। आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोग पर्यावरण, कानून और नैतिकता की परवाह किए बिना केवल निजी लाभ के लिए काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार के दौर में अमीर-गरीब के बीच खाई बढ़ी है, संसाधनों पर कुछ लोगों का एकाधिकार स्थापित किया जा रहा है। समाज को भय के माहौल में बांटकर राजनीतिक लाभ लिया जा रहा है।

**हापुड़ के आलू किसानों का भुगतान तुरंत हो :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हापुड़ के आलू किसानों का बकाया भुगतान तत्काल किए जाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भुगतान शीघ्र नहीं मिला तो पार्टी आंदोलन को और व्यापक बनाएगी।

# शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा पिता-पुत्र गिरफ्तार

**अमृत विचार, सीतापुर :** रेउसा पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिसने भोला उर्फ बढ़ई व संतोष निवासी लोनियनपुरवा मजरा काजीपुर थाना बिसवां (हाल पता ग्राम जबरपुरवा मजरा सेवता थाना रेउसा) को जबरपुरवा गांव के बाहर से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से करीब एक दर्जन निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र, 5 तमंचे निर्मित 315 बोर, 2 तमंचे अर्द्धनिर्मित 315 बोर, 3 तमंचा निर्मित 12 बोर, 1 तमंचा अर्द्धनिर्मित 12 बोर, 1 बन्दूक, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर तथा 3 खोखा 12 बोर, 2 खोखा 315 बोर व शस्त्र बनाने के उपकरण मिले।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक पर धारदार हथियार से हमला

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में दबंगों ने घात लगाकर युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। बेहोश युवक को परिजन कोतवाली लेकर गए फिर शिकायत दर्ज कराई। आवास विकास भवन कोठीडीह निवासी अभय यादव पुत्र रामजीत 20 दिसंबर की शाम टहलने जा रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे कुलदीप यादव, शमशेर यादव उर्फ शेरा, मनीष यादव व 2-3 अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया और गालियां देने लगे। विरोध पर आरोप है कि शमशेर यादव के ललकारने पर सभी उस पर टूट पड़े।

### छेड़छाड़ के विरोध पर मां-बेटी की पिटाई

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में अलाव तापते समय छेड़छाड़ के विरोध पर मां- बेटी की पिटाई कर दी गई। पीड़िता के अनुसार वह घर के बाहर अलाव ताप रही थी। इस दौरान उसकी मां भी मौके पर मौजूद थीं। तभी बबलू उर्फ बुल्लू वहां अलाव तापने लगा। इसी दौरान उसका हाथ युवती से टकरा गया। युवती के विरोध पर बबलू ने भाइयों हलीम और सिराज को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि तीनों ने मिलकर मां-बेटी के साथ मारपीट की।

### लापता बेटा तलाशने के नाम पर महिला से ठगी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** खुद को ज्योतिषी बताते हुए लापता बेटा तलाशने के नाम पर महिला से जेवर नकदी हड़प ली गई। पीड़िता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। कोठीडीह की राजकुमारी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा लगभग 10 वर्ष पूर्व लापता हो गया था। इसी दौरान चार वर्ष पूर्व उनकी मुलाकात सिराजुल हसन से हुई। आरोप है कि सिराजुल ने स्वयं को ज्योतिषी बताते हुए 21 दिनमें बेटे को खोजने का दावा किया और इसके बदले गहने व नकदी मांगी। उसने आरोपी को एक सोने की नथ, कान का बाला, दो चांदी के सिक्के और पांच हजार रुपये नकद दे दिए।

# लॉज में फंदे से लटका मिला लखनऊ के युवक का शव

- विभिन्न स्थानों पर दो अन्य लोगों के शव फंदे से लटके मिले

**बाराबंकी अमृत विचार :** अलग अलग जगहों पर दो युवकों व एक महिला के शव फंदे से लटके मिले। शहर के छाया चौराहे के पास स्थित एक लॉज में देर रात कर्मचारियों ने लखनऊ के एक युवक का शव कमरे में फंदे से लटका देखा।

मोबाइल फोन की जांच के आधार पर शव की पहचान लखनऊ के राजाजीपुरम थाना क्षेत्र अंतर्गत टिकैतराय तालाब निवासी शशांक सक्सेना (35) के रूप में हुई है। शहर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला कलह से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। बड्डूपुर के परवर भारी की शिवरानी (44) पत्नी स्व. छत्रपाल यादव का शव गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे घर में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोठी थाना क्षेत्र में एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिला। असदामऊ निवासी मुलायम यादव ने बताया कि उनका चचेरा भाई शरद यादव (20) पुत्र सत्यनाम गुरुवार की सुबह खेत गया था। आधे घंटे बाद उसका छोटा भाई पुष्पेन्द्र खेत की ओर गया तो उसने खेत में लगे अमरूद के पेड़ से बने रस्सी के फंदे से लटकता शरद का शव देखा।

# दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शुक्रवार को दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना सफदरगंज क्षेत्र के परसा गांव की है। श्रीकांत वर्मा (40) रात करीब आठ बजे अपने घर पर ट्रैक्टर-ट्राली पर धान की बोरियां लाद रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह गिर पड़े, सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दरियाबाद के दनापुर क्यामपुर गांव वासी घनश्याम दुकान का सामान लेने जा रहे थे। बभनाभारी चौराहे के पास ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर मौत हो गई। ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

# पूजा को मिला प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

उपलब्धि



नयी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पुरस्कार पातीं पूजा पाल।



पिता पुत्तीलाल और शिक्षक राजीव श्रीवास्तव के साथ पूजा।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सिरौली गौसपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत डलई पुरवा निवासिनी छात्रा पूजा पाल को शुक्रवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया। धूल रहित थ्रेशर मॉडल बनाने वाली पूजा को यह सम्मान नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया गया। राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह के बाद भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूजा समेत सभी 20 पुरस्कार विजेता बच्चों से मुलाकात की।

उच्च प्राथमिक विद्यालय अगेहरा में कक्षा 8 में पढ़ते हुए पूजा ने भूसा-धूल पृथक्करण यंत्र का निर्माण किया। गाइड शिक्षक राजीव श्रीवास्तव ने उसकी प्रतिभा पहचानी। मण्डल स्तर पर सफलता के बाद पूजा ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश से चयनित 10 प्रतिभागियों में स्थान बनाया। इसके बाद अक्टूबर 2023 में राष्ट्रीय स्तर की इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में वह विजयी रही, जहां उसे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। जनवरी 2024 में आईआईएसईएस नेशनल फेयर में भी पूजा को 100 प्रतिभागियों में स्थान मिला। भारत सरकार ने बीते जून में पूजा को एक सप्ताह के शैक्षणिक भ्रमण पर जापान भेजा था। वर्तमान में पूजा फतेहचंद जगदीश राय इंटर कॉलेज सफदरगंज में कक्षा 12 की छात्रा है। पूजा पाल को प्रधानमंत्री मोदी की डॉक्युमेंट्री कर्मयोगः एक अंतहीन यात्रा जो उनके 75 वें जन्मदिवस पर लांच की गई थी, उसमें भी शामिल किया गया था।

# सीतापुर में चली गोलियां, पिता-पुत्र की मौत

## इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के फत्तेपुर मातिन गांव में हुई वारदात, पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया

दुस्साहस

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर





अख्तर व महशर की फाइल फोटो

**अमृत विचार :** इमलिया सुल्तानपुर इलाके में शुक्रवार की देर शाम रंजिश में घात लगाकर पिता-पुत्र पर हमला किया गया। कई राउंड गोलियां भी चलीं। दुस्साहसिक वारदात में पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसपी कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

थानाक्षेत्र के फत्तेपुर मातिन निवासी छोटू उर्फ अख्तर खां का गांव के ही अर्कवंशी समाज के लोगों से रंजिश चली आ रही थी। बताते हैं कि गुरुवार को रणधीर आरख, तामू सिंह, झगड़ू और अख्तर पक्षों के बीच विवाद हुआ। इसमें पुलिस ने शांति भंग की आशंका के तहत पिता अख्तर खां और उसके पुत्र महशर खां का चालान कर दिया। सायंकाल छोटू उर्फ अख्तर खां (65) और उनका पुत्र महशर खां (45) सीतापुर से घर लौट रहे थे। महशर बाइक पर था, जबकि पिता ऑटो पर सवार थे। गांव के नजदीक पंचायत भवन पहुंचने पर पिता-पुत्र को विपक्षियों ने घेर लिया। आरोप है कि कई राउण्ड गोलियां चलीं, अख्तर की मौत के बाद पुत्र महशर ने खुद को भागकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसको भी दौड़ाकर हमलावरों ने सिर पर और गर्दन पर कई वार कर दिए, जिससे उसको भी मौके पर मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह, सीओ महोली नागेन्द्र चतुर्वेदी सहित आसपास थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। एएसपी का कहना है कि आरोपियों की तलाश में पांच टीमें गठित की गई हैं।

विवाद वर्ष 2000 से आरंभ हुआ था। बताया जाता है कि अख्तर खां के परिवार की युवती और ठाकुर प्रसाद आरख के बीच नजदीकियां हो गई थीं। इसमें ठाकुर प्रसाद की हत्या हो गयी थी। वर्ष 2011 में ठाकुर प्रसाद के पुत्र संतोष सिंह आरख की हत्या हो गयी थी। इस घटना में अख्तर आदि जेल गए थे। बाद में सुलह-समझौता होने के बाद जेल से छूटकर अख्तर और उनका परिवार लखीमपुर खीरी के मितौली कस्बे में रहने लगा।

## बाराबंकी में बंटवारे के विवाद में सगे भाई की लाठी से पीटकर हत्या

**बाराबंकी, अमृत विचार :** घर के बंटवारे में समुचित हिस्सा न मिलने की शिकायत करना एक अधेड़ को भारी पड़ गया। तहसील दिवस और कोतवाली में शिकायत दर्ज कराने से नाराज दो सगे बड़े भाइयों ने अपने बेटों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से पीटकर अधेड़ की हत्या कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। घटना कोतवाली नगर क्षेत्र के बड़ेल की है। यहां के निवासी उमाशंकर मिश्रा उर्फ उमा दत्त शंकर मिश्रा (45) 25 दिसंबर की सुबह अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रहे थे। इसी दौरान उनके बड़े भाई विजय शंकर मिश्रा, रमा शंकर मिश्रा और इनके बेटे धर्मेंद्र मिश्रा, रुपक मिश्रा ने उन पर लाठियों से हमला कर दिया। आरोपियों ने उमाशंकर मिश्रा को पीटकर मौत के घाट उतार दिया। वहां पहुंचे परिजनों के साथ मारपीट में कुछ लोग घायल हुए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और परिजनों के बयान दर्ज किए। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र आदर्श की तहरीर पर सभी सात नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। कुछ आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, शेष की तलाश जारी है। बताया जा रहा कि उमाशंकर मिश्रा तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके पिता ब्रह्मदत्त मिश्रा की एक वर्ष पूर्व बीमारी से मौत हो गई थी। मौत से पहले उन्होंने जमीन की वसीयत तीनों बेटों के नाम कर दी थी, लेकिन मकान का बंटवारा नहीं हुआ था। मकान पर बड़े भाई विजय शंकर और मंझले भाई राम शंकर का कब्जा था। उमाशंकर अपने हिस्से की मांग कर रहे थे। इसी को लेकर उन्होंने 24 दिसंबर को तहसील दिवस और नगर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी रमाशंकर मिश्रा, विजय शंकर मिश्रा, रूपक मिश्रा, धर्मेन्द्र मिश्रा पुत्र विजय शंकर मिश्रा को बड़ेल नहर के पास से गिरफ्तार किया।

# मदरसे में फर्जी नियुक्ति और वेतन घोटाला उजागर

संवाददाता, तुलसीपुर, बलरामपुर

सहायक अध्यापक गिरफ्तार

- कूटरचित दस्तावेजों के सहारे सरकारी धन के गबन का पुलिस ने किया खुलासा

**अमृत विचार।** थाना तुलसीपुर क्षेत्र में स्थित मदरसा जामिया अरबिया अनवारुल उलूम में फर्जी दस्तावेजों के सहारे सहायक अध्यापक की नियुक्ति कर सरकारी धनराशि के गबन का मामला सामने आया है। बलरामपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार मदरसे में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति दिखाई गई। इसके बाद प्रधानाचार्य और लिपिक की मिलीभगत से उपस्थिति पंजिका प्रमाणित कर लगातार फर्जी मासिक वेतन बिल प्रस्तुत किए गए, जिससे सरकारी धन का गबन किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्त मो. अहमद अंसारी के नाम से नियुक्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया, जबकि उसने स्वयं कोई आवेदन नहीं किया था। अप्रैल 2025 में मदरसे में उसकी ज्वाइनिंग दर्शाई गई, लेकिन वह कभी पढ़ाने नहीं गया और न ही उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर किए। इसके बावजूद सितंबर 2025 तक उसके खाते में नियमित वेतन भेजा जाता रहा। बाद में उसने त्यागपत्र दे दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। पुलिस का कहना है कि अन्य संलिप्त लोगों की भूमिका की भी गहन जांच की जा रही है। इनके नाम भी उजागर किए जाएंगे।

# भारत माता की जय बिना संकोच बोलने वाला ही हिंदूः चम्पत



कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि चम्पत राय। ● अमृत विचार

**बाराबंकीः अमृत विचार :** नगर पालिका सभागार में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित धर्म रक्षा निधि पूजन कार्यक्रम में विहिप के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय ने कहा कि हमने इस मिट्टी को मां कहा है और बिना किसी संकोच के भारत माता की जय बोलते हैं। अपनी रुचि के अनुसार पूजा-उपासना करते हुए जो भारत माता की जय बोलता है, वही सच्चे अर्थों में हिंदू है।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सब भारत माता के पुत्र हैं और भारत हमारी माता है। उन्होंने कहा कि समाज की कठिनाइयों को दूर करने के कारण ही भारत को कभी विश्व गुरु माना जाता था। चम्पत राय ने कहा कि जो किसी कालखंड में हमसे अलग हो गए, उन्हें अपनाना समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। भटके हुए लोगों को उनकी परंपराएं, संस्कार और महापुरुषों की याद दिलाकर वापस लाना ही घर वापसी है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपराओं से जुड़े रहेंगे तो संस्कार सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद पिछले 62 वर्षों से हिंदू समाज की कठिनाइयों के समाधान को संतों के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। संचालन जिला मंत्री राहुल कुमार ने किया। इस मौके पर प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप, विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश, जिला अध्यक्ष रामनाथ मौर्य, नेहा मिश्रा, राजेंद्र प्रताप सिंह, अमित कुमार गुप्ता, राहुल विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।



प्रदेशीय सम्मेलन में मौजूद संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## शिक्षणेतर कर्मियों के हित में हमेशा खड़ा रहेगा संगठन

**लखनऊ/बाराबंकी, अमृत विचार :** रवींद्रालय में यूपी एजुकेशनल मिनिस्टीरियल एसोसिएशन का प्रदेशीय सम्मेलन आयोजित किया गया। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने की। संगठन मंत्री नीरज पांडेय,, ने बताया कि यह प्रदेशीय सम्मेलन प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है। नीरज ने सभी साथियों का आभार जताते हुए कहा कि शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के हित में संगठन हमेशा खड़ा रहेगा। संगठन मंत्री नीरज ने बाराबंकी के सभी साथियों, मंत्री सोनी, श्रावस्ती के साथियों तथा बलरामपुर के अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष व कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

## संदिग्ध दशा में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** रामपुर कला इलाके के धीरपुर गांव में पेड़ से युवक का शव लटका मिला। पहचान होने के बाद पुलिस ने पड़ताल करते हुए पीड़ित पक्ष के बयान दर्ज किये हैं। रामपुर कला थानाक्षेत्र के धीरपुर गांव में आम के पेड़ में 30 वर्षीय युवक का शव लटका हुआ देखा। खबर पाकर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। पीछे से पुलिस भी आ गई। बाद में शव की पहचान रामपुर कला थानाक्षेत्र के बसावन निवासी प्रमोद (30) पुत्र श्रीधर के रूप में हुई। परिवार के लोगों ने बताया कि प्रमोद खेत जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसी के बाद वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। अचानक उसकी हुई मौत पर परिवारवालों ने संदेह जताया है।



कार्यशाला में मौजूद को-ऑर्डिनेटर हरित वीर देवश्री व अन्य। ● अमृत विचार

## 1000 छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**लखनऊ, अमृत विचार :** ग्रीन डोनर, ईईआरसी के तत्वावधान में सिटी मॉण्टेसरी स्कूल, अयोध्या रोड परिसर में पर्यावरणीय स्थिरता, जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई और युवा नेतृत्व विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शीर्षक हरित प्रेरणा : यंग गार्जियंस ऑफ मदर नेचर रहा। संचालन ग्रीन डोनर, ईईआरसी, की लखनऊ ज़ोन की को-ऑर्डिनेटर हरित वीर देवश्री ने किया। इसमें विद्यालय की कक्षा 3 से कक्षा 10 तक के लगभग 1000 छात्र-छात्राओं के साथ अध्यापकों ने सहभागिता की। प्रधानाध्यापिका को पौधा भेंट किया गया। समापन पर ग्रीन डोनर, ईईआरसी के राष्ट्रीय ध्वजवाहक, पर्यावरणविद् एवं पारिस्थितिकी तंत्र विज्ञानी एसडी वीरेंद्र ने वर्चुअल माध्यम से छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम की सफल में दीपिका अग्रवाल का योगदान रहा।

# महिला से लूट का खुलासा, 6 बंदी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र में पिछले सप्ताह घर में घुसकर बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। प्रकरण में छह आरोपियों को गिरफ्तार सामान बरामद किया है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर मोहल्ले का था, जहां बीती 21 दिसंबर की है। पीड़ित रामकृष्ण पांडेय ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि घर में उसकी पत्नी अकेली थी। उसी समय तीन लोग घर के अंदर घुस आए और मेरी पत्नी को कुछ सुंघाकर मुंह दबाकर गिरा दिया। इसके बाद घर में रखे नगदी और जेवरात लेकर फरार हो गए।

एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने लूटकांड का खुलासा करते हुए बताया कि मामले में छह लोगों को पकड़ा गया है। इसमें लुटेरों दीपक मौर्या पुत्र कमलेश मौर्या, अवधेश मौर्या पुत्र हरीलाल मौर्या, सौरभ मौर्या पुत्र महेंद्र मौर्या, प्रिंस कुमार पुत्र जगजीवन मौर्या निवासी गण निवासी बहाई थाना लालगंज, पिंटू राम गाजीपुर व प्रदीप पुत्र गया प्रसाद निवासी पखरौली को गिरफ्तार किया गया। एएसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी है।

सभी लुटेरों को लूटे गए माल के साथ गिरफ्तार किया गया पुलिस ने पकड़े गए सभी लुटेरों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जेल। उनके पास से करीब एक लाख रुपये और सोने-चांदी के जेवरात बरामद किया गया है। इस बारे में सीओ सिटी अरुण कुमार नौहवार ने बताया कि घटना में तीन आरोपी घर के अंदर थे।

## लोहा व्यापारी लापता

**सीतापुर, अमृत विचार :** घर से निकला लोहा व्यापारी अचानक लापता हो गया, बाद में उसका मोबाइल भी बंद हो गया। शहर से लापता हुए व्यापारी की तलाश में क्राइम ब्रांच मदद में जुटी है। कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला लोहारबाग निवासी अनिल जैन के मुताबिक, उनका पुत्र अर्पित जैन (35) का लोहा कारोबार और बाइक का शोरूम है। कारोबार के चलते दुकान से ये बता कर निकला था कि अभी आ रहा हूं। देर तक वापसी न होने पर शंका हुई, देखा तो मोबाइल बंद था। तलाश के बावजूद पता नहीं चला।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली निविदा नोटिस का द्वितीय संशोधन**

खुली निविदा सूचना सं. EPC/PSI/BSB-PRYJ_NER दिनांकः 19.11.2025, कार्य का नाम ईपीसी मोड पर विद्युत कर्षण बिजली आपूर्ति प्रतिष्ठानों की क्षमता उन्नयन कार्य के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के वाराणसी–प्रयागराज खण्ड में 2x25 kV AT कर्षण फीडिंग सिस्टम के लिए संबंधित स्विचिंग पोस्ट के साथ कर्षण उप स्टेशनों का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परिक्षण और कमीशनिंग का कार्य में निम्नलिखित संशोधन किये गये हैं– **क्र.सं. :– 1, मापदंडः–** पैरा 1.4 पेज सं० 150 के ईपीसी दस्तावेज़ में परिवर्तन के संबंध, **पहले प्रकाशितः– , संशोधितः–** पैरा 1.4 पेज सं० 150 के ईपीसी दस्तावेज़ में परिवर्तन के संबंध, अतिरिक्त सूचना रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है।

**मुख्य विद्युत अभियन्ता (परियोजना)**
मुजाधि/विद्युत–227 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# गोंडा में युवक और युवती ने दी जान

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

## आत्महत्या से पहले प्रेमी युगल ने बनाया वीडियो

गुरुवार की शाम पिपरी गांव के पास युवती का शव रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत अवस्था में मिला था, जबकि युवक का शव कुछ दूरी पर एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया था। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग की बात सामने आ रही है। वहीं वायरल हो रहे एक कथित वीडियो में युवक-युवती यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि उनके परिजन उन्हें साथ में रहने नहीं दे रहे थे और उन्हें मार देने की धमकी दी जा रही थी। वीडियो में दोनों ने यह भी कहा है कि इसी मानसिक दबाव के चलते वे आत्महत्या करने का कदम उठा रहे हैं तथा उनकी मौत के लिए उनके घर वालों को जिम्मेदार न ठहराया जाए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच की जा रही है।

**अमृत विचार :** कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र अंतर्गत पिपरी गांव के पास बृहस्पतिवार की देर शाम परिजनों के डर से एक युवक और युवती ने अपनी जान दे दी। युवती ने ट्रेन के सामने कूद कर तो युवक ने फंदे से लटककर जीवन लीला समाप्त कर दी। युवती का शव रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत अवस्था में मिला, जबकि युवक का शव कुछ दूरी पर एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बहराइच जिले के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के गुलरिहा गांव निवासी 20 वर्षीय लक्ष्मी मौर्य पुत्री लल्लन प्रसाद का शव पिपरी गांव के पास रेलवे ट्रैक पर मिला। ट्रेन की चपेट में आने से युवती का अगला सिरा क्षत-विक्षत हो गया था। वहीं रेलवे ट्रैक से लगभग 100 मीटर की दूरी पर एक पेड़ से 25 वर्षीय नीरज मौर्य पुत्र राधेश्याम, निवासी बखरिया झाला थाना कौड़िया का शव लटका मिला। घटना की सूचना रेलवे कर्मचारी ने पुलिस को दी, जिसके बाद करनैलगंज कोतवाल नरेन्द्र प्रताप राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण कर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस के अनुसार युवक के जूतों पर खून के निशान पाए गए हैं। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि युवती की मौत पहले हुई, इसके बाद युवक की मौत हुई, लेकिन वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विवेचना के बाद ही हो सकेगा। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग की बात सामने आ रही है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि 21 दिसंबर को युवती के घर से चले जाने के मामले में विशेश्वरगंज थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ था।

## मशीन के पट्टे में फंसने से बालिका की मौत

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** बूढ़नापुर मशीन के पट्टे में फंसकर बालिका की मौत हो गई। चम्मच बनाने वाली फैक्ट्री में सैय्यदा (8) पुत्री नईम पहुंच गई। वह मशीन के पट्टे में फंस गई। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।


**लखनऊ नगर निगम**
टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ, ई-मेलः nnlko@up.nic.in

ई-निविदा सू०सं०: 289/मु०अ०/25-26 दिनांक : 26.12.2025

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत पुनः निविदा सूचना**

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा दिनांक 03.01.2026 को 01 कार्य हेतु पर पुनः ई-निविदायें, ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती हैं, पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर०टी०जी०एस/एन०ई०एफ०टी०/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लागिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 03.01.2026 को अपराह्न 15.00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें दिनांक 03.01.2026 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। **मुख्य अभियन्ता**



**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा नाम **राजू पुत्र सुखनंदन निवासी पूरे सुबेदार पोस्ट रोखा जिला रायबरेली** है और आधार कार्ड में भी यही है जबकि पालिसी संख्या 214974086 में व पासबुक में राजूलाल यादव पुत्र औसान लिख गया है जो गलत है मुझे मेरे वास्तविक नाम राजू पुत्र सुखनंदन से जाना पहचाना जाय।

**सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि शपथ कर्ता मूल पते का निवासी है शपथ कर्ता के पासपोर्ट में पूर्व नाम हफीज खान पुत्र युसुफ खान है जब कि शपथ कर्ता ने अब अपना नाम बदलकर हफीज युसुफ खान पुत्र युसुफ खान रख लिया है जो इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **हफीज युसुफ खान ग्राम बरियापुर थाना अमेठी जनपद अमेठी**

**सूचना**

मैं प्रमोद सिंह सेंगर पुत्र स्व0 दशरथ सिंह सेंगर ग्राम /पो0 हथेरी जनपद जालौन यू पी,लगभग 8 वर्ष पहले समाचार पत्र द्वारा अपने छोटे पुच सौरभ सिंह सेंगर व पुत्रवधु श्रीमती सुमायला सिंह ऊर्फ सुहानी को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था जिसे आज दि023/12/25 को बेदखल पूर्णतया खण्डित करता हूँ उक्त दोनों मेरे सभी चल अचल सम्पति के हकदार अपने अश के मालिक होगे उक्त बेदखली निरस्त किया जावे उसकी मान्यता समाप्त कर दिया जायें।

**सूचना**

पहले मेरा नाम JAMAL AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम JAMAL AHMAD KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- SHAKEEL AHMAD KHAN R/O- 462/28C, RAMGANJ, HUSAINABAD, LUCKNOW, UTTAR PRADESH 226003

**सूचना**

"सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मो. अजमत पुत्र मो. अफजल निवासी मौलाबाग 10वां गली राजेन्द्रनगर लखनऊ**, का हूँ मेरा नाम IDFC FIRST BANK LTD के फाइनेंस खाते (लोन नम्बर 18427358) में MOHD AJAMAT दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 7214 9744 1351 में मेरा नाम MO. AZMAT दर्ज है। उपरोक्त फाइनेंस खाते में मेरा नाम आधार कार्ड के अनुसार सही नाम MO. AZMAT दर्ज किया जाय। मुझको आज से मेरे आधार कार्ड पर दर्ज नाम MO. AZMAT से ही जाना व पुकारा जाये। मो0 7887095994

**सूचना**

**दिनेश कुमार वर्मा वयस्क पुत्र श्री ब्रजभूषण लाल वर्मा प्रबन्धक महात्मा गांधी इण्टर बर्रा कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश–208027** दिनांक 24/12/2025 महात्मा गांधी इण्टर कालेज, की एक साधारण आम सभा हुई जिसमें विद्यालय के नाम के परिवर्तन के सम्बंध में प्रज्ञा विद्या मंदिर इण्टर कालेज, निर्णय लिया गया इसमें विद्यालय का परिवर्तित नाम प्रज्ञा विद्या मंदिर इण्टर कालेज, करने के लिये प्रस्ताव पारित किया गया है जिसमें किसी भी सदस्य को कोई आपत्ति नहीं है। अतः साधारण सभा की किसी भी सदस्य को यदि नाम परिवर्तन में कोई आपत्ति है तो 10 दिन के अन्दर प्रबंधक से सम्पर्क करें।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम रीता केशवानी (Reeta Keshwani) था जो कि अब मेरा नाम रीता देवी (Reeta Devi) **पत्नी कैलाश केशवानी, निवासी 5/13/9 साहबगंज खवासपुरा फैजाबाद अयोध्या** है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाएगा।

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD ADNAN था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD ADNAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- DILSHAD R/O- MUJASA MALIHABAD, LUCKNOW

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD MUSTKIM ANSARI से बदलकर MOHD MUSTKIM ANSARI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। ADDRESS- S/O: Mohd Shahabuddin Ansari, H no - 477/929, Auri More, Janta Press, Anpara, Auri, PO: Anpara Tps, DIST: Sonbhadra, Uttar Pradesh - 231225-

**सूचना**

सूचित हो कि जेसमीन के निर्वाचन कार्ड में नाम यासमीन पत्नी फिरोज अंकित है। जबकि आधार कार्ड संख्या 594238041315 पर नाम जेसमीन पत्नी फिरोज अंकित है। दोनों नाम की एक ही महिला है। **जेसमीन उर्फ यासमीन पत्नी फिरोज अंगनी गांव परसोहना तहसील मिहिपुरवा/मोतीपुर थाना मोतीपुर बहराइच।**

न्यूज ब्रीफ

### बांग्लादेश के पीएम का पुतला जलाया गया

**कुशीनगर, अमृत विचार :** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के चखनी भुमिहारी पट्टी में शुक्रवार को बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन किया गया। सैकड़ों लोगों ने एक आक्रोश रैली निकाली और बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका। रैली में शामिल विनोद दुबे, भोला दास, शैलेश पांडेय,अमर, प्रद्युम्न यादव,गोविंद निषाद, अरविंद मिश्रा आदि ने बताया कि यह विरोध बांग्लादेश के दीपू चंद्र दास की हत्या के विरोध में था। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन से जिले की सीमाओं पर चौकसी बढ़ाने की मांग की। बताया कि कुशीनगर नेपाल देश से जुड़ा हुआ है, जिससे घुसपैठ हो जाती है।

### एसपी ने 11 निरीक्षक और 9 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**कुशीनगर :** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने जिले में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 20 पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र मे बदलाव किया है। इनमें 11 निरीक्षक (इंस्पेक्टर) और 9 उप निरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) शामिल हैं। यह स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

### महेश हेल्थ केयर पर की छापेमारी

**कुशीनगर, अमृत विचार :** डिप्टी सीएमओ आरके गुप्ता शुक्रवार को हाटा मजिस्ट्रेट व हाटा सीएचसी प्रभारी अजय सिंह के साथ हाटा नगर में संचालित कई हॉस्पिटल व क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान महेश हेल्थ केयर क्लीनिक पर आयुर्वेदिक लाइसेस लेकर छोटे बच्चों का एलोपैथ दवाओं से इलाज करते पाया गया। ईश्वर अपारशियम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस जारी कर तीन दिनों के अंदर जवाब मांगा है।

# केवल जीएसटी पोर्टल पर आदेश अपलोड करना पर्याप्त नहीं

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा, करदाता तक 'कम्युनिकेशन' जरूरी

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जीएसटी व्यवस्था में नोटिस और आदेश की तामील को लेकर एक स्पष्ट और महत्वपूर्ण फैसला देते हुए कहा है कि केवल जीएसटी पोर्टल या ई-मेल पर नोटिस/आदेश अपलोड कर देना ही करदाता को "सूचित" करना नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 169 के तहत दी गई सेवा पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) के इलेक्ट्रॉनिक संचार संबंधी प्रावधान लागू नहीं होते।

उक्त टिप्पणी सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की खंडपीठ ने मैसर्स बेम्बिनो एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड सहित कई याचिकाओं को निस्तारित करते हुए की और बताया कि धारा 169(1) में नोटिस या आदेश देने के कुछ तरीके जैसे, प्रत्यक्ष रूप से या मैसेंजर द्वारा, स्पीड पोस्ट से, ई-मेल से, जीएसटी के कॉमन पोर्टल पर अपलोड करके, अखबार में प्रकाशन द्वारा निर्धारित है। इनमें से किसी भी तरीके को कानून ने दूसरे से ऊपर नहीं रखा है, इसलिए विभाग यह नहीं कह सकता कि केवल पोर्टल पर अपलोड करना ही अंतिम और निर्णायक सेवा है। कोर्ट ने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से भेजे गए नोटिस के मामले में यह पता लगाने का कोई विश्वसनीय तरीका नहीं है कि करदाता ने उसे कब और किस समय देखा या डाउनलोड किया। ऐसे में सिर्फ पोर्टल पर अपलोड की तारीख के आधार पर यह नहीं माना जा सकता कि आदेश करदाता को उसी दिन "कम्युनिकेट" हो गया। यदि ऑनलाइन और भौतिक माध्यम से भेजी गई सूचना की तारीख में अंतर हो, तो भौतिक माध्यम से दी गई सूचना की तारीख को ही प्रभावी माना जाएगा, जब तक कि विभाग इसके विपरीत ठोस प्रमाण न दे। कोर्ट ने यह स्पष्टीकरण उन असंख्य याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया, जिनमें करदाताओं ने शिकायत की थी कि जीएसटी एक्ट की धारा 73/74 के तहत उनके खिलाफ एकतरफा आदेश पारित कर दिए गए। जबकि न तो उन्हें कारण बताओ नोटिस मिला और न ही सुनवाई का मौका दिया गया। कई मामलों में करदाताओं को आदेश की जानकारी तब हुई, जब वसूली की कार्रवाई शुरू हो चुकी थी और अपील की समय-सीमा (धारा 107) समाप्त हो चुकी थी।

## विभागीय कार्य-विभाजन आदेश की अवहेलना का बहाना नहीं

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोर्ट आदेशों की अवमानना मामले में सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यदि प्रशासनिक भ्रम या विभागों के आपसी तालमेल की कमी के कारण रिट कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया जाता, तो इसके लिए राज्य के मुख्य सचिव उत्तरदायी माने जाएंगे। कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण से जुड़े एक प्रकरण में स्पष्ट किया कि विभिन्न विभागों के बीच कार्य-विभाजन को न्यायालय के आदेश की अवहेलना का बहाना नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि रिट आदेश का पूर्ण और समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करना राज्य सरकार का दायित्व है।

प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोर्ट के आदेशों की अवमानना मामले में हाईकोर्ट सख्त



उक्त आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की एकलपीठ ने प्रयागराज निवासी विनय कुमार सिंह की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याची की भूमि का अधिग्रहण वर्ष 1977 में हुआ था। मुआवजे के आदेश 1982 और 1984 में पारित हुए, लेकिन आज तक याची को भुगतान नहीं किया गया। याची का दावा है कि भूमि पर उसका कब्जा बना रहा। वर्ष 2013 के नए भूमि अधिग्रहण कानून के लागू होने के बाद राज्य सरकार ने मुआवजे की राशि कोषागार में जमा कर दी। जिसे याची ने यह कहते हुए लेने से इनकार कर दिया कि यह वैध भुगतान नहीं है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसएलपी खारिज किए जाने के बाद रिट आदेश अंतिम हो चुका था। कोर्ट ने अधिकारियों की कार्रवाई को जानबूझकर, योजनाबद्ध और दुर्भावनापूर्ण अवहेलना करार देते हुए कहा कि यह याची को मुकदमे में मिली सफलता से वंचित करने का प्रयास है। हाईकोर्ट ने माना कि भूमि अधिग्रहण मामलों में अंतिम जिम्मेदारी राज्य के मुख्य सचिव की है। हालांकि फिलहाल उन पर आरोप तय नहीं किए गए हैं और उन्हें रिट आदेश के अनुपालन के लिए एक माह का अंतिम अवसर दिया गया है। आदेश का पालन न होने पर मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होकर अवमानना के आरोपों का सामना करना होगा। मामले की अगली सुनवाई आगामी पांच जनवरी 2026 को सुनिश्चित की गई है।

# शादीशुदा युवक ने प्रेमिका के घर पर खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**संवाददाता कुशीनगर**

**अमृत विचार:** नगर पालिका के वार्ड पगरा नगर में एक युवक की मृत्यु बुधवार की देर रात सीएचसी हाटा में इलाज के दौरान हो गई। बताया जाता है युवक ने अपनी प्रेमिका के घर पहुंचकर जहरीला पदार्थ खा लिया। मृतक की पत्नी ने प्रेमिका व उसके परिवार के लोगों पर घर बुलाकर मारने पीटने सहित गंभीर आरोप लगया है। पुलिस ने प्रेमिका के भाई व मां को हिरासत में ले लिया है।

गोरखपुर जिले के पिपराइच थाना क्षेत्र के गांव नथुआ निवासी सुग्रीव चौहान 3 वर्ष की शादी 10 साल पूर्व नगर पालिका हाटा के वार्ड पगरा नगर निवासी सोनी चौहान से हुई। जिससे तीन साल का एक लड़का भी है। बीते कुछ महीनों से पगरा नगर के सटे वार्ड पैकौली हनुमान नगर निवासी रीमा राजभर 20 वर्ष के घर भी युवक का आना जाना रहता था। बुधवार की शाम सुग्रीव चौहान पैकौली निवासी रीमा के घर पहुंचा था। गुरुवार की शाम जब मृतक का शव पगरा पहुंचा तो नाराज लोगों ने हाईवे पर शव रखकर प्रदर्शन किया और कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान ने कहा कि तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया रही है। पीएम रिपोर्ट से हत्या का कारण पता चल सकेगा।

## पुल का एप्रोच क्षतिग्रस्त हादसे की आशंका

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** तहसील शोहरतगढ़ क्षेत्र के मेहनौली गांव के पास बानगंगा नहर कैनाल पर बने पुल का एप्रोच क्षतिग्रस्त हो से राहगीरों को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मेहनौली गांव के पास बानगंगा नहर कैनाल पर लाखों की लागत से करीब तीन वर्ष पहले सिंचाई विभाग की तरफ से पुल का निर्माण किया गया है। निर्माण कार्य के दौरान पुल के एप्रोच को सही तरीके से नहीं बनाया गया है। इसके चलते बारिश के समय इस पुल के दोनों तरफ एप्रोच पर डाली गई मिट्टी बरसात के समय क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके चलते इस पुल के द्वारा राहगीरों को चार पहिया एवं दो पहिया वाहन को लेकर आने जाने में कठिनाइयों का सामना के साथ हादसे की शंका बनी रहती है।

# पात्रों को मिलना चाहिए योजनाओं का लाभ

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में विकास खण्ड लोटन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खखरा में सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर के अन्तर्गत ग्राम चौपाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाएं जाएं। आयुष्मान कार्ड से 05 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसलों के क्षति पूर्ति का भुगतान एवं किसान सम्मान निधि की समस्याओं का निराकरण कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि मनरेगा (नरेगा) योजना बंद नहीं हुई है, बल्कि इसे और बेहतर तरीके से लागू किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक लागत 9 प्रतिशत हो चुकी है, जिसके चलते तकनीकी सहायक (टीए) और रोजगार सेवक के मानदेय में भी वृद्धि होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार योजनाओं की जानकारी पोस्टर और अन्य माध्यमों से लोगों तक पहुंचाई जाएगी। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि यदि किसी को पेंशन से जुड़ी समस्या है, जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन या दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है, तो वे तुरंत जानकारी दें। ब्लॉक स्तर के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। बिजली विभाग और कृषि विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में बिजली आपूर्ति, नहर के पानी, फसलों से जुड़ी समस्याओं पर भी आवेदन लेने की बात कही गई। राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होना चाहिए।



ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को जानकारी देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

- डीएम की अध्यक्षता में गांव की ओर चौपाल कार्यक्रम संपन्न



छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते सांसद, जिलाधिकारी व एसपी।

### वीर बाल दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में महिलाओं व मेधावी बच्चों का हुआ सम्मान

**कुशीनगर, अमृत विचार :** वीर बाल दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में वीर बाल दिवस, अनन्ता तथा 'हक की बात जिलाधिकारी के साथ' कार्यक्रम का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि वीर बाल दिवस उन वीर बच्चों की स्मृति का प्रतीक है, जिन्हें इतिहास के पन्नों में भुला दिया गया। कहा कि प्रधानमंत्री ने धर्म, राजनीति और देश की रक्षा में बलिदान देने वाले वीरों को सम्मानित करने के साथ-साथ समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मान देने की परंपरा को सशक्त किया है। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने कहा कि महिला कल्याण से संबंधित अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अनन्ता कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 60 महिलाओं को सम्मानित किया गया। वहीं वीरता एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले 60 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, नोटबुक आदि प्रदान किया गया।

# अदम्य साहस व शौर्य के प्रतीक हैं साहिबजादे

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर**

**अमृत विचार।** वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतमण्डपम नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। जिसमें सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोविन्द माधव एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति द्वारा वीरता, कला, संस्कृति, विज्ञान, नवाचार, खेल आदि में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विभिन्न राज्यों के 20 छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित बच्चों से संवाद स्थापित किया गया। इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज ने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह के बच्चों को इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए दबाव डाला गया लेकिन उन साहबजादों द्वारा इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया गया और मुगल शासक द्वारा उनको दीवार में चुनवा दियाग या। उनके अदम्य साहस और शौर्य को याद कर वीर बाल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि हम अपने पिता के पदचिन्हों पर चलेंगे। हमें एक बार नहीं 100 बार मौत कबूल है। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, तथा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय धनगढ़िया के कुल 60 छात्र छात्राओं को उपहार आदि देकर सम्मानित किया गया।



कलेक्ट्रेट सभागार कार्यक्रम में मौजूद डीएम व सांसद। अमृत विचार

### युगों-युगों तक याद रहेगा साहिबजादों का बलिदान

**सिद्धार्थनगर।** वीर बलिदान दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित गुरुद्वारे पर भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, सांसद जगदंबिका पाल ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ मत्था टेक कर उनको नमन किया एंव संगोष्ठी किया। जिलाध्यक्ष भाजपा ने कहा राष्ट्र, धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों का पावन बलिदान युगों युगों तक राष्ट्र और धर्म की रक्षा हेतु हम सभी को प्रेरणा देता है। सांसद ने कहा कि राष्ट्र, धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के चार वीर साहिबजादों का अद्वितीय शौर्य और बलिदान इतिहास का अमर अध्याय है।

# स्वागत द्वार के निर्माण कार्य पर प्रशासन ने लगाई रोक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नगर पंचायत डुमरियागंज की सीमा में बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के लगाए जा रहे स्वागत द्वार के निर्माण पर शुक्रवार को नगर पंचायत प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कार्य को रुकवा दिया। यह स्वागत द्वार विधायक निधि से राप्ती नदी तट से पहले डुमरियागंज की ओर परशुराम वाटिका के सामने लगाया जा रहा था।

स्वागत द्वार के लिए एक दो दिन पहले ही फाउंडेशन का निर्माण कर दिया गया था और शुक्रवार की सुबह गेट खड़ा करने का कार्य शुरू किया जाना था। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया, जिसके बाद अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार पटेल के नेतृत्व में नगर पंचायत प्रशासन मौके पर पहुंचा और निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोक दिया। बताया गया कि इससे पूर्व भी डुमरियागंज की ओर लगभग सौ मीटर पहले सरकारी शराब की दुकान के सामने इसी तरह फाउंडेशन का निर्माण कराया गया था, जिसे विरोध के बाद रोक दिया गया था। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार पटेल ने बताया कि शासन व नगर पंचायत से बिना एनओसी लिए स्वागत गेट लगाया जा रहा था, जिस पर स्थानीय लोगों की आपत्ति के बाद कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि राप्ती नदी के घाट के पास सड़क पटरी अत्यंत सकरी है।

# अवैध अस्पताल और पैथोलॉजी की गई सील

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर**

**अमृत विचार।** जनपद में बिना रजिस्ट्रेशन और बिना योग्यता के संचालित हो रहे अस्पतालों, पैथोलॉजी और क्लिनिकों पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के स्पष्ट निर्देशों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अवैध स्वास्थ्य कारोबार के खिलाफ यह कदम उठाया है। गुरुवार को नैदानिक स्थापना के नोडल अधिकारी डॉ0 एमएम त्रिपाठी ने पदभार संभालते ही अपनी टीम के साथ सघन छापेमारी अभियान चलाया। सर्वप्रथम स्वास्थ्य टीम ने खुनियांव ब्लॉक क्षेत्र के टेकवया गांव में संचालित शिवा पैथोलॉजी पर कार्रवाई की गई। जांच में पाया गया कि पैथोलॉजी का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं था और वैधानिक मानकों का उल्लंघन किया जा रहा था। टीम ने तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करते हुए इसे बन्द कराया। तत्पश्चात बाद टीम ने मार्डन डेंटल सेन्ट्रल पर छापा मारा, जहां चौंकाने वाले हालात मिले। न तो क्लीनिक का पंजीकरण था और न ही इलाज करने वाले व्यक्ति के पास दन्त चिकित्सा से सम्बन्धित कोई वैध डिग्री थी। इसके बावजूद मरीजों का दांतों का इलाज किया जा रहा था। इटवा तहसील के नायब तहसीलदार की मौजूदगी में डॉ0 एम0एम0 त्रिपाठी ने टीम के सदस्यों महेंद्र कुमार और पंकज त्रिपाठी के साथ डेन्टल क्लीनिक को सील कर दिया। यह सख्त कार्रवाई जिलाधिकारी की प्रशासनिक सोच और त्वरित निर्णय क्षमता का परिणाम है। बता दें कि हाल ही में अवैध अस्पतालों के संचालन और एक नवजात शिशु की मौत से जुड़े मामलों को उजागर किये जाने के बाद डीएम ने तत्काल संज्ञान लिया था। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कड़े निर्देश दिये थे, जिसके तहत नैदानिक स्थापना के नोडल अधिकारी में बदलाव किया गया और जवाबदेही तय की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजकुमार चौरसिया द्वारा 24 दिसम्बर को डॉ0 एम0एम0 त्रिपाठी को नोडल अधिकारी बनाये जाने के बाद से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली में तेजी और सख्ती दिखाई देने लगी है।

खेल महोत्सव का आयोजन

**कुशीनगर, अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती( सुशासन दिवस) के अवसर पर जनपद कुशीनगर में "सांसद खेल महोत्सव" का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय खेल महोत्सव दिनांक 29 दिसम्बर 2025 तक जिला क्रिड़ा स्टेडियम, कुशीनगर में आयोजित किया जा रहा है ।महोत्सव का शुभारम्भ सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे जी,भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, जिलाधिकारी कुशीनगर महेन्द्र तंवर, पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार व जनप्रतिनिधियों, गणमान्य अतिथियों एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुब्बारों को आकाश में उड़ाकर की गई। सभी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री का संबोधन सभी उपस्थित खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उत्साह के साथ सुना गया। इस अवसर पर सांसद ने खेल भावना, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प की महत्ता पर प्रकाश डाला, साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें परिश्रम, निरंतर अभ्यास व बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद सांसद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

### संदिग्ध हालात में पड़ा मिला युवक का शव, जांच शुरू

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद के थाना क्षेत्र जोगिया उदयपुर अन्तर्गत गुरुवार की शाम युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही जोगिया थाना प्रभारी निरीक्षक मीरा चौहान पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचीं। घटनास्थल को सुरक्षित कर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। शव की स्थिति और घटनास्थल के हालात को देखकर मामला सामान्य नहीं माना जा रहा है। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 30 वर्षीय रामचन्द्र पुत्र राम अवतार निवासी ग्राम चौरासी हुई है। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति रामचन्द्र की मौत कहीं और होने के बाद शव यहां फेंका गया हो, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। स्थानीय ग्रामीणों में घटना को लेकर डर और तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के थानों को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सच्चाई सामने आ सकेगी।

आयोजन | 73वीं अखिल भारतीय रेलवे पुरुष कबड्डी चैम्पियनशिप

# पूर्वोत्तर रेलवे ने दक्षिण पश्चिम रेलवे को हराया

**संवाददाता, गोरखपुर**

**अमृत विचार।** 73वीं अखिल भारतीय रेलवे पुरुष कबड्डी चैम्पियनशिप-2025 के तीसरे दिन शुक्रवार को मेजबान पूर्वोत्तर रेलवे ने दक्षिण पश्चिम रेलवे को 13-05 से शिकस्त दी। पूर्वोत्तर रेलवे के कप्तान सुनील कुमार तथा प्रवेश, रोहित, आकाश, आशीष एवं सुरेन्द्र चैम्पियनशिप में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर रहे हैं। अन्य मैचों में दक्षिण पूर्व रेलवे ने रेलवे सुरक्षा बल आर.पी.एफ. को 28-15, उत्तर रेलवे ने रेलवे बोर्ड को 38-10 एवं उत्तर पश्चिम रेलवे को 31-13, मध्य रेलवे ने उत्तर मध्य रेलवे को 10-07, इंटीग्रल कोच फैक्ट्री आई.सी.एफ. ने पूर्व मध्य रेलवे को 42-28, पश्चिम रेलवे ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को 57-46, पूर्व रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को 37-31 तथा रेल पहिया कारखाना आर.डब्ल्यू.एफ. ने पटियाला रेल इंजन कारखाना पी.एल.डब्ल्यू. को 28-16 से पराजित किया।

बता दें कि पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ नरसा के तत्त्वावधान में 24 से 28 दिसम्बर तक सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। चैम्पियनशिप में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित तथा राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के अनेक कबड्डी खिलाड़ी विभिन्न क्षेत्रीय रेलों एवं उत्पादन इकाइयों की टीमों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जिसमें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित उत्तर रेलवे के संजीव कुमार, पूर्व रेलवे के विश्वजीत पालित एवं दक्षिण पश्चिम रेलवे की श्रीमती तेजस्वनी बाई सम्मिलित हैं।



प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते खिलाड़ी। अमृत विचार

## भारतीय रेलवे अगले 5 वर्षों के लिए बना रहा योजना

**नई दिल्ली , अमृत विचार।** यात्रा की मांग में तेज़ी से लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए, अगले 5 सालों में प्रमुख शहरों में नई ट्रेनें शुरू करने की क्षमता को मौजूदा स्तर से दोगुना करने की ज़रूरत है। आने वाले सालों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाना होगा। साल 2030 तक ट्रेनों को शुरू करने की क्षमता को दोगुना करने के कामों में निम्नलिखित काम शामिल होंगे। मौजूदा टर्मिनलों को अतिरिक्त प्लेटफॉर्म, स्टेबलिंग लाइन, पिट लाइन और पर्याप्त शंटिंग सुविधाओं के साथ बढ़ाना, शहरी क्षेत्र में और उसके आसपास नए टर्मिनल पहचानना और बनाना, रखरखाव सुविधाएं, जिसमें मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स शामिल हैं।

# श्रद्धालुओं के लिए चलेंगी अनारक्षित विशेष गाड़ी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला के अवसर पर श्रद्धालु रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिए 05107/05108 औंड़िहार-प्रयागराज रामबाग-औंड़िहार माघ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन औंड़िहार से 01, 02, 03, 04, 05, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 31 जनवरी तथा 01, 02, 03, 14, 15, 16 एवं 17 फरवरी, 2026 को तथा प्रयागराज रामबाग से 01, 02, 03, 04, 05, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 31 जनवरी तथा 01, 02, 03, 14, 15, 16 एवं 17 फरवरी, 2026 को 27 फेरों के लिये किया जायेगा। यह गाड़ी डेमू रेक से चलाई जायेगी। इसके अलावा 00502 लालकुआं-प्रयागराज रामबाग माघ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन लालकुआं से 30 दिसम्बर को इकहरी यात्रा के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में एस.एल.आर. के 02 तथा सामान्य द्वितीय श्रेणी/शयनयान श्रेणी के 14 कोचों सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे। इसमें शयनयान श्रेणी के कोच अनारक्षित श्रेणी के होंगे।



वहीं 00501 कासगंज-झूसी माघ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन कासगंज से 28,29 एवं 30 दिसम्बर को इकहरी यात्रा के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में एस.एल.आर. के 02 तथा सामान्य द्वितीय श्रेणी/शयनयान श्रेणी के 14 कोचों सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे। इसमें शयनयान श्रेणी के कोच अनारक्षित श्रेणी के होंगे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### टर्मिनल तथा गाड़ी संख्या में परिवर्तन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु 22467/22468 वाराणसी जं.- गांधीनगर कैपिटल-वाराणसी जं. एक्सप्रेस तथा 14224/14223 वाराणसी जं-राजगीर-वाराणसी जं. एक्सप्रेस के टर्मिनल तथा गाड़ी संख्या में परिवर्तन किया गया है। जिसके चलते मार्च 2026 में गाड़ियों संचालन बदलन रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बम की धमकी पर खाली कराया डीएम आफिस

**पथनमथिट्टा।** केरल के पथनमथिट्टा जिलाधिकारी कार्यालय में विस्फोटक रखा होने के दावे वाला एक ईमेल मिलने के बाद शुक्रवार को यहां व्यापक तलाशी अभियान संचालित किया गया। गहन जांच के बाद यह धमकी झूठी पाई गई। रमेश नामक व्यक्ति ने अज्ञात ईमेल आईडी से पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे पथनमथिट्टा जिलाधिकारी कार्यालय के आधिकारिक ईमेल पर यह संदेश भेजा था। एहतियात के तौर पर जिलाधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों को परिसर से बाहर निकाल लिया गया। ईमेल भेजने वाले ने दावा किया था कि पथनमथिट्टा और वायनाड के डीएम आफिस के साथ विजय नामक व्यक्ति के घर पर आरडीएक्स रखा गया है, दोपहर तीन बजे विस्फोट होगा।

### यौन उत्पीड़न के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने महिला की गरिमा को भंग करने, यौन उत्पीड़न और घर में जबरन घुसने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी की पहचान 20 वर्षीय रवि राज के रूप में हुई है। राज को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था और इस वर्ष की शुरुआत में अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किए जाने के बाद से वह सजा के डर से न्यायिक कार्यवाही से बचकर भाग रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था।

### एनआईए ने किया विस्फोट स्थल का गहन निरीक्षण

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के एक दल ने शुक्रवार को मैसूरु में उस स्थान का निरीक्षण किया जहां गुब्बारे के गैस सिलेंडर में विस्फोट होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। यह विस्फोट गुरुवार शाम को मैसूर महल के पास हुआ था। विस्फोट से गुब्बारे बेचने वाले की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पास में मौजूद चार अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी सलीम के रूप में हुई है। एनआईए के दल ने घटना के बारे में जानकारी जुटाई और घटनास्थल से जांच के लिए आवश्यक सामग्री भी एकत्र की। उन्होंने लश्कर मोहल्ला में मृतक के साथ रहने वाले उनके दो साथियों से भी पूछताछ की।

### बिहार में ट्रायल के दौरान गिरा नवनिर्मित रोपवे

**सासाराम।** बिहार के रोहतास जिले में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब परीक्षण के दौरान नवनिर्मित रोपवे ध्वस्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। घटना रोहतास प्रखंड से रोहतासगढ़ किला और रोहितेश्वर धाम को जोड़ने वाले रोपवे के परीक्षण के दौरान हुई, जब उससे जुड़ा एक टावर भी क्षतिग्रस्त हो गया। परीक्षण के दौरान उपयोग में लाई जा रही चार ट्रॉलियां क्षतिग्रस्त हो गईं, हालांकि मौके पर मौजूद श्रमिकों ने सतर्कता बरतते हुए खुद को बचा लिया। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अभियंता खुर्शीद करीम ने कहा रोपवे का परीक्षण और परीक्षण कार्य चल रहा था।

### लूथरा बंधुओं की 29 तक हिरासत बढ़ाई

**पणजी।** गोवा की एक अदालत ने शुक्रवार को सौरभ और गौरव लूथरा की पुलिस हिरासत 29 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी। दोनों भाई बर्च 'बाय रोमियो लेन नाइटक्लब' के मालिक हैं, जहां इस महीने की शुरुआत में भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई थी। छह दिसंबर को अरपोरा गांव में हुई त्रासदी के कुछ ही घंटों बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे और उन्हें 17 दिसंबर को उस देश से निर्वासित कर दिया गया था।

# दुष्कर्म के दोषी सेंगर की जमानत के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पर प्रदर्शन

## उन्नाव बलात्कार मामला: जमानत रद्द करने की मांग करते हुए की जमकर नारेबाजी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर इकट्ठे प्रदर्शनकारी और मौके पर मौजूद पुलिस फोर्स।

● पीड़िता की मां ने की मां का शीर्ष अदालत जाने की घोषणा

उन्नाव बलात्कार मामले के दोषी तत्कालीन भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित करने के फैसले के खिलाफ शुक्रवार को यहां दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया गया। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एआईडीडब्ल्यूए) के बैनर तले हुए इस विरोध प्रदर्शन में संगठन की कार्यकर्ताओं के साथ सामाजिक कार्यकर्ता योगिता भयाना और पीड़िता की मां ने भी हिस्सा लिया और सेंगर को दी गई जमानत रद्द करने की मांग की। इस दौरान दुष्कर्म पीड़िता की मां ने कहा कि वह सेंगर की सजा को निलंबित करने के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाएंगी।

पीड़िता की मां ने कहा कि वह अपनी बेटी के साथ हुए अन्याय के खिलाफ हाईकोर्ट के बाहर विरोध जताने आई हैं। उन्होंने कहा, मैं पूरे उच्च न्यायालय को दोष नहीं देती, लेकिन दो न्यायाधीशों के फैसले से हमारा भरोसा टूट गया है और मुझे गहरा आघात पहुंचा है। पहले न्यायाधीशों ने उनके परिवार को न्याय दिलाया था, लेकिन अब आरोपी को जमानत दे दी गई है। पीड़िता की मां ने कहा, यह हमारे परिवार के साथ अन्याय है। हम उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे, मुझे उस पर पूरा विश्वास है। हाईकोर्ट के बाहर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर लिखा था, 'कुलदीप सेंगर की उम्र कैद की सजा बरकरार रहे' और 'महिलाओं की गरिमा के साथ खिलवाड़ नहीं चलेगा।' उन्होंने 'बलात्कारियों को संरक्षण देना बंद करो' और 'गुनहगारों को बचाना बंद करो' जैसे नारे भी लगाए। इस फैसले को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए प्रदर्शनकारियों में से एक ने कहा, भाजपा सरकार या अदालत उन्हें जमानत कैसे दे सकती है, उन्हें उनकी जमानत याचिका खारिज करनी होगी, नहीं तो इस सरकार को सत्ता से बाहर जाना होगा। एक महिला ने कहा, यह कोई संयोग नहीं है कि अदालती छुट्टियों से ठीक दो दिन पहले जमानत दी गई। यह एक सोचीसमझी चाल है। इस देश के नागरिक मूर्ख नहीं हैं। कब तक वे हमें धोखा देते रहेंगे।

सेंगर की जमानत रद्द करने की मांग करते हुए एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा, उसने एक लड़की का बलात्कार किया और उसके पिता की हत्या कर दी, जिसके कारण वह (पीड़िता) अब भी इस हालत में है। बलात्कारी को संरक्षण देना बंद करो और पीड़ितों की रक्षा करो। जब मना करने के बाद भी प्रदर्शनकारियों ने विरोध जारी रखा तब दिल्ली पुलिस ने लाउडहेलर के जरिए घोषणा की कि दिल्ली हाईकोर्ट के सामने प्रदर्शन की अनुमति नहीं है। पुलिस ने उन्हें कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। कहा, यहां प्रदर्शन करना प्रतिबंधित और गैरकानूनी है। आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। अगर आप विरोध प्रदर्शन करना चाहते हैं, तो जंतर-मंतर जाएं।

## मीरवाइज ने एक्स पर हुर्रियत अध्यक्ष पदनाम हटाया

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में प्रमुख धार्मिक नेता और उदारवादी अलगाववादी चेहरा मीरवाइज उमर फारूक ने 'एक्स' पर अपने सत्यापित अकाउंट के प्रोफाइल से अपना पदनाम चेयरमैन ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस हटा दिया है। उन्होंने कहा कि उनके पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं था। गुरुवार शाम सामने आए इस डिजिटल बदलाव को पर्यवेक्षक 33 साल पुराने एपीएचसी के लिए एक बड़ा झटका मान रहे हैं। एपीएचसी अलगाववादी संगठनों का एक समूह है, जिसका गठन 1993 में कश्मीर के लोगों के तथाकथित आत्मनिर्णय के अधिकार को सामने रखने के लिए किया गया था। मीरवाइज के 'एक्स' हैंडल में संपादित 'बायो' में केवल उनके नाम, मूल स्थान एवं मूलभूत जानकारियां भर हैं। इस बदलाव पर स्पष्टीकरण देते हुए मीरवाइज ने कहा कि उन्हें यह बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने अवामी एक्शन कमेटी और एपीएचसी के अन्य घटकों पर प्रतिबंध का हवाला देते हुए उनसे कहा कि उनकी उपाधि छीन सकती है या खाता बंद किया जा सकता है। ऐसे में यह एक मजबूरी में चुना गया विकल्प था।

## लखनऊ-अयोध्या समेत 48 स्टेशन होंगे भीड़ मुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● पांच साल में बढ़ेंगी अतिरिक्त प्लेटफॉर्म समेत कई सुविधाएं

रेलवे ने व्यस्त स्टेशनों को भीड़भाड़ से मुक्त करने और यात्री सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 2030 तक 48 प्रमुख शहरों में ट्रेनों की शुरुआती क्षमता को लगभग दोगुना करने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। रेल मंत्रालय ने कहा है कि अगले पांच वर्षों में इन स्टेशनों पर क्षमता को धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा ताकि आने वाले वर्षों में यात्रियों की ज़रूरतों को पूरा करने में मदद मिले।

यह योजना कार्यों को तत्काल, अल्पकालिक और दीर्घकालिक समेत तीन श्रेणियों में वर्गीकृत करेगी। मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा टर्मिनलों को अतिरिक्त प्लेटफॉर्म, स्टेबलिंग लाइन, पिट लाइन और पर्याप्त शंटिंग सुविधाओं के साथ बढ़ाया जाएगा। इसमें शहरी क्षेत्र और उसके आसपास नए टर्मिनलों की पहचान करना और बनाना, रखरखाव सुविधाएं, जिसमें मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स शामिल हैं और यात्री सुविधा कार्यों, सिग्नलिंग अपग्रेडेशन और विभिन्न बिंदुओं पर बढ़ी हुई ट्रेनों को संभालने के लिए आवश्यक मल्टीट्रैकिंग के साथ लाइन क्षमता बढ़ाना भी शामिल होगा।

स्टेशनों की क्षमता बढ़ाने की योजना बनाते समय उसके आसपास के स्टेशनों पर भी विचार किया जाएगा। उपरोक्त अभ्यास उपनगरीय और गैर-उपनगरीय ट्रैफिक के लिए किया जाएगा, जिसमें दोनों सेगमेंट की जरूरतों को ध्यान में रखा जाएगा। इस योजना में ट्रेनों को संभालने की क्षमता को समय पर दोगुना करने के लक्ष्य के लिए प्लान किए गए, या पहले से मंजूर काम शामिल होंगे।

### इन शहरों के स्टेशन शामिल होंगे योजना में

इस योजना में शामिल स्टेशनों में दिल्ली, जम्मू, मुंबई (मध्य रेलवे, पश्चिम रेलवे), जोधपुर, कोलकाता (पूर्वी रेलवे, दक्षिण पूर्वी रेलवे, कोलकाता मेट्रो), जयपुर, चेन्नई, वडोदरा, हैदराबाद, सूरत, बेंगलुरु, मडगांव, अहमदाबाद, कोचीन, पटना, पुरी, लखनऊ (उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे), भुवनेश्वर, पुणे, विशाखापत्तनम, नागपुर (मध्य रेलवे, एसईसीआर), विजयवाड़ा, वाराणसी (उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे), तिरुपति, कानपुर, हरिद्वार, गोरखपुर, गुवाहाटी, मथुरा, भागलपुर, अयोध्या, मुजफ्फरपुर, आगरा, दरभंगा, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, गया, चंडीगढ़, मैसूर, लुधियाना, कोयंबटूर, अमृतसर, टाटानगर, इंदौर, रांची, भोपाल, रायपुर, उज्जैन और बरेली हैं।

## बांग्लादेशियों के प. बंगाल के होटलों में ठहरने पर रोक

**कोलकाता, एजेंसी**

● पड़ोसी देश में भारतविरोधी गतिविधियों को लेकर सिलीगुड़ी के होटल मालिकों का फैसला

पश्चिम बंगाल के होटल मालिकों के एक संगठन ने पड़ोसी बांग्लादेश में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर सिलीगुड़ी और उसके आसपास के इलाकों में बांग्लादेशी नागरिकों को ठहरने की सुविधा देने पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का फैसला किया है। मालदा सहित कई और शहरों में ऐसा ही प्रतिबंध लगाने पर विचार किया जा रहा है।

ग्रेटर सिलीगुड़ी होटलियर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, यह निर्णय उन घटनाओं से जुड़ा है, जिनसे भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव आया है, जिसमें भारतीय ध्वज के प्रति अनादर और बांग्लादेशी नागरिकों के एक वर्ग के भड़काऊ बयान शामिल हैं। होटल संगठन ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य वर्तमान संवेदनशील माहौल में मेहमानों और होटल कर्मचारियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करना है। संगठन के एक पदाधिकारी ने बताया कि एसोसिएशन के सदस्य अगले आदेश तक बांग्लादेशी नागरिकों को होटल में 'चेक-इन' की अनुमति नहीं देंगे।

उत्तर बंगाल में अंतर्राष्ट्रीय सीमा और मुख्य भूमि भारत को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाले रणनीतिक रूप से संवेदनशील गलियारे के पास स्थित सिलीगुड़ी, पर्यटक, चिकित्सा और छात्र वीजा पर भारत आने वाले बांग्लादेशी आगंतुकों के लिए एक प्रमुख प्रवेश बिंदु रहा है। प्रतिबंध की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी।

## विज्ञान व धर्म के बीच टकराव नहीं : भागवत

**तिरुपति।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि विज्ञान और धर्म के बीच कोई संघर्ष नहीं है तथा अंततः सभी लोग विभिन्न मार्गों के माध्यम से एक ही सत्य की खोज करते हैं। भागवत ने यहां आयोजित भारतीय विज्ञान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म को प्रायः मजहब के रूप में गलत समझ लिया जाता है, जबकि वास्तव में यह सृष्टि के संचालन को नियंत्रित करने वाला विज्ञान है।

उन्होंने कहा कि धर्म कोई मजहब नहीं है। यह वह नियम है, जिसके अनुसार सृष्टि चलती है। कोई इसे माने या न माने, लेकिन इसके बाहर कोई भी कार्य नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी कहा कि धर्म में असंतुलन विनाश का कारण बनता है। भागवत ने कहा कि विज्ञान ने यह मानते हुए धर्म से दूरी बनाए रखी कि वैज्ञानिक अनुसंधान में उसका कोई स्थान नहीं है।

# पाकिस्तान को कटघरे में खड़ा करेंगे जांच नतीजे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● आतंकवाद विरोधी सम्मेलन में पहलगाम हमले को लेकर बोले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पहलगाम आतंकवादी हमले और दिल्ली विस्फोट मामलों की जांच की सराहना करते हुए इस बात पर जोर दिया कि ये सामान्य पुलिसिंग के मामले नहीं हैं, बल्कि पुख्ता जांच के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। शाह ने कहा कि बैसरन घाटी (पहलगाम) हमले में शामिल आतंकवादी देश में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ना चाहते थे और कश्मीर में शुरू हुए विकास और पर्यटन के नए युग को झटका देना चाहते थे।

यहां राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा आयोजित दो दिवसीय आतंकवाद विरोधी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच के नतीजे पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कटघरे में खड़ा कर देंगे।

गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों ने बेहद सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर तीनों आतंकवादियों को मार गिराया और पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह पहली आतंकवादी घटना है जिसमें आतंकवादी कृत्य की साजिश बनाने वालों को हमने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दंडित किया और उन्हें उपलब्ध कराए गए हथियारों से कृत्य को अंजाम देने वालों को ऑपरेशन महादेव के माध्यम से मार गिराया गया।

शाह ने कहा कि दोनों तरफ से भारत सरकार, भारतीय सुरक्षा बलों और देश की जनता ने सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों के माध्यम से पाकिस्तान के आतंकवादी आकाओं को करारा और मुंहतोड़ जवाब दिया है। मंत्री ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले की पूरी और सफल जांच की गई, जिसका अध्ययन दुनियाभर की एजेंसियां करेंगी। शाह ने लाल किला क्षेत्र विस्फोट मामले के पीछे के पूरे नेटवर्क को उजागर करने में जम्मू-कश्मीर पुलिस और दिल्ली पुलिस की जांच की सराहना की।

### आतंकवाद को रोकने को रहना होगा तैयार

गृहमंत्री शाह ने कहा कि पहलगाम और दिल्ली विस्फोट मामलों की जांच सामान्य 'पुलिसिंग' नहीं बल्कि पुख्ता जांच के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। यह इस बात का भी एक बेहतरीन उदाहरण है कि कैसे एक सतर्क अधिकारी हर समय चौकस रहकर देश को ऐसे बड़े संकट से बचा सकता है। उन्होंने कहा कि तकनीक के उपयोग और तकनीकी प्रगति के कारण विश्व में आतंकवाद का स्वरूप बदल रहा है और हमें भी इसे रोकने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में आने वाली अनपेक्षित चुनौतियों का पूर्वानुमान लगाना और उन्हें रोकना इस सम्मेलन की राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। शाह ने कहा कि भारत सरकार की सभी एजेंसियों को राज्य पुलिस के साथ मिलकर एक 'टीम इंडिया' बनानी चाहिए जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रभावी ढंग से काम करे।

# हाईकोर्ट ने केंद्र से पूछा एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी को क्यों नहीं घटा सकते

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● केंद्र का तर्क-जीएसटी संवैधानिक निकाय, यह एकतरफा कर नहीं

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से पूछा कि राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए, आम आदमी के लिए एयर प्यूरीफायर को किफायती बनाने के लिए उस पर लगने वाले जीएसटी को क्यों नहीं घटाया जा सकता। उच्च न्यायालय ने केन्द्र के समक्ष यह प्रश्न तब उठाया जब केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील ने यह तर्क दिया कि जीएसटी परिषद एक संवैधानिक निकाय है और यह अब दिल्ली का एकतरफा कर नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह पूरे भारत में लागू संघीय कर है, इसलिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सहमति आवश्यक है और इसमें केंद्रीय वित्त मंत्री भी सदस्य के रूप में शामिल होते हैं। केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमण ने कहा कि मतदान प्रत्यक्ष तौर पर होना है और यह वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नहीं हो सकता। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस मामले में एक अत्यंत विस्तृत जवाबी हलफनामा दाखिल करेगी। न्यायमूर्ति विकास महाजन और न्यायमूर्ति विनोद कुमार की अवकाशकालीन पीठ ने केंद्र सरकार को याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया और मामले की आगे की सुनवाई के लिए 9 जनवरी की तारीख तय की। पीठ ने कहा, '' लेकिन अदालत की चिंता यह है कि दिल्ली और आसपास के इलाकों की स्थिति को देखते हुए, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत क्यों नहीं किया जाना चाहिए।


पीठ ने कहा कि आप जो भी तरीका अपनाना चाहें अपना सकते हैं और कोई न कोई रास्ता निकालें। कीमत 10,000-12,000 रुपये से शुरू होकर 60,000 रुपये तक जाती है, जो आम आदमी की पहुंच से बाहर है। क्यों न इसे एक उचित स्तर पर लाया जाए।

## संपत्ति का विवरण दें आईएएस, वरना की जाएगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** केंद्र ने आईएएस अधिकारियों को समय पर अपनी संपत्ति का विवरण दाखिल करने का निर्देश दिया है और कहा है कि ऐसा न करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही तथा पदोन्नति से वंचित करने सहित कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

सभी आईएएस अधिकारियों के लिए 31 जनवरी तक 'वार्षिक अचल संपत्ति रिटर्न' जमा करना अनिवार्य है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने जनवरी 2017 से 'स्पैरो' मॉड्यूल के माध्यम से आईएएस अधिकारियों के संबंध में आईपीआर संबंधी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा शुरू की थी। केंद्रीय विभागों के सचिवों और सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे गए 23 दिसंबर के पत्र में कहा गया है, संतोष की बात है कि अधिकारी वर्षों से अपना आईपीआर दे रहे हैं।

## गंगा की रेती पर तंबुओं का नगर...


प्रयागराज में पौष पूर्णिमा तीन जनवरी से गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी की रेती पर माघ मेला शुरू हो जाएगा। स्नानार्थियों और साधु-संतों के निवास के लिए तंबुओं की अस्थायी नगरी ने आकार ले लिया है। इंतजार है श्रद्धालुओं के आगमन की।

राष्ट्रीय आयोजन | पणजी में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सम्मेलन में बोले प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत

# मुकदमे की सुनवाई नहीं, व्यापक समाधान का केंद्र बनें न्यायालय

**पणजी, एजेंसी**


गोवा में मध्यस्थता विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन और संगोष्ठी का शुभारंभ करते भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी मौजूद रहे। ● एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शुक्रवार को कहा कि वह ऐसे न्यायालय की कल्पना करते हैं जो केवल मुकदमे की सुनवाई का स्थान न हो बल्कि विवाद के व्यापक समाधान का केंद्र बने। दक्षिण गोवा में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सम्मेलन और मध्यस्थता संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जिला न्यायालयों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक, सभी स्तरों पर अधिक संख्या में मध्यस्थों की आवश्यकता है।

सीजेआई ने कहा कि मध्यस्थता के जरिए लंबित मामलों को कम किया जा सकता है और यह कानून के कमजोर होने का नहीं बल्कि इसके बेहद विकसित होने का संकेत है। उन्होंने कहा कि जब हम भविष्य की ओर देखते हैं तो मैं एक ऐसे न्यायालय की कल्पना करता हूं जहां न्यायालय केवल मुकदमे की सुनवाई का स्थान न हो बल्कि विवाद समाधान का एक व्यापक केंद्र हो। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जब कोई व्यक्ति न्याय के लिए अदालत में जाता है तो उसे मध्यस्थता और अंततः मुकदमेबाजी की राह मिलनी चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि व्यापक न्यायालय की अवधारणा वादियों को सशक्त बनाने का सर्वोच्च साधन है। कहा कि मध्यस्थता एक ऐसा मुद्दा है जो उनके दिल के बेहद करीब है और जिसके प्रति उनमें गहरी आस्था है। उन्होंने कहा कि मुकदमा अक्सर एक मृत रिश्ते का पोस्टमार्टम और इस बात की नैदानिक जांच होती है कि क्या गलत हुआ वहीं इसके विपरीत, मध्यस्थता एक उपचारात्मक प्रक्रिया है जो रिश्ते की जीवंतता को बनाए रखने का प्रयास करती है। कहा कि मध्यस्थता की सफलता मध्यस्थ की न केवल स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा बोलने की क्षमता पर निर्भर करती है बल्कि उस व्यक्ति की बोली, भाव-भंगिमाओं और सांस्कृतिक मुहावरों को समझने की क्षमता पर भी निर्भर करती है जिसके लिए मध्यस्थता की जा रही है।

### मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो

पणजी। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि जो लोग मादक पदार्थों की तस्करी करने और संगठित आपूर्ति श्रृंखला बनाने में लिप्त हैं और इंसानों की कमजोरी का फायदा उठाकर मुनाफा कमाते हैं, वे गंभीर नुकसान पहुंचाने वाले अपराधी हैं। प्रधान न्यायाधीश ने मुंबई उच्च न्यायालय की गोवा पीठ की इमारत में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ 30-दिवसीय अभियान के दौरान कहा कि मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कानून को बेझिझक होकर सख्त और निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए। कहा कि जो लोग मादक पदार्थों की तस्करी करते हैं, आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा हैं और लोगों की कमजोरी का फायदा उठाकर पैसा कमाते हैं, वे परिस्थितियों के शिकार नहीं हैं।

# बच्चों के इंटरनेट उपयोग को नियंत्रित करने के लिए कानून बनाए केंद्र सरकार

**मदुरै, एजेंसी**

● ऑस्ट्रेलिया में लगे प्रतिबंध का हवाला देते हुए मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने दिया निर्देश

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने व्यवस्था दी है कि केंद्र सरकार बच्चों के इंटरनेट का उपयोग किए जाने को विनियमित करने के लिए उसी तरह एक कानून बनाने पर विचार कर सकती है, जैसा कानून आस्ट्रेलिया में बनाया गया है। अदालत ने कहा कि जब तक ऐसा कोई कानून लागू नहीं हो जाता, तब तक राज्य और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग बच्चों में बाल अधिकारों और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक कार्य योजना तैयार कर सकता है।

अदालत की ओर से सुझाए गए ढांचे का उद्देश्य 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया अकाउंट रखने से रोकना है, क्योंकि नाबालिगों के हानिकारक ऑनलाइन सामग्री के संपर्क में आने की आशंका है। न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन और न्यायमूर्ति केके रामकृष्णन की खंडपीठ ने हाल ही में ये टिप्पणियां तब कीं जब याचिकाकर्ता एस विजयकुमार का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील केपीएस पलानीवेल राजन ने नए ऑस्ट्रेलियाई कानून का हवाला दिया, जिसमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही पीठ ने कहा कि भारत भी इसी तरह का कानून लाने पर विचार कर सकता है।

विजयकुमार ने जनहित याचिका दायर कर इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को पेरेंटल विंडो सेवा प्रदान करने का निर्देश देने और अधिकारियों के माध्यम से बच्चों में जागरूकता पैदा करने को कहा। राजन ने तर्क दिया था कि याचिकाकर्ता ने उपरोक्त राहत इसलिए मांगी है क्योंकि अश्लील सामग्री आसानी से ऑनलाइन उपलब्ध है।



स्वतंत्र वही व्यक्ति है, जो अपना काम खुद कर लेता है।
–विनोबा भावे, संत

# दिल का पुल

धारचूला उपमंडल के छारछुम गांव में काली नदी पर प्रस्तावित मोटर पुल केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, भारत–नेपाल संबंधों के जमीनी विस्तार का प्रतीक है। यह पुल सीमांत क्षेत्रों में वर्षों से महसूस की जा रही कनेक्टिविटी की कमी दूर करेगा और दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सामाजिक तथा आर्थिक रिश्तों को नई मजबूती देगा। सीमावर्ती इलाकों में आधारभूत ढांचे का विकास हमेशा रणनीतिक और मानवीय दोनों दृष्टियों से अहम होता है और यह पुल इसी श्रेणी में आता है।

दोनों देशों के बीच काली नदी लंबे समय से एक प्राकृतिक सीमा रही है, लेकिन यही नदी दोनों समाजों को जोड़ने वाली सांस्कृतिक धारा भी रही। धारचूला के छारछुम गांव में इस मोटर पुल बनने से सीमांत क्षेत्र में आवागमन आसान होगा। बनबसा के बाद यह उत्तराखंड–नेपाल सीमा पर दूसरा महत्वपूर्ण मोटर पुल होगा, जिससे स्थानीय व्यापार, आवाजाही और आपसी निर्भरता को नया आयाम मिलेगा। अभी तक इस क्षेत्र में आवाजाही पैदल पुलों या मौसमी साधनों पर निर्भर रही है, जो बारिश और आपदा के समय बाधित हो जाती है। व्यापारिक दृष्टि से देखें तो भारत–नेपाल संबंध पहले से ही प्रगाढ़ हैं। भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वर्तमान में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 12 अरब अमेरिकी डॉलर के आसपास है, जिसमें भारत का निर्यात कहीं अधिक और आयात अपेक्षाकृत कम है। यानी व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में है। ऐसे में सीमांत क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी से न केवल औपचारिक व्यापार बढ़ेगा, बल्कि अनौपचारिक और स्थानीय स्तर के लेन-देन को भी वैध और व्यवस्थित स्वरूप मिलेगा। इस पुल के बनने से कृषि उत्पाद, दैनिक उपभोग की वस्तुएं, निर्माण सामग्री, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों के व्यापार में वृद्धि की उम्मीद है। नेपाल से जड़ी-बूटियां, कृषि उपज और हस्तनिर्मित वस्तुएं भारत आ सकती हैं, जबकि भारत से खाद्यान्न, दवाइयां, मशीनरी और उपभोक्ता वस्तुओं का प्रवाह बढ़ेगा। इससे सीमांत गांवों की अर्थव्यवस्था को स्थायित्व मिलेगा और पलायन की समस्या पर भी कुछ हद तक अंकुश लगेगा। यह पुल केवल धारचूला ही नहीं, बल्कि उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जनपद के अन्य पर्वतीय क्षेत्रों, जैसे- व्यास घाटी और आसपास के दूरस्थ गांवों के लिए भी लाभकारी होगा। नेपाल की ओर यह धारचूला और समीपवर्ती पहाड़ी इलाकों के लोगों के लिए जीवनरेखा साबित हो सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाओं तक पहुंच आसान होने से मानव विकास सूचकांकों पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। सीमांत इलाकों में पारिवारिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध सदियों पुराने हैं।

यह पुल केंद्र और राज्य सरकार के बीच सहकारी संघवाद का उदाहरण है। केंद्र की रणनीतिक और कूटनीतिक दृष्टि तथा राज्य सरकार की स्थानीय जरूरतों की समझ दोनों के समन्वय से ही यह परियोजना संभव हो रही है। उम्मीद है कि यह मोटर पुल सीमांत विकास, द्विपक्षीय व्यापार और सामाजिक एकता का मजबूत आधार बनेगा। यह दिखाता है कि बुनियादी ढांचा जब सही दिशा में खड़ा होता है, तो वह दिलों की दूरी को भी पाट देता है।

## प्रसंगवश

# ‘होगा कोई ऐसा भी कि गालिब को न जाने’

दिल्ली की पुरानी गलियों में आज भी अगर ध्यान से सुना जाए तो कहीं न कहीं एक ठहरी हुई उदासी, एक बगावती मुस्कान और एक गहरी दार्शनिक आहट सुनाई देती है। यह आहटें मिर्जा गालिब के होने की हैं। 27 दिसंबर 1797 को आगरा के काला महल में जन्मे मिर्जा असदउल्लाह बेग खान, जिन्हें दुनिया ‘गालिब’ के नाम से जानती है, केवल एक शायर नहीं थे, बल्कि अपने समय की विडंबनाओं, मनुष्य की टूटन, प्रेम की असफलताओं और जीवन की तल्ख सच्चाइयों के सबसे प्रखर गवाह थे। उनकी शायरी पढ़ते हुए ऐसा लगता है, मानो शब्द नहीं, बल्कि अनुभव बोल रहे हों। मानो हर शेर के पीछे कोई टूटी हुई उम्मीद, कोई अधूरी मोहब्बत या कोई असह्य सच खड़ा हो।

गालिब की जिंदगी स्वयं एक लंबी गजल थी। कभी उसमें दुख झलकता है, कभी संघर्ष की कहानी सुनाई देती है। बचपन में ही पिता का साया उठ जाना, फिर कम उम्र में विवाह, संतान-सुख का अभाव और आर्थिक असुरक्षा, इन सबने उनके व्यक्तित्व को भीतर तक झकझोर दिया। सात संतानें हुईं, लेकिन नियति ने एक को भी उनके पास नहीं छोड़ा। यह निजी त्रासदी कभी दर्द बनकर, कभी दर्शन बनकर उनकी शायरी में बार-बार लौटती है। गालिब का दुख रोना नहीं बनता, वह सवाल बनता है जिंदगी से, खुदा से और खुद से भी।



श्वेता गोयल
शिक्षिका

भाषा के स्तर पर गालिब का प्रयोग अपने आप में क्रांतिकारी था। वे मूलतः फारसी के शायर थे और फारसी को ही श्रेष्ठ मानते थे, लेकिन उर्दू में उन्होंने जो रचा, उसने उर्दू को नई ऊंचाईयां दीं। उनकी उर्दू में फारसी की गहराई है, दर्शन की जटिलता है और अनुभूति की तीव्रता है। यही कारण है कि उनकी शायरी पहली नजर में कठिन लगती है, लेकिन जैसे-जैसे पाठक उसमें उतरता है, वह अपनी ही जिंदगी के सवालों से रूबरू होने लगता है। गालिब किसी आसान दिलासा के शायर नहीं हैं, बल्कि वे सोचने पर मजबूर करते हैं।

दिल्ली गालिब की रचनात्मक आत्मा का सबसे बड़ा मंच रही। किशोरावस्था में ही वे दिल्ली आ गए थे और यहीं उनकी शायरी ने आकार लिया। मुगल दरबार में उनकी मौजूदगी केवल एक दरबारी शायर की नहीं थी, बल्कि एक स्वतंत्र चेतना की थी। आखिरी मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर स्वयं शायर थे और गालिब की प्रतिभा को पहचानते थे। दरबार में उन्हें सम्मान मिला, खिताब मिले, लेकिन गालिब का स्वभाव किसी भी सत्ता के आगे पूरी तरह झुकने का नहीं था। वे अपनी शर्तों पर जीने वाले फनकार थे। थोड़े बेपरवाह, थोड़े विद्रोही और पूरी तरह ईमानदार।

1857 की क्रांति गालिब की जिंदगी में निर्णायक मोड़ लेकर आई। दिल्ली उजड़ गई, मुगल साम्राज्य का अंत हो गया और गालिब की आर्थिक रीढ़ भी टूट गई। जो पेंशन और संरक्षण उन्हें दरबार से मिलता था, वह एक झटके में खत्म हो गया। यह दौर उनकी जिंदगी का सबसे कठिन समय था, लेकिन इसी समय उनकी शायरी में वह तीखापन आया, जिसने उन्हें ‘आम आदमी का शायर’ बना दिया। भूख, तंगी और अपमान के बीच लिखे गए उनके शेर किसी व्यक्तिगत पीड़ा तक सीमित नहीं रहे, बल्कि वे पूरे समाज की टूटन का बयान बन गए।

गालिब का व्यक्तित्व जितना जटिल था, उतना ही मानवीय भी। शराब और जुए की आदतें, जेल जाना, आर्थिक बदहाली, ये सब उनकी छवि के ऐसे पहलू हैं, जिन्हें अक्सर नैतिकता के चश्मे से देखा गया, लेकिन गालिब को समझने के लिए उस नैतिकता से बाहर आना पड़ता है। वे अपने दोषों को छिपाते नहीं थे, बल्कि उन्हें स्वीकार करते थे। यही स्वीकार्यता उन्हें आधुनिक बनाती है। वे जानते थे कि इंसान कमजोर है और उसी कमजोरी से उसका सच जन्म लेता है।

# एसआईआर व नेपाल के ‘दोहरी नागरिकता’ वाले लोग







यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले दिनों यूपी विधानसभा में ‘नेपाली घुसपैठियों’ का सवाल उठा। नेपाल सीमा से सटे सात जिलों में नेपाल के हजारों ऐसे लोग हैं, जिनके पास दोहरी नागरिकता है। वे दोनों तरफ अपने मताधिकार का प्रयोग भी करते हैं।

यूपी में जब एसआईआर की शुरुआत हुई, तो मुख्यमंत्री ने हर जिले में घुसपैठियों के लिए शेल्टर होम की बात कही थी। एसआईआर की समय सीमाम समाप्त हो रही है, लेकिन यूपी में घुसपैठियों की शिनाख्त नहीं हो पाई। बहरहाल जब घुसपैठियों की बात चली, तो इस बात की ज्यादा संभावना थी कि यूपी में किसी और देश के घुसपैठिए हों न हों, ‘नेपाल के घुसपैठिए’ जरूरत पहचान में आ जाएंगे, लेकिन यह भी नहीं हो पाया, जबकि संपूर्ण यूपी में न सही नेपाल सीमा से सटे सात जिलों में नेपाली घुसपैठियों की भरमार है। यूपी के ये जिले हैं महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, पीलीभीत, लखीमपुर।

नेपाल सीमा के इन सात जिलों में नेपाल और भारत के हजारों ऐसे लोग हैं, जिनके पास दोहरी नागरिकता है। सीमा से सटे दोनों ओर के कस्बों और गांवों में उनके घर मकान हैं। ऐसे लोगों का व्यापार भी सीमावर्ती क्षेत्रों में फैला हुआ है। इतना ही नहीं, नेपाल सीमा के कुछ गांवों को मिनी नेपाल तक कहा जाता है। वे दोनों तरफ अपने मताधिकार का भी प्रयोग करते हैं। दोहरी नागरिकता धारण किए हुए लोगों के वाहन और असलहे तक भारत के पते पर होते हैं। अचरज की बात है कि ऐसे लोगों में एक भी ऐसा नहीं पाया गया, जो ‘नेपाली घुसपैठिया’ हो!

खैर, चोरी-छिपे ऐसे घुसपैठियों की शिनाख्त न हो पाना बड़ी बात नहीं है। सरकारी कामकाज में ऐसा हो रहा है, तो इसे सरकार की मंशा भी कहा जा सकता है, लेकिन जब दोहरी नागरिकता के सारे सबूत सरे आम हों, उस पर भी सरकार यह कहे कि सबूत दीजिए तब कार्रवाई हो तो अजीब लगना स्वाभाविक है। यूपी के शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अपना दल (एस) के विधायक विनय वर्मा ने इसी सत्र में सदन में ऐसे नेपाली नागरिकों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया, तो विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक वर्मा से सबूत पेश करने की बात कही।

पाकिस्तान की सीमा हैदर बिना वीजा-पासपोर्ट के नेपाल के रास्ते भारत आ गईं और नोएडा के आसपास अपने कथित प्रेमी के साथ डंके की चोट पर रह रही हैं। सरकार अभी तक सीमा हैदर के भी घुसपैठिया होने के सबूत तलाश रही है। सरकार जब घुसपैठियों की बात करती है, तो यह कह पाना मुश्किल होता है कि सरकार अपने ‘मनमाफिक घुसपैठिए’ ढूंढ रही है या घुसपैठिए ढूंढ रही है?

नेपाल यद्यपि हमारा पड़ोसी और मित्र देश है, फिर भी कोई भारतीय न तो वहां घर जमीन ले सकता है और न ही किसी संस्था का सदस्य अथवा प्रबंधन संभाल सकता है, लेकिन नेपाल सीमा के यूपी में ऐसा संभव है, जहां नेपाल का कोई शख्स भारत का भी नागरिक हो सकता है। भारतीय शिक्षण संस्थान का प्रबंधकीय व्यवस्था संभाल सकता है। भारतीय नंबर के वाहनों का इस्तेमाल कर सकता है। भारत में राजनीति भी कर सकता है। लखनऊ-दिल्ली में रिहायशी मकान भी बना सकता है और असलहे इत्यादि भी रख सकता है। निश्चित ही भारत-नेपाल संबंधों के तय शर्तों में ऐसी कोई शर्त नहीं है, फिर भी यह सब सरेआम हो रहा है। किसी भारतीय को नेपाल में ऐसी सुविधाएं नहीं प्राप्त हैं।

फिलहाल यूपी के सिद्धार्थनगर के बढ़नी और महराजगंज जिले के ठूठीबारी कस्बे में स्थित विद्यालयों के प्रबंधक नेपाली नागरिक हैं। उनकी भारत के उच्च प्रशासन और सरकार तक ऊंची पहुंच है। ठूठीबारी स्थिति विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र राज कंडेल नेपाल में गृहमंत्री भी रहे हैं, जबकि बढ़नी स्थित विद्यालय के प्रबंधक कुणाल शाह का परिवार न केवल नेपाल की राजनीति में खासा दखल रखता है, इस परिवार के सदस्य नेपाल सरकार में सांसद, मंत्री तक रहे हैं। इस परिवार के सदस्य आज भी नेपाली राजनीति में अच्छी तरह सक्रिय हैं।

कृष्णानगर (नेपाल) का शाह परिवार पूर्व में गोरखपुर जिले के उनवल स्टेट का निवासी रहा है। अंग्रेजी शासन के समय ही उनवल स्टेट से ये लोग भारत सीमा से सटे नेपाल के कृष्णा नगर में आकर बस गए। यह परिवार नेपाल राजाओं के भी नजदीक रहा है। नेपाल में एक समय ऐसा था, जब वहां हिंदी पढ़ने की अनुमति नहीं थी। तभी नेपाली छात्रों को हिंदी की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए नेपाल सीमा से सटे बढ़नी कस्बे में गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज नाम से शिक्षण संस्थान की स्थापना की गई थी। तभी से इस विद्यालय का प्रबंधन नेपाल के इस परिवार के हाथ में है।

विद्यालय के छात्रों की शिकायत पर विधायक विनय वर्मा ने विद्यालय के मनमानी फीस और भ्रष्टाचार की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी और डीएम से इस अनुरोध के साथ किया कि इसकी जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। हैरान करने की बात यह है कि विधायक विनय वर्मा की विद्यालय की शिकायत ठंडे बस्ते में डाल दी गई। उलटे बस्ती मंडल के कमिश्नर ने वर्मा के विधायक निधि से कराए गए कार्यों की ही जांच के निर्देश दे दिए। ऐसे में विधायक का भड़कना स्वाभाविक था।

यदि विद्यालय में भ्रष्टाचार की शिकायत है, तो इसकी जांच हो जाने देने में कोई हर्ज भी नहीं था। तो क्या विद्यालय के भ्रष्टाचार की शिकायत को प्रबंधक ने अपने इकबाल को चुनौती मान कर विधायक की ही शिकायत कर दी? निःसंदेह विधायक विनय वर्मा को कुछ ऐसा ही लगा, तभी तो उन्होंने अपनी पीड़ा विधानसभा से लेकर दिल्ली तक पहुंचा दी। एक विद्यालय के कथित भ्रष्टाचार की शिकायत ने इतना तूल पकड़ लिया कि मामला नेपाली घुसपैठिए तक आ गया। अब इसकी चर्चा उत्तर प्रदेश की विधानसभा से दिल्ली प्रधानमंत्री कार्यालय तक है। इस मामले की जांच हो न हो, यह बाद की बात है, लेकिन यदि ‘नेपाल के घुसपैठियों’ की जांच हो तो आम तो आम ढेर सारे नामचीन नेपाली नागरिक भी इसकी जद में आ सकते हैं।

## आमने सामने



पता नहीं क्यों मेरे मन से एक बात निकलती है, जो मैंने आज तक किसी से नहीं कही, लेकिन आपके सामने कह रहा हूं। मैं बार-बार कहता हूं कि मैं दो बार विधायक बन गया, लेकिन मुझे इस श्रापित भूमि से तीसरी बार एमएलए नहीं बनना है।
–दिनेश खटीक
बीजेपी विधायक, हस्तिनापुर

हस्तिनापुर का नौ साल तक चीरहरण कर खून चूसने वाले इस भूमि को श्रापित बता रहे हैं। दिनेश खटीक ने लाखों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। यदि यह धरती श्रापित थी, तो दिनेश खटीक ने यहां से दो बार चुनाव क्यों लड़ा!
–गोपाल काली
पूर्व विधायक



# बदलते भारत की उड़ान है बाहुबली एलवीएम-3



सुनील महला
स्वतंत्र पत्रकार

इसरो ने पहली बार 6100 किलोग्राम वजनी उपग्रह का प्रक्षेपण कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस सेटेलाइट से स्मार्टफोन तक सीधे कनेक्टिविटी पहुंचेगी।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने बाहुबली प्रक्षेपण यान एलवीएम-3 से पहली बार 6100 किलोग्राम से ज्यादा वजनी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। यह एक तरह से देश की अंतरिक्ष इकोनॉमी के लिए एक बूस्टर डोज कहा जा सकता है। अमेरिकी उपग्रह ब्लूबर्ड-6 सीधे स्मार्ट फोन तक 4जी और 5जी इंटरनेट, वॉयस, वीडियो कॉल, टेक्स्ट, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं प्रदान करेगा। भारतीय भूमि से प्रक्षेपित किया जाने वाला अब तक का सबसे वजनी उपग्रह है। इससे पहले, नवंबर में लॉन्च किया गया एलवीएम3-एम5 कम्युनिकेशन सेटेलाइट-03 करीब 4,400 किलोग्राम का था। इसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित किया गया था।

ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को जिस एलवीएम3-एम6 रॉकेट से लॉन्च किया गया, उसका वजन 640 टन है। यह भारत का सबसे भारी लॉन्च व्हिकल है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नेक्स्ट-जेन कम्युनिकेशन सेटेलाइट है, जिसका मकसद सामान्य स्मार्टफोन तक सीधे हाई-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना है। खास बात यह है कि इसके जरिए धरती पर कहीं से भी बिना टावर 4जी और 5जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआइएल) और अमेरिका स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल (एएसटी एंड साइंस, एलएलसी) के बीच हुए एक कॉमर्शियल समझौते का हिस्सा है।

न्यूस्पेस इंडिया, इसरो की कॉमर्शियल ब्रांच है। इसरो की हाल की उपलब्धि ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की संभावनाओं को और मजबूत किया है। सच तो यह है कि एलवीएम-3 ने फिर एक बार विश्वसनीयता और उपयोगिता साबित की है। श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से यह 104वां लॉन्च मिशन था। पहली बार ऐसा हुआ है, जब केवल 52 दिन के अंतराल पर एक के बाद एक एलवीएम-3 के दो मिशन प्रक्षेपित किए गए। अभी तक केवल विशेष रूप से डिजाइन किए गए सेटेलाइट हैंडसेट से ही उपग्रहों के जरिए संचार संभव था। यह सफलता गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन की तैयारियों के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे हैवी लोड को सुरक्षित कक्षा में स्थापित करने की इसरो की क्षमता प्रमाणित हुई है। इससे संचार, रक्षा और वैज्ञानिक अभियानों को नई मजबूती मिलेगी।

साल 2025 में इसरो ने कई ठोस और बहुआयामी सफलताएं हासिल कीं, जिन्होंने भारत की अंतरिक्ष क्षमता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। विदेशी संचार उपग्रह ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 का सफल प्रक्षेपण ही नहीं, इसके अलावा भी पीएसएलवी और जीएसएलवी के माध्यम से पृथ्वी अवलोकन, मौसम पूर्वानुमान और संचार से जुड़े कई उपग्रहों की सफल तैनाती इसरो द्वारा की गई, जिससे कृषि, आपदा प्रबंधन और डिजिटल सेवाओं को मजबूती मिली। इतना ही नहीं, मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की दिशा में भी 2025 में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। क्रू मॉड्यूल, एस्केप सिस्टम और मानव सुरक्षा से जुड़े परीक्षण सफलतापूर्वक किए गए, जिससे भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन की नींव और मजबूत हुई।

स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन, उन्नत नेविगेशन सिस्टम और नई पीढ़ी की अंतरिक्ष तकनीकों का सफल परीक्षण आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम रहा। अंतर्राष्ट्रीय सहयोगों और व्यावसायिक प्रक्षेपणों में बढ़ती भागीदारी ने भी इसरो को वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में एक भरोसेमंद और सक्षम एजेंसी के रूप में स्थापित किया। यह बात कही जा सकती है कि वर्ष 2025 इसरो के लिए तकनीकी सफलता, वैज्ञानिक प्रगति और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा का वर्ष साबित हुआ।

भारत का अंतरिक्ष प्रक्षेपण बाजार सालाना 12.5% से 13.3% की वार्षिक चक्रवृद्धि दर से बढ़ रहा है। इस क्रम में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा अंतरिक्ष विभाग के राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में बताया था कि जनवरी 2015 से दिसंबर 2024 के बीच इसरो ने 393 विदेशी सेटेलाइट लॉन्च कर 439 मिलियन अमरीकी डॉलर, यानी 3900 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। हम यहां सरल शब्दों में कहें, तो इसरो ने अपने शक्तिशाली रॉकेट एलवीएम-3 एम-6 से अमेरिका का भारी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाया है तथा एलवीएम-3 वही रॉकेट है, जिसने पहले चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 और वनवेब मिशन जैसे बड़े अभियानों को सफल बनाया है। एक ही साल में दो एलवीएम-3 मिशन यह दिखाता है कि भारत अब भारी उपग्रह लॉन्च करने में तेजी से मजबूत हो रहा है।

ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह की खास बात यह है कि इसके जरिए बिना मोबाइल टावर के भी मोबाइल फोन पर 4जी-5जी कॉल, इंटरनेट और मैसेजिंग संभव होगी, चाहे इलाका हिमालय हो, रेगिस्तान हो या समुद्र। यह उपग्रह भारत की कंपनी न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड और अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल के सहयोग से लॉन्च किया गया है।

## सोशल फोरम

# अपने हीरो से कभी न मिलो

राल्फ वाल्डो एमर्सन एक अमेरिकी लेखक और विचारक थे, वे कहते थे कि आदमी को अपना दिमाग किसी और के नाम पर गिरवी नहीं रखना चाहिए, सॉरन किअर्केगार्ड डेनमार्क के दार्शनिक थे। वे इंसान के डर, अकेलेपन और खुद को धोखा देने वाली आदतों पर सीधे बात करते थे। मॉन्तेन फ्रांस के निबंधकार थे, वे रोजमर्रा के इंसान को उसकी छोटी कमजोरियों समेत समझने वाले लेखक थे।



असीम तिवारी
ब्लॉगर

एक कहावत है, ‘Never meet your heroes.’ अपने हीरो से कभी मत मिलो। एमर्सन इस विचार को यूं समझाते हैं कि हम किसी व्यक्ति को व्यक्ति नहीं रहने देते। हम उसे एक प्रतीक बना देते हैं, हम उसकी एक चमकती हुई बात पकड़ते हैं, फिर उसे बढ़ाते-बढ़ाते इतना बड़ा कर देते हैं कि बाकी पूरा मनुष्य पीछे छूट जाता है। फिर हमारी अपेक्षा किसी इंसान से नहीं, एक मूर्ति से होती है। समस्या यह है कि मूर्ति आपकी कल्पना बनाती है और इंसान अपनी थकान, अपने मूड, अपनी सीमाओं, अपने साधारणपन के साथ आता है, जब आप उनसे मिलते हैं, आपकी कल्पना को अचानक सच से टकराना पड़ता है और यह टकराव अक्सर आपको उनके खिलाफ नहीं करता, आपको अपने ही प्रोजेक्शन के खिलाफ करता है, आपको लगता है वे छोटे निकल गए, असल में आपकी कल्पना जरूरत से ज्यादा बड़ी निकली

एमर्सन आगे कहते हैं कि जिन लोगों को आप महान मानते हैं, वे अक्सर आपकी अपनी चेतना के लिए लेंस बन जाते हैं, आप उन्हें देख नहीं रहे होते, आप उनके जरिए अपने भीतर की इच्छा, अपने भीतर की कमी, अपने भीतर की भूख पढ़ रहे होते हैं, इसलिए यह रिश्ता असंतुलित होता है, वे आपके लिए अर्थ हैं, जबकि आप उनके लिए एक मुलाकात, आप सालों की भावना लेकर पहुंचते हैं। वे उस दिन का समय और दिमाग लेकर, इस असमानता में निराशा लगभग तय है। एमर्सन का इलाज निराशा नहीं है, स्वाभिमान है। उनका कहना यह है कि प्रेरणा लो, लेकिन अपनी आत्मा का स्टेयरिंग किसी दूसरे के हाथ मत दो, प्रशंसा करो, मगर अपना केंद्र मत गिरवी रखो।

कीयरकेगार्द इसी आदत को दूसरी दिशा से पकड़ते हैं, वे कहते हैं कि कई बार प्रशंसा एक आरामदायक विकल्प बन जाती है, कार्रवाई का विकल्प, आप किसी महान व्यक्ति की तारीफ करके खुद को महानता के पास महसूस करते हैं, पर उसकी कीमत नहीं चुकाते। आप भीतर ही भीतर एक नरम सा सौदा कर लेते हैं कि मैं उनका फैन बनकर अपने हिस्से का जोखिम टाल दूंगा, इसीलिए कई लोग हीरो से मिलना भी नहीं चाहते, क्योंकि मिलने के बाद जादू टूटता है और जादू टूटने के बाद सवाल उठता है कि अब तुम क्या करोगे?

## सामयिकी

# मंदिर का कोष देवता का सरकार का नहीं

मंदिर सिर्फ व सिर्फ पूजा, श्रद्धा और आस्था का केंद्र है, इससे शायद किसी की असहमति हो। मंदिर शब्द का अपना धार्मिक निहितार्थ है। ‘देवालय’ जैसे पवित्र स्थल के विवाद को समाज अच्छा नहीं मानता है। पहले मंदिरों के स्वामित्व, उत्तराधिकार व प्रबंधन आदि को लेकर मुकदमेबाजी होती थी। इधर विवाद के केंद्र में दान, चढ़ावे की धनराशि के व्यय के मद और रख-रखाव को लेकर कोर्ट-कचेहरी हो रही है। ऐसे विवाद उन मंदिरों के भी हैं, जिनके संचालन के लिए विधिवत ट्रस्ट बने हैं, या जिनकी व्यवस्था शासन द्वारा अधिनियमित है।

विगत सप्ताह श्री बांके बिहारी मंदिर में ‘विशेष पूजा’ पर सर्वोच्च न्यायालय की कड़ी टिप्पणी अकारण नहीं है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत का कथन कि दोपहर 12 बजे मंदिर बंद होने के बाद भी भगवान को एक मिनट तक आराम नहीं मिलता और इसी समय सबसे अधिक विशेष पूजाएं कराई जाती हैं, जिनमें केवल धन अदा करने वाले शामिल हो सकते हैं। पीठ ने इसे भगवान के ‘शोषण’ जैसा करार दिया है। किसी मठ मंदिर की (अ) व्यवस्था के प्रति सर्वोच्च न्यायालय की यह कोई सामान्य टिप्पणी नहीं है। न्यायमूर्तिगण सूर्यकांत, जॉयमाल्या बागची और विपुल पंचोली की पीठ वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
स्वतंत्र पत्रकार

याचिका में मुख्य रूप से उच्च अधिकार प्राप्त समिति के उस व्यवस्थात्मक नीति को चुनौती दी गई है, जिसमें मंदिर के दर्शन समय में बदलाव के साथ ही देहरी पूजा जैसी धार्मिक परंपराओं को बंद किया गया है। यकीनन सरकार ने मंदिर प्रबंधन को अधिक उत्तरदायी बनाने के लिए ‘उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट ऑर्डिनेंस-2025’ जारी किया है। इसमें निहित व्यवस्था से बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन समिति असहमत है और इसी के बाद यह विवाद सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा है।

केरल के वायनाड जिले में स्थित प्राचीन थिरुनेल्ली महाविष्णु मंदिर की मुकदमेबाजी एक अलग किस्म की रही। थिरुनेल्ली मंदिर देवस्वम को बैंक में जमा पैसे (एफडी की धनराशि) को वापस पाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय तक की शरण लेनी पड़ी। दक्षिण की काशी के रूप में प्रसिद्ध इस मंदिर के मामले में सर्वोच्च न्यायालय (5 दिसंबर 25) की स्पष्ट टिप्पणी थी कि मंदिर का धन देवता का धन होता है और सहकारी बैंकों को ‘सहारा देने’ के लिए इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। मंदिर देवस्वम कोऑपरेटिव बैंकों में मंदिर की सवधि जमा (एफडी) पैसे को वापस चाहती थी और बैंक वापस नही कर रहा था।

विवश होकर मंदिर देवस्वम को केरल उच्च न्यायालय में याचिका योजित करनी पड़ी, जिसमें बैंकों को जमा राशियों को लौटाने का आदेश दिया गया, लेकिन बैंकों ने केरल उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन करने के बजाय सर्वोच्च न्यायालय में इस आदेश को चुनौती दी। शीर्ष न्यायालय का नजरिया बैंक व मंदिर प्रबंधन दोनों के लिए निर्देशात्मक रहा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि क्या मंदिर का पैसा बैंक को बचाने के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं? मंदिर की राशि ऐसी सहकारी बैंक में क्यों रखी जाए जो मुश्किल हालत में हैं? उसे एक राष्ट्रीयकृत बैंक में क्यों न रखा जाए, जहां अधिक ब्याज भी मिले। पीठ ने कहा कि मंदिर का पैसा देवता का है, इसे सुरक्षित रखना और केवल मंदिर के हित में उपयोग करना आवश्यक है। इन्हीं टिप्पणियों के साथ सहकारी बैंकों की सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। इससे पहले भी सर्वोच्च न्यायालय का सुविचारित मत रहा है कि मंदिर में चढ़ाया गया धन और संपत्ति देवता की होती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## मस्जिद की जिम्मेदारी उठाते हैं शर्मा जी

आज से करीब 300 वर्ष पहले नया टोला आलमगिरिगंज निवासी पंडित दासीराम शर्मा ने खंडहरनुमा मस्जिद का पुनर्निमाण कराया था। इसे शर्मा जी की मस्जिद या बुध वाली मस्जिद भी कहा जाता हैं। मान्यता है कि यहां जो भी लगातार सात बुधवार को इबादत के लिए आता है, उसकी मन्नत पूरी होती है। आज भी इस मस्जिद की एक चाबी शर्मा जी के वंशज संजय शर्मा के पास रहती है।



बरेली गंगा-जमुनी तहजीब वाला शहर है। इस तहजीब को कटरा मानराय का लक्ष्मी नारायण मंदिर आगे बढ़ा रहा है। सबसे मुख्य बात यह है कि इस मंदिर को शहर के सेठ फजलुर्रहमान उर्फ चुन्ना मियां ने अपनी जमीन दान में देने के साथ पैसा देकर बनवाया था। इस वजह से इस मंदिर का नाम चुन्ना मियां भी पड़ गया और अब यह मंदिर चुन्ना मियां के नाम से भी प्रसिद्ध है। पास में ही आलमगीरीगंज में राजेंद्र शर्मा एक मस्जिद के केयर टेक हैं। यहां की गलियों में एक तरफ आरती की धुन सुनाई देती है, तो दूसरी ओर अजान होती है। दोनों जगहों से सौहार्द के सुर निकलते हैं, उससे शहरवासी सुकून महसूस करते हैं।

*- अभिषेक मिश्रा, बरेली*

# गंगा-जमुनी तहजीब को आगे बढ़ा रहा चुन्ना मियां का मंदिर



### मुनि हरिमिलापी ने किया था चुन्ना मियां का हृदय परिवर्तन

कटरा मानराय में भारत पाकिस्तान के विभाजन के बाद भारत आए सिंधी, हिंदू, पंजाबी परिवार के लोग यहां आकर बस गए। वह यहां आकर रहने लगे, लेकिन उनके पास पूजा-पाठ करने के लिए कोई मंदिर नहीं था, जिसके बाद उन्होंने चुन्ना मियां की खाली पड़ी जमीन पर ही मूर्ति रखकर पूजा-पाठ करने लगे थे, जिसके बाद इसका विरोध चुन्ना मियां ने किया। इसके लिए कानूनी कार्रवाई तक की गई। चुन्ना मियां उनकी जमीन पर मंदिर बनाए जाने के खिलाफ थे, लेकिन मुनि हरिमिलापी के बरेली आने पर सेठ फजलुर्रहमान उनसे मिलने आए थे, तब उन्होंने उन्हें समझाया कि सभी प्राणी प्रभु के हैं। शरीर की मंजिल शमशान है और जीवात्मा की मंजिल भगवान है, जिसके बाद उनका हृदय परिवर्तन हुआ और मंदिर के लिए जमीन दान दे दी। साथ ही मंदिर निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपये लगाकर अपनी जगह पर मंदिर बनवाया। मंदिर बनाने में चुन्ना मियां ने श्रम दान भी किया। मुनि हरिमिलापी ने ही फजलुर्रहमान को फजले राम बनाकर असीम प्यार दिया।

### चार बेटों में अतीकुर्रहमान और अताउर्रहमान ही आते हैं मंदिर



सेठ फजलुर्रहमान के चार बेटों में से अतीकुर्रहमान, अताउर्रहमान ही मंदिर में कभी-कभी पहुंचते हैं, जिसमें अतीकुर्रहमान के दोनों बेटे रामपुर में रहते हैं। वहीं अताउर्रहमान के इकलौते बेटे शकेब रहमान बरेली में निवास करते हैं। शकेब ने बताया कि वह रोज मंदिर नहीं पहुंच पाते हैं। हरिमिलाप ट्रस्ट के लोगों के आने पर वह अक्सर मंदिर जाते हैं। उन्होंने बताया कि उनके दादा ने मंदिर के अलावा शहर में कई जगह जमीन के साथ ही स्कूल-कॉलेजों में भी दान किया था।

### तत्कालीन राष्ट्रपति ने किया था मंदिर का उद्घाटन



मंदिर के पुजारी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि तत्कालीन राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद ने मंदिर का उद्घाटन किया था। उस समय राष्ट्रपति ने हरिमिलापी जी की प्रशंसा करते हुए कहा था कि आपने हिंदु-मुस्लिम की एकता सुदृढ़ करने वाले मंदिर का निर्माण करवाया है। फजलुर्रहमान ने यह मंदिर बनवाकर अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने इसके लिए ईराक से संदेश भेजा था। चुन्ना मियां के पौत्र शकेब रहमान ने बताया कि उन्होंने सुना है कि उस समय प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लान नेहरू ने उनके दादा के लिए राज्यसभा की सीट देने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने राजनीति में जाने से मनाकर दिया था।

---

**अनुभूति**


## जीवन का आनंद बागबानी



श्रुति सुकुमार
लेखिका, बरेली

मैंने कुछ समय पहले अपनी बगिया में टमाटर के पौधे लगाए, करीब एक-दो महीने बाद उन पर नन्हें-नन्हें टमाटर आना शुरू हो गए हैं, यकीन मानिए उन्हें देखकर मेरी खुशी का ठिकाना न रहा। इन टमाटरों के स्वाद में और बाजार की मिलावटी खाद से उगे टमाटर के स्वाद में धरती- आसमान का अंतर था। इतना सुखद एहसास कि मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। इस सुकून को तो केवल वही समझ सकता है, जिसने खुद बागवानी का अनुभव किया हो। बागवानी न केवल हमारी बगिया को खूबसूरत बनाती है, बल्कि हमें खुशी भी प्रदान करती है और तो और शोध यह भी बताते हैं कि बागवानी करने से हमारे स्वास्थ्य में भी सुधार आता है। बागवानी करने से डिप्रेशन, एंजायटी व अनिद्रा की समस्या भी दूर होती है। क्योंकि हमारा शरीर जिन पांच तत्वों से मिलकर बना है, उसमें एक तत्व पृथ्वी भी है और मिट्टी के स्पर्श से हमें आत्मिक एक रसता होने की अनुभूति होती है। पेड़-पौधों में भी प्राण होते हैं और उन्हें छूने से, उनके साथ रहने बैठने से हमारी प्राण शक्ति भी बढ़ती है। मनुष्य और पेड़-पौधे एक दूसरे को आदान-प्रदान भी करते हैं। जैसे हमें ऑक्सीजन की जरूरत होती है उसी प्रकार पौधों को कार्बन डाइऑक्साइड की। इस प्रकार हमारा पेड़-पौधों से एक तरताम्य सा बन जाता है। एक जुड़ाव सा हो जाता है। अत: हम अपने लॉन, बगीचे या बालकनी को फूलों से, पौधों से और पेड़ों से सजाएं। आप चाहे तो सर्दियों में उगने वाले खास सजावट के फूल जैसे गेंदा, सूरजमुखी, गुलदावरी, गुलाब भी लगा सकते हैं, जिससे आपके बगीचे में रौनक भी आ जाएगी और आपके घर के प्रभामंडल में अच्छा सुधार आएगा व नकारात्मक उर्जा भी नहीं रहेगी, जिससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा और सर्दियों के इस अधमने मौसम में भी आप फूलों की तरह खिले-खिले नजर आएंगे। सांसों के माध्यम से जब शरीर के भीतर फूलों की खुशबू जाएगी तो स्वत: ही स्वशन प्रणाली मजबूत होगी वह हमारा मन और मस्तिष्क भी प्रसन्न रहेगा। यकीन मानिए अगर आप एक घंटा बागवानी के लिए निकालते हैं, तो निश्चित रूप से आपके स्वास्थ्य में सुधार आएगा व मानसिक चिंताओ से मुक्ति मिलेगी। इससे आपकी हॉबी भी पूरी होगी व आप अपने आप को समय भी दे पाएंगे, साथ ही आप सकारात्मक ऊर्जा से अपने आप को भरपूर पाएंगे।

# मोहन राकेश की अद्भुत कलात्मक क्षमता




सुभाष बाशी अपनी प्रेमिका मिन्नी से मिलकर ऑटो रिक्शा से वापस आता है। रास्ते में एक बर्फ की दुकान खुली नहीं थी सो वह लौट आया, लेकिन तब तक देखा एक सरदार जी उस रिक्शे में बैठ गए। उसके मना करने पर लहीम-शहीम सरदार जी ने पहले उसे धमकाया, फिर चाकू निकालकर गाली बकते हुए उसे दौड़ा लिया और वह यानी बाशी भागता हुआ किसी गली में घुस गया। उसके बाद जिस महेंद्र नामक व्यक्ति के यहां वह रहता है, उसके बहुत अधिक दबाव डालने पर पुलिस में रिपोर्ट नहीं करना चाहा, लेकिन एक परिचित रिपोर्टर ने यह खबर छाप दी और फिर उस सरदार जी यानी नत्था सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद इस नत्था सिंह की शिनाख्त करने का खतरनाक कार्य करने पर बाशी को मजबूर किया जाने लगा। देखने में साधारण सी घटना लग सकती है, पर कहानी जैसे-जैसे आगे बढ़ती है वैसे ही इस कथ्य का साधारण रूप असाधारण बनने लगता है।

■ यदि शुरुआत से देखें तो पहली पंक्ति ही कितनी मारक है, 'अजीब बात थी, खुद कमरे में होते हुए भी बाशी को कमरा खाली लग रहा था' बाशी के साथ जो कुछ हुआ उसने उसके अंदर यह एहसास भर दिया कि उसका वजूद बिल्कुल शून्य है। उसका जिंदा होना या न होना इस समाज, देश के लिए कोई महत्व नहीं रखता है। एक आम आदमी का जीवन जीना किस कदर यंत्रणादायक हो जाता है। यह बाशी अच्छी तरह समझ चुका था तभी उसे लग रहा था कि वह जहां है, वहां नहीं है। उससे तो अधिक महत्वपूर्ण थीं, उस कमरे की दीवारें, मेज और कुर्सियां। व्यक्ति का किसी जगह पर होना तभी सार्थक होता है जब वह अपनी उपस्थिति को महसूस करे। जैसे बाशी कमरे में है, किंतु अपनी उपस्थिति को अनुभव नहीं कर पाता इसलिए उसे वह कमरा खाली लगता है। अपने इसी खालीपन के कारण उसे समय का भी सही अंदाजा नहीं हो पा रहा था। उसे कभी लगता जैसे समय बहुत जल्दी बीत रहा है और कभी लगता बहुत धीरे-धीरे। उसके भीतर का डर वास्तव में चाहता है कि समय वहीं थम जाए, क्योंकि अगर ऐसा नहीं हुआ, तो एक समय ऐसा आएगा जब वह खतरा उसके सामने आकर खड़ा हो जाएगा। जब उसके भीतर का आम आदमी अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए उठकर खड़ा होना चाहता है तब उसे लगता यह सब नाटक हो रहा है। यदि व्यवस्था उसके भीतर के आम आदमी के पक्ष में होती तो उस चाकू वाले को उपयुक्त सजा मिल गई होती और उसके भीतर किसी भी प्रकार का डर जगह न बनाता। ऐसे में उसे समय बहुत देर से गुजरता हुआ लगा। वह यदि कोई बड़ा मंत्री होता या कोई शक्ति संपन्न व्यक्ति तो क्या इस तरह डरता हुआ इस कमरे में बैठा रहता?

'हथेली पर बने शब्द इतने अधिक हो गए कि सब मिलकर आढ़ी-तिरछी लकीरों का एक गुंजल्क बन गए, जो पूरी तरह मिट नहीं सके" ठीक उसी तरह समाज, व्यक्ति की स्वतंत्रता, कानून, सुरक्षा, आदि शब्दों के बीच एक साधारण सा जीवन जीने वाला आम आदमी छटपटा रहा है। कई बार उसे लगता है कि यह देश उसके लिए नहीं है। इस समाज में यहां की सड़कों, दुकानों और बाजारों पर बार-बार अपमानित होना ही उसके जीवन का एक बहुत बड़ा सत्य है और इस भयानक सत्य से आम आदमी को निजात दिलाने के लिए जो भी संस्थाएं बनी हैं, वो शक्ति संपन्न लोगों के लिए हैं, उसके जैसों के लिए नहीं।



श्याम सुंदर चौधरी
कानपुर

■ पुलिस वाले भी उसे कभी डराते हैं, तो कभी हतोत्साहित करते हैं। थानेदार ने कहा, 'हां, हां, रिपोर्ट आपको जरूर लिखवानी चाहिए। इन गुंडों से मत्था लेने में यूं थोड़ा-बहुत खतरा तो रहता ही है और कुछ न करे आप पर एसिड ही डाल दें। ऐसा उन्होंने दो-एक बार किया भी है।' दूसरी ओर डीएसपी का संवाद भी हिम्मत तोड़ने वाला है, 'वह तो बेचारा सिर्फ दलाली करता है' डीएसपी ने जरूरी फाइलों पर दस्तखत करते हुए कहा, 'कत्ल-वत्ल करने का उसका हौसला नहीं पड़ सकता' हम उसके खिलाफ कार्यवाही नहीं करेंगे, आपको डरना बिलकुल नहीं चाहिए।'

■ यहां तक कि चीफ क्राइम रिपोर्टर भी इस मामले में अपनी भूमिका किस तरह निभाता है, जरा देखिए, 'आप पहला काम यह कीजिए कि जाकर अपनी रिपोर्ट वापस ले लीजिए। थानेदार मेरा वाकिफ है, आप चाहें तो उससे मेरा नाम ले सकते हैं कि पंडित माधोप्रसाद ने यह राय दी है। वह अकेला नहीं है। एक बहुत बड़ा गिरोह उसके साथ है। हम लोग उनसे उलझ लेते हैं, क्योंकि एक तो हम इन सबको पहचानते हैं और दूसरे हिफाजत के लिए रिवाल्वर-वाल्वर अपने साथ रखते हैं। ये भी जानते हैं कि जितने बड़े गुंडे ये दूसरों के लिए हैं उतने ही बड़े गुंडे हम इनके लिए हैं। इसीलिए हमसे डरते भी हैं, पर आप जैसे आदमी को तो ये एक दिन में साफ कर देंगे- आपको इनसे बचकर रहना चाहिए।' इस एक पैरा के संवाद में ही उस क्राइम रिपोर्टर का पूरा चरित्र बेनकाब हो जाता है। एक तरफ वह कहता है कि नत्था सिंह जैसे लोग उससे डरते हैं, क्योंकि ऐसे लोग जानते हैं कि क्राइम रिपोर्टर उन लोगों से भी बड़ा गुंडा है, तो फिर क्यों वह बाशी से रिपोर्ट वापस लेने को कहता है? वह रिपोर्टर खुद ही अगर एक बार नत्था को धमका दे तो उसकी हिम्मत नहीं पड़ेगी कि बाशी को हाथ भी लगा सके, लेकिन वास्तव में ऐसा कुछ है नहीं। वास्तव में रिपोर्टर की नत्था सिंह से दोस्ती है।

■ मोहन राकेश जिस तरह के वाक्यों का सृजन करते हैं उसमें एक अद्भुत सा रोमान्टिज्म दिखाई देता है। किसी भी बात को वाक्यों में इस तरह पिरोते थे मानो फुटपाथ पर कोई खूबसूरत नायिका एक सिंथेटिक साड़ी में लिपटी पैदल चली जा रही है और उसके कमर पर पड़ता बल पीछे से देखने वाले की धड़कन बंद कर दे, सम्मोहित कर दे। बाशी के मनोभावों को राकेश ने बहुत खूबसूरती से चित्रित किया है। उसके भीतर का डर, उसके नर्वस ब्रेक डाउन को भी उतने ही प्रभावशाली ढंग से राकेश ने उभारा है, 'कोई चीज हलक में चुभ रही थी-एक नोक की तरह। बार-बार थूक निगलकर उस चुभन को मिटा लेना चाहता। कभी उसे लगता कि किसी हाथ ने उसका गला दबोच रखा है और यह चुभन गले पर कसते हुए नाखूनों की है। तब वह जैसे अपने को उन हाथों से छुड़ाने के लिए छटपटाने लगता।' राकेश की भाषा में सरलता के साथ-साथ जो व्यंजना का मिश्रण रहता है वह उनके समय के किसी और रचनाकार में शायद ही दिखाई पड़ता हो। यह व्यंजना की प्रधानता उनकी भाषा में कहीं भी न तो बनावटी लगती है और न ही ठुंसी हुई, बल्कि प्रेम से पाठक की उंगली थामे वह खूबसूरत भाषा उनकी कहानी के पथ पर सफर करा जाती है।

---

**आपबीती**

# सेवड़ा किले की वो शाम

अपर कलेक्टर दतिया के पद पर रहते हुए एक दिन सेवड़ा जाना हुआ। सेवड़ा किले में पहुंचते-पहुंचते शाम ढलने लगी थी। इस किले को पहले कभी देखने जानने का अवसर नहीं मिला था। सनकुंआ जल प्रपात की धुंधली यादें स्मृति पटल पर जरूर ताजी थी। सेवड़ा किले को पहले नहीं देखा था। इस किले को देखने की इच्छा आज पूरी हुई। सेवड़ा नगर विंध्यांचल पर्वत श्रेणियों के अंतिम छोर पर सिंध नदी के तट पर स्थित है। कहते हैं कि सन् 1018 ई. में महमूद गजनवी चंदाराय का पीछा करते हुए यहां आ पहुंचा और यहां पर आधिपत्य कर लिया। इसे सरुआ का किला कहा जाता था।



रूपेश उपाध्याय
सागर, म.प्र.




सेवड़ा किले की बुनियाद दतिया के राजा दलपत राय के द्वितीय पुत्र पृथ्वी सिंह ने डाली और इसका नाम किन्नर गढ़ रखा। सेवड़ा उन्हें जागीर में प्राप्त हुआ था। पृथ्वी सिंह का राजकाल सेवड़ा किले में विभिन्न निर्माण, साहित्य और सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से स्वर्णिम काल माना जाता है। इस दौरान किले में नंद नंदन जू का मंदिर, रसनिधि की राउर, दरबार हॉल, रानी महल, फूल बाग आदि का निर्माण हुआ। उनकी कृति रतन हजारा बुंदेली साहित्य की अमूल्य धरोहर है। उनके समय संत अक्षर अनन्य द्वारा अनेक ग्रंथ सेवड़ा में रहकर ही लिखे गए। सन् 1758 ई. में पृथ्वी सिंह की मृत्युपरांत उनके ज्येष्ठ पुत्र नारायण सिंह जू देव सेवड़ा के शासक बने पर उन्हें सिकदार की हवेली में जहर देकर मार डाला गया। उनके छोटे पुत्र विजय बहादुर दतिया के राजा इंद्रजीत सिंह द्वारा किए गए हमले में मारे गए। इंद्रजीत सिंह सेवड़ा किले में लूटपाट की, पृथ्वी सिंह रसनिधि द्वारा स्थापित पुस्तकालय को जलवा दिया। किले को तहस-नहस कर दिया गया। इंद्रजीत के आक्रमण और सेवड़ा विजय से सेवड़ा की स्वतंत्र रियासत का अस्तित्व ही समाप्त हो गया। सेवड़ा को फिर दतिया रियासत के अधीन कर लिया।

इंद्रजीत सिंह के बाद शत्रुजीत सिंह सन् 1762 ई. में दतिया रियासत के शासक बने। उनके शासन काल मे महादजी सिंधिया की वेवा रानियों को लकवा दादा के संरक्षण में सेवड़ा किले में आश्रय प्रदान कर दिया था, जिससे कुपित होकर ग्वालियर के राजा दौलत राव सिंधिया द्वारा सेवड़ा पर आक्रमण कर दिया। यह युद्ध सेवड़ा किले की दीवारों के नीचे लड़ा गया। सिंधिया के फ्रांसीसी सेनापति पैरों इस युद्ध में मारा गया। सन् 1801 ई. में इसी युद्ध मे घायल होकर शत्रुजीत की भी मृत्यु हो गई। सनकादि ऋषियों की तपोभूमि होने के कारण यहां सिंध नदी में स्थित कुंड सनकुआ नाम से प्रसिद्ध है, जहां कार्तिक पूर्णिमा और मकर संक्रांति को विशाल मेला लगता है।

हम सेवड़ा के अतीत से वर्तमान लौट आए। हम किले की ओर बढ़ रहे थे। खंडहर होती प्राचीर के बाद किले के बुलंद दरवाजे ने हमारा स्वागत किया। इस दरवाजे में लगे कीले अब भी अतीत के प्राचीन गौरव को याद दिला रहे थे।

दरकती दीवालों के बीच से होते हुए हम किले के मुख्य भाग में पहुंचे जहां अब भी राजपरिवार निवास करता है। किले से सिंध नदी और दूर-दूर तक फैली विंध्य पर्वत श्रृंखलाएं बड़ी ही मनोरम लग रही थी।

सिंध नदी का अविरल प्रवाह टूटे पुल को पार कर सनतकूप में प्रपात बनकर गिर रहा था। इससे उठ रही लहरे किनारे पर जाकर टूट जाती और फिर इसी पानी में विलीन होती दिख रही थीं। दूर पहाड़ों पर सूर्य की लालिमा फैल गई थी। अब सूर्य अस्त होने को आतुर था। हम महल की छत से उतरकर ड्राइंग रूम में आ गए, जहां सेवड़ा की रानी उमा कुमारी हमारा इंतजार कर रही थी। उनसे भेंट के दौरान किले के अतीत, वर्तमान और भविष्य को लेकर व्यापक चर्चा हुई। उनकी सहजता और सौजन्य से हम अभिभूत थे। रात्रि होने को थी। किले से प्रस्थान का समय हो गया था। सबसे भेंट और अभिवादन पश्चात हम दतिया के लिए रवाना हो गए। सेवड़ा किले की यह शाम बहुत ही खुशगवार रहीं।



| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 85,041.45 | 26,042.30 |
| गिरावट | 367.25 | 99.80 |
| प्रतिशत में | 0.43 | 0.38 |

सोना 1,42,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,36,350 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, शनिवार, 27 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### टाइटन मुंबई में खोलेगी प्रयोगशाला में बने हीरों का पहला स्टोर

**मुंबई।** लाइफस्टाइल उत्पाद बनाने वाली कंपनी टाइटन ने प्रयोगशाला में बने हीरों का अपना पहला स्टोर मुंबई में खोलने की घोषणा की है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि वह बीयोन फ्रॉम दि हाउस ऑफ टाइटन के ब्रांड नाम से 29 दिसंबर को मुंबई में अपना पहला स्टोर शुरू करेगी। यह घड़ियों, परफ्यूम, साड़ी और हैंगबैस से परे महिलाओं की लाइफस्टाइल जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है। बीयोन प्रयोगशाला में बने हीरों के गहनों का स्टोर होगा। कंपनी की योजना निकट भविष्य में मुंबई और दिल्ली में कुछ और स्टोर खोलने की है।

### एलआईसी ने ग्रामीण भारत में पहुंच के लिए सहज से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में बीमा पहुंच को मजबूत करने के लिए सहज इंश्योरेंस सर्विसेज के साथ रणनीतिक सहयोग की घोषणा की है। इसके तहत कानोरिया फाउंडेशन की कंपनी सहज का सहायक डिजिटल सेवा नेटवर्क एलआईसी के जीवन बीमा उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच को सुगम बनाएगा। इस रणनीतिक सहयोग से लोगों को पॉलिसियों के बारे में समझने, पॉलिसी लेने और उसके प्रबंधन में मदद मिलेगी, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां बीमा के प्रति जागरूकता पारंपरिक रूप से कम रही है।

### जनवरी से दो प्रतिशत महंगी हो जाएंगी रेनो की कारें

**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी कार निर्माता रेनो समूह की पूर्ण स्वामित्व वाली रेनो इंडिया ने नए साल पर अपने वाहनों के दाम दो प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने शुक्रवार को एक संक्षिप्त बयान में बताया कि जनवरी 2025 से वह कीमतों में दो प्रतिशत की वृद्धि करेगी। मॉडलों और संस्करणों के अनुसार कीमतों में अलग-अलग बढ़ोतरी होगी। उसने कहा है कि बढ़ रही लागत और मौजूदा वृहद आर्थिक कारकों की वजह से दाम बढ़ाना अनिवार्य हो गया था।

# वैश्विक प्रतिबंधों के दबाव में अगरबत्ती में कीटनाशकों के इस्तेमाल पर रोक

## लोगों के स्वास्थ्य और घरों के अंदर वायु गुणवत्ता को लेकर किया गया फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- विश्व में अगरबत्ती का सबसे बड़ा उत्पादक है भारत, 150 देशों में करता है निर्यात

विश्व में अगरबत्ती का सबसे बड़े उत्पादक और निर्यातक भारत ने उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक नया गुणवत्ता मानक निर्धारित किया है जिसके तहत अगरबत्ती निर्माण में कुछ कीटनाशक रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस कदम से करीब 8,000 करोड़ रुपये के अगरबत्ती बाजार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इसके तहत उपभोक्ता सुरक्षा, घर के अंदर वायु गुणवत्ता, पर्यावरणीय स्थिरता और नियामकीय अनुपालन पर बढ़ते जोर के मद्देनजर अगरबत्तियों के लिए एक अलग से भारतीय मानक 'आईएस 19412:2025' विकसित किया गया है। यह मानक कुछ सुगंधित यौगिकों और रसायनों पर वैश्विक स्तर पर लगाए गए प्रतिबंधों को भी ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार, नए मानक का अनुपालन करने वाले उत्पाद बीआईएस मानक चिन्ह भी ले सकते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आत्मविश्वास के साथ सूचित विकल्प चुनने में मदद मिलेगी।

मंत्रालय ने कहा, इससे उपभोक्ता विश्वास बढ़ेगा, नैतिक और टिकाऊ विनिर्माण पद्धतियों को बढ़ावा मिलेगा, पारंपरिक कारीगरों को समर्थन मिलेगा और वैश्विक बाजारों तक पहुंच बेहतर होगी। लगभग 8,000 करोड़ रुपये वार्षिक आकार वाले भारतीय अगरबत्ती उद्योग से हर साल 1,200 करोड़ रुपये मूल्य की अगरबत्तियों का निर्यात होता है। भारत अमेरिका, मलेशिया, नाइजीरिया, ब्राजील और मेक्सिको सहित 150 से अधिक देशों को अगरबत्तियां निर्यात करता है। नए गुणवत्ता मानक के तहत अगरबत्तियों को मशीन निर्मित, हाथ से बनी और पारंपरिक मसाला अगरबत्ती की श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। इसमें कच्चे माल, जलने की गुणवत्ता, सुगंध प्रदर्शन और रासायनिक मानकों से जुड़ी आवश्यकताएं तय की गई हैं, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और समान गुणवत्ता वाले उत्पाद मिल सकें।

### इन रसायनों का प्रयोग किया गया है निषिद्ध

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने अगरबत्ती में उपयोग के लिए निषिद्ध पदार्थों की एक सूची भी तय की है। सूची में एलेथ्रिन, पर्मेथ्रिन, साइपरमेथ्रिन, डेल्टामेथ्रिन और फिप्रोनिल जैसे कुछ कीटनाशक रसायन शामिल हैं। इसके अलावा बेंजिल सायनाइड, एथिल एक्रिलेट और डाइफिनाइल एमीन जैसे कृत्रिम सुगंध मध्यवर्ती रसायनों पर भी रोक लगाई गई है। मंत्रालय के अनुसार, इन पदार्थों में से कई मानव स्वास्थ्य, घर के अंदर वायु गुणवत्ता और पर्यावरणीय सुरक्षा पर संभावित नकारात्मक प्रभाव के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित हैं।

## सेंसेक्स में 367 अंकों की गिरावट, निफ्टी 100 अंक फिसला



**मुंबई।** विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू स्तर पर कोई बड़ा सकारात्मक संकेत न होने के कारण शुक्रवार को स्थानीय मानक बीएसई सेंसेक्स 367 अंक गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी 100 अंकों के नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 367.25 अंक यानी 0.43 प्रतिशत गिरकर 85,041.45 अंक पर बंद हुआ जो इसकी गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा। कमजोर कारोबार के बीच एक समय यह 470.88 अंक टूटकर 84,937.82 के स्तर तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 99.80 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 26,042.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी लगातार दूसरे दिन नुकसान के साथ बंद हुआ।

## चांदी की चमक और तेज, 2.36 लाख रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- पिछले चार कारोबारी सत्रों में हुई 32,250 रुपये की भारी वृद्धि

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी का भाव शुक्रवार को 9,350 रुपये बढ़कर 2,36,350 रुपये किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक बुधवार को भाव 2,27,000 रुपये किलो रहा था। पिछले चार कारोबारी सत्रों में इसमें 32,250 रुपये यानी 15.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

इस साल चांदी की कीमत 31 दिसंबर, 2024 को 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी और तब से इसमें 1,46,650 रुपये यानी 163.5 प्रतिशत की तेजी आई है। इस बीच, सोने की कीमतों ने स्थानीय सर्राफा बाजार में तेजी बरकरार रखी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर सभी करों सहित 1,42,300 रुपये 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह पिछले कारोबारी सत्र में 1,40,800 रुपये पर बंद हुई थी। इस साल अब तक, सोने का भाव 31 दिसंबर, 2024 को दर्ज 78,950 रुपये 10 ग्राम से 63,350 रुपये यानी 80.24 प्रतिशत बढ़ा है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.37 अरब डॉलर बढ़ा, स्वर्ण भंडार रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 4.368 अरब डॉलर बढ़कर दो महीने के उच्चतम स्तर 693.318 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। इससे पहले 12 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में इसमें 1.689 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह 688.949 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार का दूसरा सबसे बड़ा घटक स्वर्ण भंडार 2.623 अरब डॉलर बढ़कर 110.365 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर रहा। आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.641 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 559.428 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## आंध्र में वेदांता को 20 तटीय तेल और गैस कुएं खोदने को एनओसी

**अमरावती, एजेंसी**

- कृष्णा जिले में खोदे जाएंगे तेल और गैस के कुएं, सरकार ने दी सशर्त मंजूरी

आंध्र प्रदेश सरकार ने कृष्णा जिले में 20 तटीय तेल और गैस कुएं खोदने के लिए वेदांता लिमिटेड (केयर्न ऑयल एंड गैस डिवीजन) को सशर्त अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किया है। आदेश के अनुसार यह अनापत्ति प्रमाण पत्र केवल सिंचाई के दृष्टिकोण से जारी किया गया है और पूरी तरह अस्थाई प्रकृति का है। आवेदक को काम शुरू करने से पहले संबंधित विभागों से सभी आवश्यक अनुमतियां निर्धारित मानकों के अनुसार प्राप्त करनी होंगी।

हालिया सरकारी आदेश के अनुसार वेदांता लिमिटेड ने एक आवेदन देकर कहा था कि उसकी कंपनी को खोजे गए लघु क्षेत्र (डीएसएफ) नीति, 2018 के तहत तटीय तेल और गैस क्षेत्र के विकास का कार्य सौंपा गया है। इसके अलावा, कंपनी ने 35 स्थानों पर तटीय तेल और गैस के विकास और उत्पादन के लिए कुएं खोदने के लिए आंध्र प्रदेश के जल संसाधन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र देने का अनुरोध किया था, क्योंकि प्रस्तावित ब्लॉक के बीच से बंदर नहर गुजरती है। आदेश में कहा गया, मामले की सावधानीपूर्वक जांच के बाद, सरकार की ओर से शर्तों के अधीन मुंबई स्थित वेदांता लिमिटेड (केयर्न ऑयल एंड गैस डिवीजन) को 20 कुएं खोदने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।

## छोटे उद्योगों पर बकाया कर्ज 46 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** छोटे उद्योगों पर बकाया कुल कर्ज बढ़कर 46 लाख करोड़ रुपये हो गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 30 सितंबर तक इसमें 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सीआरआईएफ हाई मार्क - सिडबी की रिपोर्ट में कहा गया कि सक्रिय ऋण खातों की संख्या 11.8 प्रतिशत बढ़कर 7.3 करोड़ हो गई है।

नीतिगत समर्थन और एमएसएमई (छोटे एवं मझोले उद्यम) के लिए सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं ने इस गति को बनाए रखने में मदद की है। रिपोर्ट में कहा गया कि विभिन्न श्रेणियों में पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। ऐसे में 91 से 180 दिनों तक की देरी वाले ऋण सितंबर 2025 तक घटकर लगभग 1.4 प्रतिशत रह गए, जो सितंबर 2023 में 1.7 प्रतिशत थे। उद्यमों का जोखिम प्रोफाइल लगातार कम बना हुआ है। एकल स्वामित्व वाले कारोबारों में भी स्थिर सुधार देखा गया है और सितंबर 2023 से सितंबर 2025 के बीच बहुत कम और कम जोखिम वाले उधारकर्ताओं की हिस्सेदारी बढ़ी है।

## म्यूचुअल फंड में नया ट्रेंड

- इक्विटी के बजाय गोल्ड सिल्वर और मल्टी-एसेट फंड्स में बढ़ा आकर्षण

म्यूचुअल फंड बाजार में बड़ा बदलाव दिख रहा है। निवेशक अब इक्विटी के बजाय गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ और मल्टी-एसेट फंड्स को पसंद कर रहे हैं। लिक्विड फंड्स में भी रिटेल भागीदारी तेजी से बढ़ी है। बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच म्यूचुअल फंड निवेशकों का रुझान बदल रहा है। अब तक शेयर बाजार पर निर्भर रहने वाले निवेशक अब दूसरे विकल्पों पर भरोसा जता रहे हैं। साल 2025 में गोल्ड, सिल्वर और मल्टी एसेट जैसी योजनाओं में निवेश काफी बढ़ा है जो निवेशकों को सुरक्षित और बेहतर रिटर्न दिलाने में मदद कर रहा है।




### इक्विटी के वर्चस्व में कमी

म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में लंबे समय से इक्विटी फंड्स का राज रहा है। आंकड़ों के मुताबिक करीब 80% म्यूचुअल फंड खाते इक्विटी स्कीमों से जुड़े हैं। वहीं, 90% व्यक्तिगत निवेशकों की संपत्ति भी एक्टिव इक्विटी फंड्स में लगी है। हालांकि, अब यह रुझान बदल रहा है। जनवरी 2025 में कुल फोलियो में एक्टिव इक्विटी का हिस्सा 69% था। अक्टूबर 2025 तक यह घटकर 67% पर आ गया है।

### सोने-चांदी में तेजी ने किया आकर्षित

शेयर बाजार में गिरावट आई तो सोने और चांदी की कीमतों में तेजी ने निवेशकों को अपनी ओर खींचा। अक्टूबर के महीने में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में करीब 20 लाख नए खाते खुले। यह आंकड़ा एक्टिव इक्विटी फंड्स में जुड़े नए खातों से 30% ज्यादा है। बाजार की अस्थिरता ने कमोडिटी आधारित इन स्कीमों को निवेशकों की पहली पसंद बना दिया है।

### मल्टी एसेट फंड्स में भी रुझान

बाजार के उतार-चढ़ाव से बचने के लिए निवेशकों ने मल्टी एसेट फंड का सहारा लिया है। इस साल हाइब्रिड म्यूचुअल फंड कैटेगरी में 34,300 करोड़ रुपये का निवेश आया है। ये फंड अलग-अलग एसेट क्लास में पैसा लगाकर जोखिम कम करते हैं। लिक्विड फंड में भी 4.28 लाख नए खाते जुड़े हैं। लोग अब सेविंग अकाउंट के विकल्प के तौर पर लिक्विड फंड का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### फंड हाउस और निवेशकों को फायदा

म्यूचुअल फंड अधिकारियों का मानना है कि यह बदलाव अच्छी बात है। इससे फंड हाउस की निर्भरता सिर्फ इक्विटी पर नहीं रहेगी और उन्हें स्थिर कमाई होगी। साथ ही, अब रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट को इक्विटी का दर्जा मिलने से इसमें भी निवेश बढ़ने की उम्मीद है। आने वाले समय में नए प्रॉडक्ट्स बाजार के दायरे को और बड़ा करेंगे।

## बीकानेर के मुद्रा उत्सव में दुर्लभ मुद्राओं के दर्शन

राजस्थान के बीकानेर में कोलकाता की न्यूमिजमाटिक सोसाइटी की ओर से आयोजित मुद्रा उत्सव में दुर्लभ प्राचीन भारतीय और विदेशी मुद्राओं का प्रदर्शन किया गया है। शुक्रवार को शुरू हुआ यह महोत्सव तीन दिन चलेगा। देश के विभिन्न क्षेत्रों से पुराने सिक्कों का संग्रह करने वाले लोग इसमें शामिल होने पहुंचे हैं। कई लोग अपने पास मौजूद दुर्लभ सिक्कों और नोटों की वैल्यू भी पता करने यहां आए हैं।







## रेनो-निसान समेत कई कंपनियों की कारें जनवरी से महंगी होंगी

**नई दिल्ली।** नए साल से कई कार निर्माता कंपनियों ने अपने वाहनों के दाम बढ़ाने की घोषणा की है। फ्रांसीसी कार निर्माता रेनो समूह की पूर्ण स्वामित्व वाली रेनो इंडिया ने नए साल पर अपने वाहनों के दाम दो प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है, जबकि निसान की ओर से तीन प्रतिशत वृद्धि किए जाने की सूचना है।

कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि जनवरी 2025 से वह कीमतों में दो प्रतिशत की वृद्धि करेगी। मॉडलों और संस्करणों के अनुसार कीमतों में अलग-अलग बढ़ोतरी होगी। उसने कहा है कि बढ़ रही लागत और मौजूदा वृहद आर्थिक कारकों की वजह से दाम बढ़ाना अनिवार्य हो गया था। निसान मोटर इंडिया के सूत्रों ने बताया कि कंपनी जनवरी से अपने वाहनों के दाम में तीन प्रतिशत तक का इजाफा करेगी। होंडा कार्स इंडिया के एक प्रवक्ता ने भी जनवरी से कीमतों में इजाफे की पुष्टि करते हुए कहा कि कंपनी ने कई महीने से बढ़ रही लागत का बोझ ग्राहकों पर न डालने का प्रयास किया, हालांकि लगातार दबाव के कारण जनवरी 2026 से कीमतों में बदलाव किया जाएगा। वहीं, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और महिंद्रा जैसी बड़ी कंपनियों की तरफ से अब तक कोई घोषणा नहीं की गई है, लेकिन अनुमान है कि दूसरी कंपनियां भी दाम बढ़ा सकती हैं।

## पीएनबीः श्रेय समूह के पूर्व प्रवर्तकों ने की 2,434 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने शुक्रवार को श्रेय इक्विपमेंट फाइनेंस लिमिटेड (एसईएफएल) और श्रेय इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड (एसआईएफएल) के पूर्व प्रवर्तकों के खिलाफ 2,434 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी के मामले की सूचना भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को दी।

पीएनबी ने कहा है कि एसईएफएल के मामले में 1,240.94 करोड़ रुपये और एसआईएफएल के मामले में 1,193.06 करोड़ रुपये की उधारी को धोखाधड़ी के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। बैंक ने कहा कि उसने इस पूरी राशि के लिए 100 प्रतिशत वित्तीय इंतजाम पहले ही कर लिया है, जिससे उसके वित्तीय नतीजों पर कोई अतिरिक्त असर नहीं पड़ेगा। श्रेय समूह की इन दोनों कंपनियों पर कुल मिलाकर लगभग 32,700 करोड़ रुपये का वित्तीय कर्ज था। उस समय इनका नियंत्रण कोलकाता स्थित कनोरिया परिवार के पास था।

## कोयला और लिग्नाइट की खदानों को खोलने के लिए मंजूरी प्रक्रिया आसान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अब नहीं लेनी होगी कोयला नियंत्रक संगठन की मंजूरी, अब निदेशक मंडल की अनुमति काफी

सरकार ने कोयला और लिग्नाइट खदानों को खोलने से संबंधित अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए नियमों को संशोधित कर दिया है। कोयला मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इन संशोधनों से प्रक्रियात्मक दोहराव हटाकर संचालन को तेज करने की सुविधा मिलेगी जबकि नियामकीय निगरानी जारी रहेगी।

कोलियरी नियंत्रण नियम, 2004 के नियम-9 के तहत खदान मालिकों को किसी भी खदान या उसकी परत को खोलने से पहले कोयला नियंत्रक संगठन (सीसीओ) की मंजूरी लेनी होती थी। यदि कोई खदान 180 दिन या उससे अधिक समय के लिए बंद रहती थी तो दोबारा शुरू करने के लिए भी यह मंजूरी जरूरी होती थी। अब सरकार ने इस प्रक्रिया में दोहराव को कम करने, कोयला उत्पादन बढ़ाने और अनुमोदन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए नियम-9 को संशोधित कर दिया है। अब खदानों या उनकी परत को खोलने की मंजूरी संबंधित कोयला कंपनी के निदेशक मंडल से ही ली जा सकती है।

कोयला मंत्रालय ने साफ किया है कि सुरक्षा के तौर पर हालांकियह प्रावधान रखा गया है कि संबंधित खदान/ परत को खोलने के लिए निदेशक मंडल केवल तभी मंजूरी देगा जब केंद्रीय/राज्य सरकार और अन्य वैधानिक निकायों की आवश्यक मंजूरी प्राप्त हो। प्रक्रिया में इस बदलाव से खदान संचालन की समय-सीमा में करीब दो महीने तक की कटौती होने की उम्मीद है।

## इंडिगो संकट पर उच्चस्तरीय जांच समिति ने डीजीसीए को सौंपी अपनी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट की जांच के लिए गठित चार सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। सरकार ने दिसंबर के पहले सप्ताह में इंडिगो की हजारों उड़ानें रद्द होने के बाद जांच के लिए 05 दिसंबर को एक समिति का गठन किया था।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) में संयुक्त महानिदेशक संजय के. ब्राम्हणे की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय समिति ने शुक्रवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। इस समिति के अन्य सदस्यों में डीजीसीए के उप महानिदेशक अमित गुप्ता, वरिष्ठ फ्लाइट ऑपरेशन्स इंस्पेक्टर (एफओआई) कैप्टन कपिल मांगलिक और एफओआई लोकेश रामपाल शामिल थे। समिति को इंडिगो के परिचालन में बड़े पैमाने पर हुए व्यवधान के कारणों की जांच की जिम्मेदारी दी गई थी। साथ ही उसे भविष्य में इस तरह के संकट को रोकने के उपाय सुझाने के लिए भी कहा गया था।

## नीदरलैंड के लोगों ने टाटा स्टील से मांगा 1.4 अरब यूरो का हर्जाना

**मुंबई, एजेंसी**

- कंपनी के संयंत्रों के कारण स्वास्थ्य जोखिम बढ़ने का लगाया आरोप

नीदरलैंड के वेल्सन-नूरड के निवासियों ने टाटा स्टील पर स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए 1.4 अरब यूरो (लगभग 148 अरब रुपये) के हर्जाने की मांग के लिए मुकदमा दायर किया है। नेल्सन-नूर्ड के निवासियों के संगठन स्टिचिंग फ्रिस विंड.एनयू (एसएफडब्ल्यू) ने हारलेम स्थित उत्तरी हॉलैंड की जिला अदालत में यह केस दायर किया है।


अदालत की ओर से मामले में टाटा स्टील नीदरलैंड बीवी और टाटा स्टील इज्मुदेन को समन जारी किए गए हैं। टाटा स्टील ने आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया है। आरोप है कि कंपनी के संयंत्रों के कारण स्थानीय निवासियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ गये हैं। टाटा स्टील ने कहा है कि एसएफडब्ल्यू ने आरोपों के समर्थन में कोई प्रमाण पेश नहीं किया है जिससे उसके दावों में तथ्यों की कमी है और ये सिर्फ कल्पना पर आधारित हैं। याचिका सार्वजनिक दावों के सामूहिक निपटान संबंधी डच कानून (डब्ल्यूएएमसीए) के तहत दायर की गई है।

कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया है कि इसके तहत दो चरणों में सुनवाई पूरी होती है। पहला चरण मामले की स्वीकार्यता का होता है और दूसरे चरण में उसके गुण-दोष पर विचार किया जाता है। दोनों चरणों में अलग-अलग दो-तीन साल का समय लगता है। इसलिए, आने वाले समय में (पहले चरण के दौरान) हर्जाने की राशि पर अदालत में विचार नहीं किया जाएगा। टाटा स्टील ने कहा है कि वह एसएफडब्ल्यू द्वारा मुहैया कराए गए दस्तावेजों का अध्ययन कर रही है।

**अनुमान** | अमेरिका के निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स की रिपोर्ट मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक में किया गया दावा

## 2026 में अनुमानों से बेहतर होगी भारत की आर्थिक वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- निर्यात पर अत्यधिक निर्भरता बिना उच्च दर बनाए रखने में सक्षम

वैश्विक स्तर पर काम करने वाले अमेरिका के निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स के एक ताजा अनुमान के अनुसार भारत अगले दो वर्ष तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा और देश की वृद्धि की रफ्तार वैश्विक स्तर पर लगाए जा रहे अनुमानों से बेहतर होगी।

इस प्रतिष्ठित बैंकिंग की शुक्रवार को प्रकाशित मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार 2026 में भारत के जीडीपी में वास्तविक (स्थिर कीमत पर) वृद्धि 6.7 प्रतिशत और 2027 में 6.8 प्रतिशत रह सकती है। यह धीमी पड़ रही वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ते जुझारूपन और संरचनात्मक शक्ति को दिखाता है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की वृद्धि के बारे में ये अनुमान अधिकांश विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी ऊपर हैं। भारत से इस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद ऐसे समय में है जबकि कड़ी वित्तीय स्थितियों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और लगातार व्यापार बाधाओं के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि धीमी होने के आसार हैं।

अनुमान है कि 2026 में वैश्विक अर्थव्यवस्था लगभग 2.8 प्रतिशत की अपेक्षाकृत स्थिर लेकिन मामूली गति से बढ़ेगी जो मौजूदा अनुमानों से थोड़ी अधिक है। यह सुधार मुख्य रूप से महंगाई में कमी और वित्त बाजार की स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने को देखते हुए है। कहा गया है कि इस वैश्विक परिदृश्य में भारत निर्यात पर अत्यधिक निर्भरता के बिना उच्चदर बनाए रखने की क्षमता से अलग है। वैश्विक मांग में उतार-चढ़ाव के आगे कमजोर पड़ने वाली कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत भारत की वृद्धि दर बड़ी सीमा तक घरेलू खपत, सार्वजनिक निवेश और संरचनात्मक सुधारों से संचालित हो रही है।

### रोजगार सृजन कमजोर कड़ी, कई और चुनौतियां

रिपोर्ट में कुछ ऐसे जोखिमों की ओर भी इशारा किया गया है। एक मुख्य चिंता खासकर विकसित अर्थव्यवस्थाओं में उत्पादकता बढ़ोतरी- रोजगार सृजन के बीच की कड़ी में कमजोरी की है। रोजगार सृजन की धीमी गति उपभोक्ता मांग और वैश्विक पूंजी प्रवाह को प्रभावित कर सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भू-राजनीतिक तनाव और नीतिगत अनिश्चितताओं की संभावित चुनौतियां बनी हुई हैं, हालांकि भारत का घरेलू विकास मॉडल इन जोखिमों से कुछ हद तक सुरक्षा देता है।

# सीरिया की मस्जिद में धमाका, छह की मौत

- जुमे की नमाज के दौरान हुए विस्फोट में 21 लोग घायल

बेरुत, एजेंसी

सीरिया के होम्स शहर में स्थित एक मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के दौरान हुए बम विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' द्वारा जारी की गई तस्वीरों में मस्जिद के कालीनों पर खून, दीवारों में छेद, टूटी खिड़कियां और आग से हुई क्षति दिखाई दे रही है।

इमाम अली इब्न अबी तालिब मस्जिद सीरिया के तीसरे सबसे बड़े शहर होम्स के वादी अल-धाहब में स्थित है। समाचार एजेंसी ने एक सुरक्षा सूत्र का हवाला देते हुए कहा कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि मस्जिद के अंदर विस्फोटक उपकरण लगाए गए थे। अधिकारी हमले के गुनहगारों की तलाश कर रहे हैं। मस्जिद के चारों ओर सुरक्षा घेरा लगाया गया है।

सीरिया में भले ही बड़े पैमाने पर लड़ाई कम हो गई हो लेकिन सांप्रदायिक, जातीय और राजनीतिक वजहों से हाल के सप्ताहों में देश के कई हिस्सों में तनाव बढ़ गया है। पिछले साल बशर असद के राष्ट्रपति पद से अपदस्थ होने के बाद से देश के विभिन्न हिस्सों में सांप्रदायिक झड़पें हुई हैं जिसमें इस्लामी समूह हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व में विद्रोहियों ने हमले किए हैं।



बम धमाके के बाद क्षतिग्रस्त मस्जिद का अंदरूनी हिस्सा और जांच के लिए मौके पर पहुंचे सुरक्षाबलों के कर्मचारी।

## सोशल साइट्स का अधिक इस्तेमाल

# बच्चों को बना रहा बीमार

डिजिटल दुनिया में आज सबसे महत्वपूर्ण बहस बच्चों तथा सोशल मीडिया के उपयोग पर केंद्रित है। सोशल साइट्स का प्रभाव बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य से लेकर उनके समग्र विकास तक गहरा और जटिल प्रभाव डाल रहा है, और दुनिया के कई देश अब इसके लिए नियम बनाना शुरू कर चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया ने तो 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल साइट्स के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है जबकि कुछ अन्य देश भी इस पर तेजी से विचार कर रहे हैं। इसी कड़ी में मद्रास हाईकोर्ट ने भी केंद्र सरकार को 16 साल से कम आयु के बच्चों के इंटरनेट के उपयोग के लिए ऑस्ट्रेलिया के जैसा कानून बनाने पर विचार करने को कहा है। कहा कि जब तक ऐसा कोई कानून नहीं बन जाता, तब तक राज्य और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग बच्चों में बाल अधिकारों और इंटरनेट के उपयोग में जागरूकता पैदा करें।



### भारत में क्या हैं प्रावधान

- भारत में फिलहाल कोई स्पष्ट कानून नहीं है जो बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सीधे प्रतिबंधित करे। सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन के एक आवेदन पर कहा कि यह नीति का मामला है और इसे संसद को संबोधित करना चाहिए।
- डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट, 2023 के अंतर्गत बच्चों (18 वर्ष से कम) का डेटा प्रोसेस करने के लिए पेरेंटल/वेरिफिएबल सहमति की आवश्यकता होती है।
- भारत में विशेषज्ञ, संगठनों और माता-पिता द्वारा लगातार पेरेंटल नियंत्रण, स्क्रीन टाइम प्रतिबंध और साइबर सुरक्षा शिक्षा जैसे उपायों पर बल दिया जा रहा है।

### विदेशों में नियम

- ऑस्ट्रेलिया ने दुनिया में पहला बड़ा कदम उठाते हुए 10 दिसंबर 2025 से 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया है।
- यूनाइटेड किंगडम समेत यूरोप के कई हिस्सों में भी समान विचारधारा के प्रस्तावों पर काम चल रहा है, जैसे कि सोशल मीडिया बैन या उपयोग को उम्र के साथ सीमित करना।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ राज्यों ने चेतावनी लेबल, स्क्रीन उपयोग सीमा और माता-पिता की सहमति जैसी नीतियाँ लागू की हैं।
- न्यूज़ीलैंड में भी 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर उम्र सत्यापन आधारित प्रस्ताव संसद में पेश हुआ है।

### फेसबुक ने किए बदलाव

- मेटा (फेसबुक और इंस्टाग्राम) ने पिछले वर्षों में कुछ सुरक्षा-अधारित फीचर्स पेश किए हैं, जैसे कि किशोरों के लिए टीन अकाउंट, माता-पिता नियंत्रित विकल्प और कंटेंट फिल्टर कर सकते हैं। लेकिन इन उपायों का वास्तविक प्रभाव सीमित रहा है। ये फीचर्स कई मामलों में प्रभावहीन भी साबित हुए हैं। सोशल मीडिया कंपनियां खुद कम उम्र के बच्चों को इंटरनेट यूज को प्रोत्साहित नहीं करती हैं, लेकिन बच्चे झूठी उम्र भर कर प्लेटफॉर्म का उपयोग कर लेते हैं।

### नकारात्मक विचार

- सोशल मीडिया उपयोग और आत्महत्या विचारों/आत्म-हानि के बीच एक सीधा कारण-प्रभाव संबंध स्थापित करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन कई अध्ययनों में यह पाया गया है कि सोशल मीडिया पर नकारात्मक सामाजिक तुलना, नींद में कमी, डिप्रेशन और छल-छद्म जैसे कारक जुड़े पाए गए हैं, जो छोटे बच्चों में आत्महत्या के विचार बढ़ा सकते हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### जापान में 58 अरब डालर का रक्षा बजट

**टोक्यो।** जापान के मंत्रिमंडल ने क्षेत्रीय तनाव और चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों को देखते हुए शुक्रवार को अब तक के सबसे बड़े रक्षा बजट को अपनी मंजूरी दे दी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए जापान सरकार ने रक्षा क्षेत्र को लगभग 58 अरब डॉलर का आवंटन किया है। जापानी मुद्रा येन में यह राशि नौ हजार अरब येन है। इस भारी भरकम बजट का मुख्य उद्देश्य जापान की जवाबी हमले की क्षमता को बढ़ाना और अत्याधुनिक मानवरहित हथियारों, ड्रोनों के जरिए तटीय सुरक्षा को पुख्ता करना है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की सरकार ने यह फैसला चीन की ओर से मिलने वाली चुनौतियों को देखते हुए लिया है।

### बालानंद शर्मा नेपाल के नए विदेश मंत्री नियुक्त

**काठमांडू।** लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) बालानंद शर्मा को शुक्रवार को नेपाल का विदेश मंत्री नियुक्त किया गया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में शर्मा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री सुशीला कार्की द्वारा किया गया यह पांचवां मंत्रिमंडल विस्तार है। अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रही कार्की के पास पांच मार्च को आम चुनाव करवाने की जिम्मेदारी है। शर्मा के मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद, कार्की की मंत्री परिषद में संख्या बढ़कर 15 हो गई है।

### जेलेंस्की रविवार को राष्ट्रपति ट्रंप से मिलेंगे

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि वह रविवार को फ्लोरिडा में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि दोनों नेता रविवार की वार्ता के दौरान यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी पर चर्चा करेंगे और विचाराधीन 20 सूत्री योजना लगभग 90 प्रतिशत तैयार है। उन्होंने कहा कि एक आर्थिक समझौते पर भी चर्चा की जाएगी, लेकिन उन्होंने यह पुष्टि करने में असमर्थता जताई कि क्या इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। कहा कि यूक्रेनी पक्ष क्षेत्रीय मुद्दे भी उठाएगा।

### 17 साल बाद पिता की कब्र पर पहुंचे रहमान

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान शुक्रवार को यहां अपने पिता एवं पार्टी के संस्थापक पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की कब्र पर गए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रहमान ब्रिटेन से 17 साल के निर्वासन के बाद स्वदेश लौटे हैं।

# नाइजीरिया में आईएसआईएस पर अमेरिकी हमला, मारे गए आतंकी

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा-ईसाइयों पर हिंसा रोकने के लिए की गई कार्रवाई

- नाइजीरिया पर ईसाईयों पर हो रही हिंसा न रोकने का आरोप

वेस्ट पाम बीच, एजेंसी

अमेरिकी सेना ने क्रिसमस की रात नाइजीरिया में इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के ठिकानों को निशाना बनाते हुए एक शक्तिशाली और घातक हमला किया जिसमें कई आतंकवादियों के मारे जाने का दावा किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई हफ्तों से नाइजीरिया की सरकार पर ईसाइयों के खिलाफ हो रहे अत्याचार रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगाते रहे थे।

क्रिसमस की रात अपने सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले की जानकारी दी, लेकिन इससे हुए नुकसान का विवरण या अन्य जानकारी साझा नहीं की। अमेरिका की अफ्रीका कमांड ने एक्स पर बताया कि यह हमला नाइजीरिया के अधिकारियों के अनुरोध पर सोबोटो प्रांत में किया गया और इनमें आईएसआईएस के कई आतंकवादी मारे गए। कमांड ने कहा, आईएसआईएस के खिलाफ किया गया यह घातक हमला हमारी सेना की ताकत और देश के भीतर व विदेशों में अमेरिकियों के खिलाफ आतंकवादी खतरों को खत्म करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। ट्रंप ने पोस्ट में लिखा कि आज रात, कमांडर-इन-चीफ के रूप में मेरे निर्देश पर अमेरिका ने उत्तर-पश्चिमी नाइजीरिया में आईएसआईएस आतंकियों के खिलाफ एक शक्तिशाली और घातक हमला किया। ये आतंकी कई वर्षों से, खास तौर पर निर्दोष ईसाइयों को निशाना बनाकर बेरहमी से हत्या कर रहे हैं। नाम न उजागर करने की शर्त पर रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका ने नाइजीरिया के साथ मिलकर इस हमले को अंजाम दिया और इस कार्रवाई पर नाइजीरिया सरकार की सहमति हासिल थी। नाइजीरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून, संप्रभुता के लिए पारस्परिक सम्मान और क्षेत्रीय व वैश्विक सुरक्षा के साझा संकल्पों के अनुरूप इस सहयोग के तहत खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान और रणनीतिक समन्वय किया गया।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि किसी भी तरह की आतंकवादी हिंसा नाइजीरिया के मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती है। चाहे वह ईसाइयों, मुसलमानों या किसी अन्य समुदाय के खिलाफ हो।



### नाइजीरिया सरकार ने की हमलों की पुष्टि

**अबुजा।** नाइजीरियाई सरकार ने इस बात की पुष्टि की कि अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों ने मिलकर आईएस के आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता किमिबी एबिएनफा ने कहा कि यह अभियान देश में आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद को खत्म करने के लिए था।

### तुर्किये ने इस्लामिक स्टेट के संदिग्ध आतंकवादी को किया गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्किये के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि नववर्ष के जश्न के दौरान हमला करने की साजिश रच रहे इस्लामिक स्टेट (आईएस) चरमपंथी समूह के एक संदिग्ध सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। आतंकी इब्राहिम बुरताकुचिन को पुलिस और राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी ने दक्षिण-पूर्वी शहर मलात्या में चलाए गए एक संयुक्त अभियान में पकड़ा। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि बुरताकुचिन तुर्किये और विदेशों में कई आईएस समर्थकों के संपर्क में था और संघर्ष क्षेत्रों में जारी लड़ाई में शामिल होने का अवसर तलाश रहा था। अधिकारियों ने उसके घर पर छापेमारी के दौरान आईएस से संबंधित डिजिटल सामग्री और प्रतिबंधित प्रकाशन भी जब्त किए। इस्तांबुल के अभियोजक कार्यालय ने एक दिन पहले बताया था कि तुर्किये अधिकारियों ने इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह के सौ से अधिक संदिग्ध सदस्यों को हिरासत में लिया है, जिसके बाद यह गिरफ्तारी हुई। इन संदिग्ध सदस्यों पर क्रिसमस, नए साल के जश्न के दौरान हमले की साजिश रचने का आरोप है।

## चीन ने लगाया 20 अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध

**बीजिंग।** चीन ने ताइवान को रिकॉर्ड 11.1 अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार बिक्री पैकेज को मंजूरी देने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के फैसले के जवाब में अमेरिका की 20 रक्षा कंपनियों पर शुक्रवार को प्रतिबंध लगा दिया। चीनी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में चेतावनी दी कि ताइवान मुद्दे पर चीन को उकसाने की किसी भी कोशिश का कड़ा जवाब दिया जाएगा। ताइवान को बड़े पैमाने पर हथियारों की बिक्री की ट्रंप प्रशासन की घोषणा के जवाब में चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि बीजिंग ने अमेरिका की रक्षा क्षेत्र की 20 कंपनियों और 10 वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का फैसला किया है, जो हाल के वर्षों में ताइवान को हथियार उपलब्ध कराने में शामिल रहे हैं।

मंत्रालय ने कहा कि ताइवान का मुद्दा चीन के मूल हितों के केंद्र में है और यह चीन-अमेरिका संबंधों की राह में वह पहली लक्ष्मण रेखा है, जिसे पार नहीं किया जाना चाहिए। जो कोई भी इस रेखा को पार करने और ताइवान के मुद्दे पर उकसावे की कार्रवाई करने की कोशिश करेगा, उसे चीन की कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा। मंत्रालय ने अमेरिका से आग्रह किया कि वह एक-चीन सिद्धांत का पालन करे, ताइवान को हथियारों से लैस करने के खतरनाक प्रयास रोके, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति एवं स्थिरता को कमजोर न करे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या पर भारत चिंतित

- विदेश मंत्रालय ने कहा-दोषियों पर शीघ्र की जाए कार्रवाई
- अंतरिम सरकार बनने के बाद हो चुकी हैं 2900 हिंसक घटनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के एक और व्यक्ति की हत्या की निंदा करते हुए कहा है कि घटना में शामिल अपराधियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जानी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां शुक्रवार को कहा कि भारत बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या की घोर निंदा करता है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के बनने के बाद से अब तक हत्या, आगजनी और जमीन हड़पने की 2900 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि भारत की मांग है कि अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाया जाए। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेता तारिक रहमान की बांग्लादेश वापसी पर उन्होंने कहा कि भारत वहां स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेश चुनाव का पक्षधर है। इसके साथ ही भारत स्थिर और शांतिपूर्ण बांग्लादेश चाहता है और अपने इस पड़ोसी देश के साथ संबंधों को मजबूत करना चाहता है।

प्रवक्ता ने कहा कि भारत का मानना है कि चुनाव में सभी दलों की हिस्सेदारी होनी चाहिए। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के दो लोगों की हत्या कर दी गई है। बांग्लादेश में प्रमुख राजनीतिक दल अवामी लीग पर चुनाव लड़ने पर रोक भी लगाई जा चुकी है। इस तनावपूर्ण माहौल में रहमान की वापसी लोगों के लिए आशा की किरण बन कर आई है।



### बांग्लादेश उच्चायोग की ओर किया मार्च

**कोलकाता।** हिंदू समर्थक संगठन हिंदू संहति के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमलों के विरोध में कोलकाता स्थित बांग्लादेश के उप उच्चायोग कार्यालय तक रैली निकाली और वहां के अधिकारियों को छह सूत्री मांगपत्र सौंपा। संगठन के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी से मुलाकात कर अपनी मांगें सौंपीं। इनमें 18 दिसंबर को मेमनसिंह में दीपू चंद्र दास की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा देने तथा अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग शामिल है।

# भारत ने एच1बी वीजा साक्षात्कार रद्द किए जाने पर अमेरिका के समक्ष व्यक्त की चिंता

- देश की संप्रभुता से जुड़े होते हैं वीजा संबंधी मुद्दे : जायसवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने शुक्रवार को कहा कि उसने बड़ी संख्या में भारतीय आवेदकों के पूर्व निर्धारित 'एच1बी वीजा' साक्षात्कार रद्द किए जाने पर अमेरिका के समक्ष चिंता व्यक्त की है और दोनों पक्ष इस मुद्दे पर बातचीत कर रहे हैं।

देश में इस महीने के मध्य से होने वाले हजारों एच-1बी वीजा आवेदकों के साक्षात्कार को उनके सोशल मीडिया पोस्ट और ऑनलाइन प्रोफाइल की जांच करने के नाम पर अचानक कई महीनों के लिए स्थगित कर दिया गया है।

जिन आवेदकों के वीजा के लिए अपॉइंटमेंट पिछले सप्ताह निर्धारित थे, उनमें से कुछ को अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों से ईमेल प्राप्त हुआ है, जिसमें उन्हें सूचित किया गया है कि उनके साक्षात्कार अगले साल मई तक के लिए स्थगित कर दिए गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत सरकार को उन भारतीय नागरिकों से कई शिकायतें मिली हैं जिन्हें अपने वीजा अपॉइंटमेंट को पुनर्निर्धारित करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वीजा संबंधी मुद्दे किसी भी देश की संप्रभुता से जुड़े होते हैं। जायसवाल ने कहा कि हमने इन मुद्दों और अपनी चिंताओं को अमेरिकी पक्ष के समक्ष उठाया है।




## मेक्सिको में पलटी बस, 10 की मौत 32 लोग घायल

**मेक्सिको सिटी।** पूर्वी मेक्सिको के वेराक्रूज़ राज्य के ज़ोंटेकोमाटलान नगर पालिका में एक बस खाई में गिर जाने से 10 लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। ज़ोंटेकोमाटलान नगर पालिका ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर कहा कि इस दुर्घटना में 9 वयस्क और एक नाबालिग की मौत हो गई। अधिकारी मृतकों की पहचान की पुष्टि करने में जुटे हैं। बचाव कर्मियों ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब कोनेक्सियन कंपनी की बस उत्तरी वेराक्रूज़ की सड़क पर नियंत्रण से बाहर हो गई।

# कनाडा में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

- टोरंटो विवि के पास हुई घटना पुलिस कर रही जांच

टोरंटो, एजेंसी

कनाडा में टोरंटो विश्वविद्यालय के स्कारबोरो परिसर के पास 20 वर्षीय भारतीय शोध (डॉक्टरेट) छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस मामले में हत्या के पहलू से जांच कर रही है। कनाडाई ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की खबर के अनुसार, गोलीबारी की यह घटना मंगलवार को हुई।

टोरंटो पुलिस ने बुधवार को मृतक की पहचान शिवांक अवस्थी के रूप में की है। ड्यूटी इंस्पेक्टर जेफ एलिंगटन ने मंगलवार रात को घटनास्थल के पास पत्रकारों को बताया कि पुलिस को आज दोपहर करीब साढ़े तीन बजे हाइलैंड क्रीक ट्रेल और ओल्ड किंग्स्टन रोड के पास एक घायल व्यक्ति के पड़े होने की सूचना मिली थी। खबर के मुताबिक, जब अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने व्यक्ति को पाया, जिसे गोली लगी थी और उसे घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस इस मामले की जांच हत्या के रूप में कर रही है।

## भारतवंशी मंजुला सूद का 80 की उम्र में ब्रिटेन में निधन


**लंदन।** ब्रिटेन के लीसेस्टर शहर से भारतीय मूल की प्रमुख महिला नेताओं में शुमार मंजुला सूद का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। सूद का जन्म लुधियाना में हुआ था। गुरुवार को उनके निधन की खबर सामने आते ही लेबर पार्टी समेत अन्य दलों के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। सूद ने लीसेस्टर की पहली महिला लॉर्ड मेयर में से एक के रूप में सेवा दी और पूर्वी इंग्लैंड के इस शहर में सामुदायिक कार्यों के लिए उन्हें तत्कालीन महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय द्वारा एमबीई सम्मान से नवाजा गया।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 दिसंबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी 13 .09 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।

**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-पूर्व भाद्रपद 09 .09 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं। आवश्यक न हो तो लंबी यात्रा न ही करें। सामाजिक कार्यों में न चाहते हुये भी सम्मिलित होना पड़ सकता है। अपनी क्षमता से अधिक खर्च का बजट न बनाएं। निर्णय लेने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं।

**वृष** — आज आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। युवा साथी अपने प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। वैवाहिक जीवन बेहद रोमांटिक रहेगा। कार्यक्षेत्र में सम्मान व आर्थिक लाभ दोनों प्राप्त होगा।

**मिथुन** — आज शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है। व्यवसाय में वृद्धि के लिए निवेश कर सकते हैं। पुराने संपर्क से लाभ होगा। एकाग्रचित्त होकर अपने काम पर ध्यान दें। अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव ला सकते हैं।

**कर्क** — आज व्यापार को लेकर नए अनुबंध हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आपकी राय व विचारों को लोग काफी महत्व देंगे। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। आंखों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**सिंह** — आज नया काम शुरु न करें। सहकर्मियों से अनबन हो सकती है। दांपत्य संबंधों में अविश्वास की परिस्थिति उत्पन्न न होने दें। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी मामलों में घिरने की आशंका है।

**कन्या** — आज आपकी परियोजनाएं समय पर पूर्ण होंगी। कारोबार में अभिनव प्रयोग करना लाभकारी हो सकता है। पहले की गई मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त होगा। प्रेम विवाह को परिवार की सहमति मिल सकती है।

**तुला** — आज आपको अपने काम के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ेगा। संपत्ति विवादों में समझौता हो सकता है। कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान करेंगे। दवाइयों के कारोबार से जुड़े लोगों के लिए दिन जबरदस्त है। सहकर्मी आपकी मदद करेंगे।

**वृश्चिक** — आज अध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोग किसी साधना को लेकर विचारशील रहेंगे। आपके विनम्र व्यवहार के कारण व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे। आपको अव्यवहारिक निर्णय लेने से आपको बचना चाहिए। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी।

**धनु** — आज उत्तम जीवनशैली का आनंद लेंगे। शाम को किसी कारणवश घर में झगड़ा हो सकता है। नकारात्मक विचारों के कारण काम में मन नहीं लगेगा। पुराने लोन के कारण थोड़े चिंतित हो सकते हैं। शांत और धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें।

**मकर** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में सहयोगियों के माध्यम से धन लाभ हो सकता है। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की संभावना बन रही है।

**कुंभ** — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। योग व प्राणायाम से मन को संतुलित करें। भ्रामक विचारों के कारण गलत निर्णय ले सकते हैं। शरीर में ऊर्जा में कमी महसूस करेंगे। कुंठित यौन आकर्षण आपके काम में बाधा बन सकते हैं।

**मीन** — आज नई नौकरी ढूंढ रहे लोगों को सफलता मिल सकती है। लोग आपके व्यक्तित्व से आकर्षित रहेंगे। व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा। अनुभवी लोगों की राय से लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

## सुडोकू -14

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | | | | 3 | 9 | |
| | | | 6 | | | 8 | | |
| 3 | 8 | 6 | | | 5 | | | 7 |
| | 1 | | | 8 | 9 | | | |
| | 2 | 5 | | | | 1 | 8 | |
| | | | 1 | 7 | | | 3 | |
| 9 | | | 3 | | | 6 | 1 | 5 |
| | | 4 | | | 1 | | | |
| | 5 | 8 | | | | 2 | 4 | |

### सुडोकू - 13 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 5 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 |
| 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 8 | 1 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 8 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 3 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 |






# स्टेडियम

लखनऊ, शनिवार, 27 दिसंबर 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### कृष्णा विश्व रैपिड चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**दोहा।** किशोर अंतर्राष्ट्रीय मास्टर कृष्णा गौतम लगातार तीन जीत के साथ अप्रत्याशित रूप से संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए जबकि डी. गुकेश और आर. प्रज्ञानानंदा जैसे दिग्गज भारतीय खिलाड़ियों ने शुक्रवार को यहां फिडे विश्व रैपिड चैंपियनशिप में अपने अभियान की धीमी लेकिन स्थिर शुरुआत की। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उपविजेता सहित कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल करने वाले केरल के 15 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती तीनों राउंड में पूरे अंक अर्जित करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

### जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप 31 से

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में 31 दिसंबर से चार जनवरी तक 44वीं जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा जिसमें लगभग 35 लड़कों और इतनी ही लड़कियों की टीम हिस्सा लेंगी। लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, पुडुचेरी, चंडीगढ़, दादरा एवं नगर हवेली और दिल्ली सहित विभिन्न केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें भी इस चैंपियनशिप में भाग ले रही हैं। टीमों को आठ-आठ ग्रुप में विभाजित किया गया है। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा यह खो-खो का एक उत्सव है जिसमें देशभर से युवा प्रतिभाएं खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं।

### युवराज संधू 64 के कार्ड से शीर्ष पर पहुंचे

**जमशेदपुर।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू ने शुक्रवार को पीजीटीआई के सत्र के अंतिम टूर्नामेंट टाटा ओपन के दूसरे दौर मे आठ अंडर 64 का शानदार कार्ड खेलकर लीडरबोर्ड में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। संधू (67-64) ने दो दौर के बाद कुल 11-अंडर 131 का स्कोर बना लिया है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों पर तीन शॉट की बढ़त हासिल की।

# भारतीय महिला टीम ने बनाई अजेय बढ़त

## तीसरे टी-20 मैच में श्रीलंका को 8 विकेट से परास्त किया, रेणुका और दीप्ति के बाद शेफाली भी चमकीं

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रेणुका सिंह ठाकुर और दीप्ति शर्मा की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (नाबाद 79 रन) के लगातार दूसरे अर्धशतक से शुक्रवार को यहां तीसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को 40 गेंद रहते आठ विकेट से हराकर पांच मैच की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली।

भारत ने विशाखापत्तनम में पहले दो टी-20 मैच क्रमशः आठ और सात विकेट से जीते थे। हरमनप्रीत कौर इसके साथ ही टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली कप्तान बन गई। हरमनप्रीत की अगुवाई में 130 मैचों में भारत की यह 77वीं जीत है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मैग लानिंग (100 मैचों में 76 जीत) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। तेज गेंदबाज रेणुका (चार ओवर में एक मेडन से 21 रन देकर चार विकेट) ने टीम में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया जबकि ऑलराउंडर दीप्ति 18 रन देकर तीन विकेट लेने के साथ टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की मेगान शट के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं जिससे श्रीलंका की टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 112 रन ही बना सकी।

लक्ष्य बड़ा नहीं था और स्मृति मंधाना (01) के जल्दी आउट होने के बावजूद शेफाली ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए हरमनप्रीत (नाबाद 21 रन) के साथ टीम को 13.2 ओवर में दो विकेट पर 115 रन तक पहुंचाकर आसान जीत दिलाई। शेफाली ने लगातार दूसरा अर्धशतक जड़ा और अपनी 42 गेंद की पारी के दौरान 11 चौके और तीन छक्के जड़े। भारत ने पहला विकेट चौथे ओवर में मंधाना के रूप में गंवाया जो छह गेंद ही खेल पाईं थी। वह कविशा दिलहारी की गेंद पर पगबाधा आउट हुईं। जेमिमा रोड्रिग्स (09) क्रीज पर जमने की कोशिश में दिलहारी की गेंद पर बोल्ड होकर उनका दूसरा शिकार बनीं। हालांकि इसके बाद शेफाली ने आराम से टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। पिछले साल दिसंबर के बाद अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहीं रेणुका ने नई गेंद से श्रीलंका के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए मुकाबले की लय भारत के पक्ष में कर दी। भरोसेमंद खिलाड़ी दीप्ति ने भी अहम मौकों पर विकेट लेकर बेहतरीन सहयोग दिया और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 151वां विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की मेगान शट के साथ बराबरी पर पहुंच गईं। सीरीज में बने रहने की कोशिश में श्रीलंका की हसिनी परेरा (25) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई और रेणुका के पहले ओवर में दो चौके लगाकर 12 रन बटोरे। परेरा ने संयम से खेलते हुए विकेटकीपर के ऊपर से स्कूप शॉट खेलकर अपना चौथा चौका भी लगाया। कप्तान चामरी अटापट्टू (03) स्ट्राइक रोटेट करने में जूझती रहीं। लेकिन भारत ने जल्द ही वापसी की। दीप्ति ने अहम सफलता दिलाई जब अटापट्टू आगे बढ़कर खेलने की कोशिश में गेंद पर बल्ले का किनारा छुआकर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को कैच दे बैठीं। इसके बाद रेणुका ने अपने दूसरे स्पेल में छठे ओवर में दोहरा झटका दिया। उन्होंने पहले फॉर्म में चल रहीं परेरा को आउट किया और फिर हर्षिता समरविक्रमा (02) को अपनी ही गेंद पर कैच लेकर पैवेलियन भेजा।



श्रीलंका को सस्ते में समेटने के बाद जश्न मनातीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य। एजेंसी

**40** गेंद रहते आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में भारत ने 3-0 से निर्णायक बढ़त बनाई

**130** मैच कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में खेले गए जिसमें भारत की यह 77वीं जीत है

**79** रनों की नाबाद पारी खेली शेफाली वर्मा ने 42 गेंदों में जिसमें 11 चौके व 3 छक्के शामिल हैं

### दीप्ति संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं

दीप्ति शर्मा महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की मेगान शट के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। उनके नाम 151 हो गए हैं। दीप्ति ने 131 मैचों में 18.73 के औसत और 18.43 के स्ट्राइक रेट से 151 विकेट पूरे किए। वहीं मेगान शट ने यह आंकड़ा आठ मैच कम खेलकर हासिल किया था जिसमें उनका औसत 17.70 और स्ट्राइक रेट 16.57 है। दीप्ति ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि अपने अंतिम ओवर में माल्शा शेहानी को आउट करके हासिल की। इस सफलता के साथ दाएं हाथ की ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज भी बन गईं। अब उनके नाम कुल 333 अंतर्राष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। इस सूची में झूलन गोस्वामी 355 विकेट के साथ शीर्ष पर हैं जबकि कैथरीन साइवर ब्रंट 335 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं।

### टीम के प्रदर्शन से खुश हूं: हरमनप्रीत

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वह टीम के 'ओवरऑल' प्रदर्शन से खुश हैं। हरमनप्रीत ने पुरस्कार वितरण समारोह में कहा यह हम सभी के लिए एक शानदार श्रृंखला रही। वनडे विश्व कप के बाद हमने इसी बारे में बात की थी कि हमें अपना स्तर बढ़ाना होगा और टी-20 में ज्यादा आक्रामक होना होगा क्योंकि इस प्रारूप का विश्व कप आने वाला है।



ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स कैरी को आउट करने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के बेन स्टोक्स।

# मेलबर्न टेस्ट में पहले दिन रिकॉर्ड 20 विकेट गिरे

**मेलबर्न, एजेंसी**

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | 152/10 |
| इंग्लैंड (पहली पारी) | 110/10 |
| ऑस्ट्रेलिया (दूसरी पारी जारी) | 4/0 |

ऑस्ट्रेलियाई टीम 152 रन पर आउट हो गई, लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड पर पहली पारी में 42 रन की बढ़त बना ली और चौथे एशेज टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकॉर्ड 20 विकेट गिर गए।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट के लिए रिकॉर्ड 94199 दर्शक पहुंचे थे, जबकि पिछला रिकॉर्ड 93013 का था जो आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 2015 विश्व कप फाइनल के दौरान दर्ज किया गया था। आस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के चार रन बनाये थे और उसके पास अब 46 रन की बढ़त है।

जोश टंग ने 45 रन देकर पांच विकेट लिये और टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड ने मेजबान टीम को सस्ते में आउट कर दिया। जवाब में इंग्लैंड की टीम 29.5 ओवर में 110 रन पर आउट हो गई। माइकल नेसेर ने 45 रन देकर चार विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले तीन टेस्ट जीतकर सीरीज 11 दिन के भीतर ही अपने नाम कर ली है। आस्ट्रेलिया ने पहले छह ओवर में 27 रन बनाये। इसके बाद ट्रेविस हेड (12) को गुस एटकिंसन ने सस्ते में आउट किया। टंग ने जेक वेदराल्ड (10) को पवेलियन भेजा और उनका अगला शिकार मार्नस लाबुशेन (छह) बने जो पहली स्लिप में कैच देकर लौटे। आस्ट्रेलिया के तीन विकेट 34 रन पर गिर गए थे। कप्तान स्टीव स्मिथ को टंग ने जब आउट किया तब स्कोर 51 रन था। अनुभवी उस्मान ख्वाजा 29 रन बनाकर एटकिंसन की गेंद पर आउट हुए। उस समय स्कोर पांच विकेट पर 89 रन था और दो रन बाद एलेक्स कैरी ने गली में कैच थमा दिया। नेसेर (35) और कैमरन ग्रीन (17) ने 52 रन की साझेदारी की पर ग्रीन के रन आउट होने पर यह साझेदारी टूट गई। टंग ने नेसेर और स्कॉट बोलैंड (0) को अपने 12वें ओवर की पहली दो गेंदों पर आउट किया। जवाब में इंग्लैंड ने पांचवें ओवर में तीन विकेट आठ रन पर गंवा दिए थे।

# रिंकू सिंह ने 56 गेंदों पर जड़ा शतक

**विजय हजारे ट्रॉफी**

- उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ को 227 रनों से हराया

**राजकोट, एजेंसी**

टी-20 विश्व कप से पहले उत्तर प्रदेश के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह ने विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप बी मैच में चंडीगढ़ के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक जड़ा।

रिंकू ने महज 60 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाकर अपनी टीम को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप बी मुकाबले में 4 विकेट के नुकसान पर 367 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया जिसके जवाब में चंडीगढ़ की टीम 29.3 ओवर में 140 रन पर लुढ़क गई। यूपी की तरफ से जीशान अंसारी ने 29 रन देकर चार विकेट लिए। आर्यन जुयाल को उनकी 134 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले रिंकू ने चौकों और छक्कों की बारिश करते हुए 11 चौके और 4 गगनचुंबी छक्के लगाए। रिंकू के अलावा आर्यन जुयाल ने भी शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 134 रन की तेज पारी खेली।



रिंकू सिंह। एजेंसी

### रोहित शून्य पर लुढ़के लेकिन मुंबई जीती

**जयपुर:** रोहित शर्मा के पहली गेंद पर खाता खोले बगैर आउट होने के बावजूद मुंबई ने विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप सी मैच में उत्तराखंड को 51 रनों से शिकस्त दी। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बदौलत सात विकेट पर 331 रन बनाये। जवाब में उत्तराखंड की टीम नौ विकेट पर 280 रन ही बना सकी।

### रघुवंशी को लगी चोट, अस्पताल ले जाया गया

**जयपुर:** मुंबई के सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी को शुक्रवार को उत्तराखंड के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच के दौरान एक मुश्किल कैच लेने की कोशिश में कंधे, गर्दन और सिर में चोट लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया। हालांकि 21 वर्षीय रघुवंशी को जांच के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और स्कैन में कोई गंभीर चोट सामने नहीं आने के बाद वह टीम होटल लौट आए हैं। यह घटना पारी के 30वें ओवर में हुई जिसमें ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान गेंदबाजी कर रहे थे। दाएं हाथ के बल्लेबाज सौरभ रावत ने स्लॉग-स्वीप खेलने की कोशिश की और डीप मिडविकेट पर खड़े रघुवंशी कैच पकड़ने के लिए तेजी से दौड़ते हुए आगे बढ़े। उन्होंने एक हाथ से गेंद को लपकने का प्रयास किया लेकिन यह सफल नहीं रहा और वह गिर पड़े जिससे उनके कंधे में चोट लगी और सिर जमीन से टकरा गया।

### विराट और पंत के अर्धशतक, दिल्ली की रोमांचक जीत

**बेंगलुरुः** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (77) के लगातार दूसरे अर्धशतक और कप्तान ऋषभ पंत (70) की शानदार पारियों की बदौलत दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को सात रन से रोमांचक जीत दर्ज की।

दिल्ली ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 254 रन बनाने के बाद गुजरात को 47.4 ओवर में 247 रन पर निपटा दिया। विराट कोहली को 77 रन और दो कैचों के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले विराट ने इस मुकाबले में अपनी फॉर्म जारी रखते 61 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 77 रन बनाये जबकि पंत ने 79 गेंदों पर 70 रन में आठ चौके और दो छक्के लगाए। हर्ष त्यागी ने 40 और सिमरजीत सिंह ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया।

गुजरात की तरफ से विशाल जायसवाल ने 42 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट लिए।





**हॉकी**

# भारतीय हॉकी टीम के लिए कठिन रहा वर्ष

## महिला टीम का प्रदर्शन बेहद चिंताजनक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पिछले साल ओलंपिक कांस्य झोली में डालने के बाद 2025 भारतीय हॉकी के लिए कुछ खास नहीं रहा। हालांकि पुरुष टीम ने लगभग एक दशक बाद एशिया कप जीता, लेकिन महिला टीम के प्रदर्शन में निरंतर गिरावट चिंता का सबब बनी हुई है।

भारतीय हॉकी का यह शताब्दी वर्ष भी है, लेकिन आठ बार की ओलंपिक चैम्पियन टीम के लिए वर्ष 2025 में कुछ भी असाधारण नहीं रहा। इस वर्ष भारतीय हॉकी की सबसे बड़ी उपलब्धि पुरुष टीम की राजगीर में एशिया कप में जीत रही जहां आठ साल बाद खिताब जीतकर उसने अगले साल 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले एफआईएच विश्व कप का टिकट कटाया।

भारतीय टीम ने एक बार फिर उपमहाद्वीप में दबदबा बनाया और सबसे अच्छी बात यह रही कि 15 गोल दागे जबकि सिर्फ दो गंवाए। फाइनल में भारत ने गत चैम्पियन दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया, जिसमे दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह और अमित रोहिदास ने गोल किए।

इससे पहले एफआईएच प्रो लीग में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। हरमनप्रीत सिंह की टीम नौ टीमों में आठवें स्थान पर रही और नीचे खिसकने से बाल बाल बची है। घरेलू चरण में भुवनेश्वर में पांच मैच जीतने के बाद यूरोपीय चरण में लगातार सात मैच गंवाए।

अजलन शाह कप में भारत की युवा टीम ने रजत पदक जीता। छह साल बाद टूर्नामेंट खेल रही भारतीय टीम फाइनल में दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से एक गोल से हारी। लेकिन नए कप्तान डिफेंडर संजय के साथ युवा टीम गई थी जिसमे हरमनप्रीत और मनप्रीत जैसे सीनियर नहीं थे।

पुरुष जूनियर टीम ने इस महीने चेन्नई में जूनियर हॉकी विश्व कप में नौ साल बाद कांस्य पदक जीता। कांस्य के मुकाबले में अर्जेंटीना से दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए भारत ने 4-2 से जीत दर्ज की। भारत की नजरें अब अगले साल विश्व कप के अलावा जापान में एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में सीधे जगह बनाने पर लगी होंगी।



एशिया कप के दौरान भारतीय टीम। एजेंसी

### प्रो लीग में महिला टीम 11 बार हारी

दूसरी ओर टोक्यो ओलंपिक 2021 में चौथे स्थान पर रहने के बाद महिला टीम का प्रदर्शन लगातार खराब हुआ है और पिछले साल टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। इस साल भी कहानी कमोबेश वही रही। प्रो लीग में टीम दो जीत और 11 हार (लगातार आठ) के बाद आखिरी स्थान पर रही और दूसरे दर्जे की स्पर्धा एफआईएच नेशंस कप में खिसक गई। अब यह टूर्नामेंट जीतकर ही टीम 2026-27 में एफआईएच प्रो लीग में लौट सकेगी। वहीं सितंबर में एशिया कप फाइनल में चीन से 1-4 से हारकर अगले साल विश्व कप में भी सीधे जगह नहीं बना सकी।



### विरोध के बाद मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को देना पड़ा इस्तीफा



साल के आखिर में टीम पर विवादों का साया भी पड़ा जब मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को 'तानाशाहीपूर्ण और पुरानी' कोचिंग शैली के आरोपों के कारण इस्तीफा देना पड़ा। हॉकी इंडिया ने हालांकि कहा कि खराब नतीजों के कारण यह फैसला लिया गया है। जूनियर महिला टीम सैंटियागो में विश्व कप में दसवें स्थान पर रही। जूनियर टीम के एक कोचिंग स्टाफ पर भी यौन कदाचार के आरोप लगे जिसे बाद में हॉकी इंडिया ने आंतरिक जांच के बाद क्लीन चिट दे दी। इस पृष्ठभूमि में भारतीय महिला टीम की राह आसान नहीं दिख रही। तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर ले जाने वाले कोच शोर्ड मारिन की वापसी लगभग तय है लेकिन उनके सामने पहली चुनौती मार्च में भारत में होने वाला विश्व कप क्वालीफायर जीतकर खोया आत्मविश्वास लौटाने और ड्रेसिंग रूम का विश्वास जीतने की होगी।

**रोमांच का आगाज**

**उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग सीजन -2 प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ**

# नोएडा निंजास ने कानपुर वारियर्स को मात दी

**नोएडा, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा इनडोर स्टेडियम में देर रात गुरुवार को उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, अकस्मात शुरू हुए देर रात कबड्डी प्रतियोगिता का पहला मुकाबला नोएडा निंजास और कानपुर वारियर्स के बीच हुआ जहां नोएडा निंजास ने कानपुर वारियर्स के 39-36 से मात देकर जीत दर्ज की।

उत्तर प्रदेश कबड्डी सीजन दो प्रतियोगिता के आयोजकों द्वारा शुक्रवार को जानकारी दी गई कि उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता की शुरुआत गत बुधवार को होना था, जिसके लिए आयोजकों द्वारा जिला प्रशासन एवं खेल संबंधी प्रशासन से अनुमति में देरी होने के चलते ये समस्या सामने आई जिस कारण जिला प्रशासन द्वारा बढ़ते प्रदूषण के स्तर पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान चतुर्थ के अंतर्गत पाबंदियों अथवा निर्देशों का हवाला देते हुए कबड्डी खेल आयोजन को स्थगित कर दिया गया था,जो 24 दिसंबर तय तारीख के मुताबिक आयोजित नहीं की जा सकी, अथवा कुछ समय पश्चात जिला प्रशासन के जारी निर्देशों के अनुपालन के तहत कबड्डी खेल परिसर में एयर प्यूरिफायर और मास्क लगाने की अनिवार्य शर्त पर आयोजन के लिए मंजूरी दे दी गई। विभिन्न राज्यों एवं अन्य जगहों से आए कबड्डी खिलाड़ियों को थोड़ी दिक्कतों का सामना हुआ, लेकिन देर रात खेल की मंजूरी प्राप्त होते ही सभी खिलाड़ी उत्साहपूर्वक कबड्डी खेल की तैयारी में जुट गए।



### 12 टीमें कर रहीं मुकाबला, फाइनल 10 जनवरी को

उप्र कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता में 69 मुकाबले निर्धारित हैं, जिसमें 12 टीम राउंड रोबिन आधार पर एक दूसरे के बीच सूचीबद्ध 11-11 मुकाबले खेलेंगी, फाइनल मैच 10 जनवरी को होना निर्धारित है। परंतु एक दिन के देरी से शुरू हुई प्रतियोगिता के फाइनल मैच के लिए एक दिन अतिरिक्त लग सकता है। लीग में 10 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रतिभाग कर अपना हुनर दिखाएंगे। शुक्रवार शाम को कानपुर वॉरियर्स बनाम अवध रामदूत, मिर्ज़ापुर गंगा किंग्स बनाम काशी किंग्स, लखनऊ लायंस बनाम पूर्वांचल पैंथर्स, अलीगढ़ टाइगर्स बनाम संगम चैलेंजर्स के बीच मुकाबला होगा।